seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

आज कुरवा चौथ

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 296 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, गुरुवार, 29 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com

न्यूज इन ब्रीफ

दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर, 64 की मौत

मैड्रिड। स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई-स्पीड ट्रेनों की भीषण टक्कर में कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की संख्या बढ़ने की संख्या बढ़ने की सम्भावना है। हादसा उर्दा रेलवे स्टेशन के पास मैड्रिड को आंदालुसिया क्षेत्र से जोड़ने वाले रेल मार्ग पर हुआ। स्थानीय मीडिया के अनुसार, दुर्घटना में रेनफे एवीई सेवा और निजी कंपनी इर्यो की ट्रेनें शामिल थीं। दोनों ट्रेनों में कुल 544 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इर्यो ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरकर ढलान पर जा गिरे। हादसे की सूचना सुबह 8:54 बजे मिलते ही आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। तीन चिकित्सा हेलीकॉप्टर, दमकल दल और नागरिक सुरक्षा कर्मियों को राहत कार्य में लगाया गया है। घायलों को निकालने और पीड़ितों की मदद का काम जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रेनफे ट्रेन के पीछे से इर्यो ट्रेन से टकराने की आशंका है।



दिल्ली में राष्ट्र वंदनम् कार्यक्रम आज

नई दिल्ली। आरएसएस 29 नवंबर को दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-23 स्थित समरसता स्थल पर 'राष्ट्र वंदनम्' जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें सरसंघचालक मोहन भागवत शामिल होंगे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अधिकारी, खिलाड़ी, समाजसेवी और नागरिक समाज के प्रतिनिधि आमंत्रित कि ए जाएंगे। आरएसएस के पारंपरिक बैंड 'जय घोष' की प्रस्तुति के साथ नशामुक्ति अभियान भी शुरू किया जाएगा।



मोदी मंत्रिमंडल का फैसला; 1 जुलाई 2026 से लागू होंगी नई दरें, 48.54 लाख कर्मचारी और 68.71 लाख पेंशनभोगी होंगे लाभान्वित

केन्द्रीय कर्मचारियों को दीपावली का तोहफा: महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले के बाद डीए और डीआर की दर 60 प्रतिशत से बढ़कर 63 प्रतिशत हो गई है। नई दरें 1 जुलाई 2026 से प्रभावी होंगी। सरकार ने इस बढ़ोतरी के लिए 10,016 करोड़ रुपये



का प्रावधान किया है। इस निर्णय से 48.54 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.71 लाख पेंशनभोगियों, यानी कुल 1.17 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। सरकार वर्ष में दो बार, जनवरी और जुलाई में, महंगाई के प्रभाव को देखते हुए डीए और डीआर की दरों की समीक्षा करती है।

कितना होगा इजाफा?

डीए में 3 प्रतिशत वृद्धि का सीधा असर कर्मचारियों की मासिक आय पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी कर्मचारी का मूल वेतन 30,000 रुपये है, तो पहले उसे 18,000 रुपये डीए मिलता था। अब 63 प्रतिशत की दर से यह बढ़कर 18,900 रुपये हो जाएगा। यानी हर महीने 900 रुपये की अतिरिक्त राशि मिलेगी। अधिक मूल वेतन वाले कर्मचारियों को इससे अधिक लाभ होगा।

क्या है महंगाई भत्ता?

महंगाई भत्ता सरकारी कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई के प्रभाव से राहत देने के लिए मूल वेतन के प्रतिशत के रूप में दिया जाता है। इसी प्रकार पेंशनभोगियों को महंगाई राहत (डीआर) मिलती है। नई दर लागू होने से पात्र कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को एरियर का भी लाभ मिलेगा। हालांकि कर्मचारी संगठनों ने डीए की गणना हर छह महीने के बजाय तीन महीने के आधार पर करने तथा डीए को मूल वेतन में विलय करने की मांग दोहराई है। सरकार ने फिलहाल इन मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

वेतन मैट्रिक्स के अनुसार मासिक लाभ

- लेवल-1 (18,000 रु.): 540 रु.
- लेवल-6 (35,400 रु.): 1,062 रु.
- लेवल-10 (56,100 रु.): 1,683 रु.
- लेवल-12 (78,800 रु.):2,364 रु.
- लेवल-14 (1,44,200 रु.): 4,326 रु.
- लेवल-18 (2,50,000 रु.): 7,500 रु.

बार एसोसिएशन ने किया था बहिष्कार का ऐलान, कोर्ट रूम में मचा हंगामा

हाईकोर्ट में वकीलों का हंगामा, जस्टिस भनोट की अदालत में फेंकी गई कुर्सियां

प्रयागराज।

इलाहाबाद हाई कोर्ट में बुधवार को जस्टिस अजय भनोट की अदालत में वकीलों के विरोध प्रदर्शन के दौरान भारी हंगामा हो गया। आरोप है कि गुस्साए वकीलों ने कोर्ट रूम में नारेबाजी करते हुए जज के आसन की ओर कुर्सियां और अन्य फर्नीचर फेंक दिए। हालांकि, इससे पहले ही जस्टिस भनोट कोर्ट रूम से बाहर निकल चुके थे।



■ वकील से कथित दुर्व्यवहार का आरोप

मामला मंगलवार को शुरू हुआ था, जब इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि जस्टिस भनोट ने एक वकील के साथ दुर्व्यवहार किया। बार एसोसिएशन के अनुसार, एक वकील ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) के वकीलों के लिए निर्धारित स्थान पर बैठने पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद कथित तौर पर वकील को एसपी से माफी मांगने के लिए कहा गया। एसोसिएशन का आरोप है कि अदालत में पुलिस अधिकारियों और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारियों के लिए अलग कुर्सियां लगाई जा रही थीं। इसी दौरान वकील और अदालत के बीच विवाद की स्थिति बनी।

कोर्ट रूम में हुई नारेबाजी

बुधवार को सुनवाई शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में वकील जस्टिस भनोट की अदालत के बाहर जुट गए। जब जस्टिस भनोट, जस्टिस दिवेश चंद्र सामंत के साथ कोर्ट रूम में बैठे थे, तभी वकीलों ने नारेबाजी शुरू कर दी। विरोध बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आरोप है कि कुछ वकीलों ने कोर्ट रूम में रखे फर्नीचर और कुर्सियां जज के आसन की ओर फेंक दीं। घटना के बाद अदालत परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। मामले को लेकर हाई कोर्ट प्रशासन और बार एसोसिएशन की ओर से आगे की कार्रवाई पर नजर रखी जा रही है।

■ बार एसोसिएशन ने दी थी बहिष्कार की चेतावनी

घटना के बाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश से मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। एसोसिएशन ने चेतावनी दी थी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जस्टिस भनोट की अदालत का बहिष्कार किया जाएगा।

भक्ति में भी बदलता है ट्रेंड : धीरेन्द्र शास्त्री



शिवपुरी। बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शिवपुरी के करैरा में चल रही श्रीराम कथा के दौरान धर्म और आस्था के बदलते स्वरूप पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि समय के साथ लोकप्रिय धार्मिक स्थलों और संतों के प्रति लोगों का आकर्षण बदलता रहता है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि पहले साईं बाबा के दरबार की चर्चा थी, फिर खाटू श्याम बाबा लोकप्रिय हुए और अब नीम करोली बाबा का नाम देश-दुनिया में चर्चित है। उन्होंने कहा कि संसार में कुछ भी स्थायी नहीं होता, इसलिए मनुष्य को उपलब्धियों पर अहंकार नहीं करना चाहिए।

बैलेट पेपर से कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं : मोदी

एमएलसी चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ, चार राज्यों की 28 में से एक भी सीट नहीं मिली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएलसी चुनाव में कांग्रेस की हार पर तंज कसते हुए कहा, 'चार बड़े राज्यों की 28 सीटों पर चुनाव बैलेट पेपर से हुए। अंदाजा लगाइए कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं?' पीएम मोदी ने एक्स पर यह टिप्पणी कांग्रेस की उस मांग के बीच की, जिसमें पार्टी ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करती रही है। यूपी, बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्र में हुए एमएलसी चुनाव के नतीजों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। खासतौर पर कर्नाटक में, जहां उसकी सरकार है, पार्टी चारों सीटें हार गई। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने



पांच और सपा ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बैलेट पेपर से हुए चुनाव में भाजपा ने कर्नाटक की सभी चार सीटें जीती हैं।

दिवाली पर 4 नवम्बर से 12 दिन बंद रहेंगे स्कूल

जयपुर। राजस्थान बोर्ड के स्कूलों में 4 नवंबर से 15 नवंबर तक अवकाश रहेगा। छुट्टियां समाप्त होने के बाद 16 नवंबर से स्कूलों में पढ़ाई और दूसरी शैक्षणिक गतिविधियां दोबारा शुरू होंगी।

कर्मचारी संघ की चेतावनी; दीपावली से पहले बोनस न मिला तो आंदोलन

जयपुर। दीपावली नजदीक आते ही सरकारी कर्मचारियों के बोनस और उपार्जित अवकाश (पीएल) के भुगतान को लेकर मांग तेज हो गई है। राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने राज्य सरकार से कर्मचारियों को दीपावली से पहले बोनस का एकमुश्त भुगतान करने और उपार्जित अवकाश के भुगतान पर जल्द निर्णय लेने की मांग की है। महासंघ प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि त्योहार नजदीक होने के बावजूद सरकार ने अभी तक बोनस को लेकर घोषणा नहीं की है। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात कर बोनस की मांग रखी थी, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। कर्मचारियों के हित में तत्काल निर्णय लेकर बोनस राशि एकमुश्त खातों में जमा कराने की घोषणा की जाए। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से बोनस का भुगतान किस्तों में किया जा रहा है, जो कर्मचारियों के हित में नहीं है। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बोनस और उपार्जित अवकाश भुगतान को लेकर सकारात्मक फैसला नहीं लिया गया तो कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ सकती है। संगठन ने कहा कि कर्मचारी पूरे वर्ष सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बोनस देना कानूनी जिम्मेदारी : दीपावली पर कंपनी का अलग से त्योहारी बोनस देना अनिवार्य नहीं है, लेकिन कानून के तहत पात्र कर्मचारियों को वार्षिक बोनस देना जरूरी है। बोनस संबंधी प्रावधान अब 'कोड ऑन वेजेज, 2019' के तहत लागू हैं। यदि पात्र कर्मचारी को अनिवार्य बोनस नहीं मिलता, तो वह नियमानुसार कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई क सकता है।

70 हजार रु. की रिश्वत लेते कनिष्ठ अभियंता गिरफ्तार

कोटा। एसीबी ने बुधवार को बूंदी जिले की तालेड़ा पंचायत समिति में कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियंता भानु प्रताप सिंह मीणा को 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वहीं, सहायक अभियंता मुकेश सैनी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। एसीबी इंस्पेक्टर चंद्रकंवर ने बताया कि परिवादी ने ग्राम पंचायत में सफाई कार्य और अन्य निर्माण कार्यों के करीब 10 लाख रुपए के लंबित बिलों के भुगतान के लिए रिश्वत मांगे जाने की शिकायत दी थी। आरोप है कि सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता ने 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी, जो सत्यापन के बाद 7 प्रतिशत पर तय हुई। परिवादी पहले ही 10 हजार रुपए दे चुका था।

जेल में गैंगस्टर की मौत

होशियारपुर। जिला जेल में बंद गैंगस्टर भुवनेश चोपड़ा उर्फ आशीष चोपड़ा की मंगलवार देर रात तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। उसे सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आशीष को मार्च 2026 में मध्य एशिया के एक देश से डिपोर्ट कर दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। उस पर हत्या, नशा तस्करी समेत नौ मामले दर्ज थे। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा।

मोदी के पिता पर टिप्पणी को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री का कांग्रेस पर तीखा हमला

राजनीति में माता-पिता पर टिप्पणी की कोई जगह नहीं

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ा पलटवार किया है। बुधवार को जयपुर के सेंट्रल पार्क में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के माता-पिता पर टिप्पणी करने का अधिकार किसी को नहीं है। राजनीति में इस तरह की भाषा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को सलाह दी कि वह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति छोड़कर अपनी कमियों का आत्ममंथन करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनावों में हार का सामना कर रही है, इसलिए उसे अपने नेतृत्व और कार्यशैली पर विचार करना चाहिए।



ईवीएम और एसआईआर के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

मुख्यमंत्री ने चुनावी हार के बाद कांग्रेस की ओर से ईवीएम और मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) पर उठाए जाने वाले सवालों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां चुनाव हारती है, वहां ईवीएम को जिम्मेदार ठहराने लगती है। आरोप लगाने और बहाने तलाशने से उसे राजनीतिक लाभ नहीं मिलेगा। भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर अफवाह फैलाने और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के लिए सद्बुद्धि की कामना भी की।

पंचायत चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत का दावा

राजस्थान में चल रहे पंचायत चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री ने भाजपा की भारी बहुमत से जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। भाजपा को जनता पर भरोसा है, क्योंकि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 365 दिन लोगों के बीच रहते हैं।

'वन स्टेट-वन इलेक्शन' पर भी बोले सीएम

मुख्यमंत्री ने राजस्थान में लागू की जा रही 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने पहले ही एक राज्य, एक चुनाव की बात कही थी। उस समय विपक्ष ने इसका विरोध किया था, लेकिन अब इसी व्यवस्था के तहत निकाय और पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था चुनाव प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने में मदद करेगी।



मूड स्फायर में प्रेम, संस्कार और प्रतिभा का अनूठा संगम



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

हनुमानगढ़ रोड स्थित बीडीआईएस के सभागार में कक्षा 6 व 7 के विद्यार्थियों की विशेष प्रार्थना सभा 'मूड स्फायर : द मैजिक ऑफ मोहब्बतें : अहसासों का सफर' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट मंजू पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत गीतासार से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गायन, ऑर्केस्ट्रा, नृत्य, योग और नाट्य प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मुख्य आकर्षण फिल्म 'मोहब्बतें' पर आधारित प्रस्तुति रही, जिसमें चार चरणों के माध्यम से मां का त्याग, गुरु-शिष्य संबंध, मित्रता तथा राष्ट्रप्रेम जैसे भावों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की स्टैंडअप कॉमेडी, शाहरुख-अमिताभ संवाद मंचन और इंट्यूशन डेमो ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। समापन प्रस्तुति 'आंखें खुली हो या हो बंद' पर समूह नृत्य ने पूरे सभागार को उत्साह से भर दिया।

प्राचार्या डॉ. मीतू शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रेम, सम्मान और एकता के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सोहन लाल सिहाग, सचिव अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्याम जैन, ट्रस्टी डॉ. सुरेंद्र ढाका तथा प्राचार्या डॉ. मीतू शर्मा ने उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

जैन गर्ल्स कॉलेज में एआई एवं ऑटोमेशन कार्यशाला आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजेंट एवं ऑटोमेशन' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला हुई। निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा ने बताया कि इसमें जयपुर से आई विशेषज्ञ टीम ने छात्राओं को विस्तार से समझाया कि एआई एजेंट किस प्रकार विभिन्न जटिल कार्यों को स्वचालित करने, समय की बचत करने तथा समग्र कार्यक्षमता को बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य डॉ. पंकजलता ने कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं के तकनीकी कौशल संवर्धन तथा करिअर विकास हेतु लाभदायक सिद्ध होगी। इस मौके श्री आत्म वल्लभ जैन शिक्षा न्यास के अध्यक्ष अमर चंद बोरड़, सचिव नरेश जैन, दीपक जैन सहित 100 से अधिक छात्राएं व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

प्रियंका व मुस्कान को पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण



श्रीगंगानगर। महाराजा गंगासिंह विवि की 22वीं अंतर महाविद्यालय महिला पावर लिफ्टिंग प्रति. में अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज की छात्रा प्रियंका ने 84 किलोग्राम भार वर्ग में 115 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। वहीं छात्रा मुस्कान ने 84 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में 105 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। दोनों ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। डीएवी कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं की सफलता पर कॉलेज ट्रस्ट अध्यक्ष, निदेशक और प्राचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

सीमा सन्देश की किसान-जागरूकता श्रृंखला

जागो किसान जागो पूरा हिसाब

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीजन-2

एपिसोड 11 | 29 अक्टूबर

सीमा सन्देश

किसान पूरी तरह जांचें और परखें, लापरवाही और नकली पार्ट्स से बचें

फ्री सर्विस या दिखावा? केवल तेल बदलकर पर्ची थमाना सर्विस नहीं, ट्रैक्टर की मुफ्त सर्विस किसान का अधिकार

नया ट्रैक्टर खरीदते वक्त डीलर अक्सर 'फ्री सर्विस' का वादा करते हैं। किसान भी समय पर सर्विस करवाते हैं ताकि पीक सीजन में मशीन धोखा न दे। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई बार सर्विस के नाम पर केवल इंजन ऑयल बदलकर पर्ची थमा दी जाती है। जरूरी तकनीकी जांच नहीं होती, पुराने पार्ट्स लौटाए नहीं जाते और कई जगह असली की जगह घटिया पार्ट्स लगा दिए जाते हैं। ऐसे में किसान को फायदे की जगह भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

सर्विस के दौरान रखें ध्यान

1. सिर्फ ऑयल बदलना पूरी सर्विस नहीं : इंजन ऑयल बदलना सर्विस का केवल एक हिस्सा है। तय शेड्यूल के अनुसार ऑयल फिल्टर, एयर फिल्टर, डीजल फिल्टर की जांच/सफाई, सभी प्रमुख पॉइंट्स की ग्रीसिंग, ब्रेक व क्लच फ्री-प्ले, कूलेंट लेवल, फैन बेल्ट टेंशन और बैटरी की जांच जरूरी है। किसान स्पष्ट पूछें कि इस सर्विस में क्या-क्या शामिल है।

2. असली पार्ट्स की करें पहचान : इंजन और हाइड्रोलिक सिस्टम में गुणवत्ता से समझौता न करें। कोई पार्ट बदला जाए तो उसका पार्ट नंबर, सील पैक बॉक्स और पक्का बिल जांचें। बदले गए पुराने पार्ट्स वापस मांगें, जिससे यह पक्का हो सके कि पार्ट वास्तव में बदला गया है। यदि वारंटी क्लेम के तहत पुराना पार्ट कंपनी रख रही है, तो उसकी लिखित एंट्री लें।

3. सर्विस के वक्त खुद मौजूद रहें : ट्रैक्टर को सर्विस सेंटर पर लावारिस न छोड़ें। काम के दौरान खुद मौजूद रहें या किसी जानकार को साथ रखें। मैकेनिक से पूछें कि किस ग्रेड का तेल डाला गया है और कितनी मात्रा में इस्तेमाल हुआ है।

4. जॉब कार्ड जरूर बनवाएं : ट्रैक्टर सौंपते समय जॉब कार्ड बनवाएं, जिसमें मीटर रीडिंग (घंटे), ट्रैक्टर नंबर, तारीख और आपकी बताई समस्याएं दर्ज हों। काम पूरा होने पर जॉब कार्ड में बदले गए पार्ट्स और किए गए काम का मिलान करें। बिना पढ़े या खाली जॉब कार्ड पर हस्ताक्षर न करें। इसकी एक प्रति अपने पास रखें।

सर्विस के बाद करें ये काम

बिल व जॉब कार्ड की कॉपी लें: सर्विस भले ही फ्री हो, लेकिन लेबर और पार्ट्स का ब्योरा दर्शाने वाला पक्का दस्तावेज जरूर लें।

सर्विस बुक में सील व साइन: सर्विस बुकलेट में तारीख और घंटों की सही एंट्री कराकर अधिकृत मोहर लगवाएं। यह भविष्य में वारंटी क्लेम के लिए अनिवार्य दस्तावेज है।

शर्तों की लिखित जानकारी: फ्री सर्विस में आमतौर पर लेबर चार्ज फ्री होता है, ऑयल और कंज्यूमेबल्स के पैसे देने पड़ते हैं। यह स्पष्टता पहले ही रखें।

विशेषज्ञ राय: गैर-जरूरी पार्ट्स बदलने से बचें

अनुभवी मैकेनिक्स के मुताबिक, हर सर्विस में सभी पार्ट्स बदलना जरूरी नहीं होता। बिना जरूरत पार्ट्स बदलना सीधे तौर पर किसान की जेब पर डाका है। ट्रैक्टर निमार्ता कंपनी के मैनुअल में दिए गए घंटों के शेड्यूल के हिसाब से ही पार्ट्स बदलवाएं।

मनमानी या गड़बड़ी होने पर क्या करें? : यदि अधूरा काम हुआ है, नकली पार्ट्स का संदेह है या अतिरिक्त चार्ज वसूला गया है तो सर्विस सेंटर मैनेजर से लिखित शिकायत दर्ज कराएं। समाधान न होने पर ट्रैक्टर कंपनी के कस्टमर केयर और नोडल अधिकारी को ईमेल/कॉल करें। समस्या हल न होने पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (1915) या जिला उपभोक्ता आयोग का सहारा लें। इसके लिए जॉब कार्ड, बिल और सर्विस बुक संभालकर रखें।

सीमा संदेश की सलाह

ट्रैक्टर किसान की आजीविका की रीढ़ है। ऑयल ग्रेड, पार्ट्स और जॉब कार्ड को लेकर जागरूक रहें। आपकी सजगता ही मशीन की उम्र और गाढ़ी कमाई दोनों बचाएगी।

ऐसे करवाएं सर्विस

नए ट्रैक्टर की पहली सर्विस 50 घंटे या 1 महीने के भीतर करानी चाहिए। इसमें निम्नलिखित मुख्य कार्य किए जाते हैं:



- **ऑयल व फिल्टर:** इंजन ऑयल और फिल्टर बदलकर नया ऑयल डाला जाता है, तथा डीजल फिल्टर व वाटर सेपरेटर की जांच की जाती है।
- **एयर क्लीनर:** एयर फिल्टर की सफाई कर ऑयल बाथ में नया तेल भरा जाता है।
- **फ्लूइड्स जांच:** कूलेंट, ट्रांसमिशन, हाइड्रोलिक, स्टीयरिंग और ब्रेक ऑयल का स्तर चेक किया जाता है।
- **ग्रीसिंग व टाइटनिंग:** सभी मूविंग पार्ट्स में ग्रीस भरी जाती है और वाइब्रेशन से ढीले हुए नट-बोल्ट कसे जाते हैं।
- **अन्य जांच:** क्लच-ब्रेक एडजस्टमेंट, बैटरी टर्मिनल सफाई, इलेक्ट्रिकल चेक और टायर प्रेशर सेट किया जाता है।
- **सुझाव:** वारंटी सुरक्षित रखने के लिए सर्विस अधिकृत सेंटर से ही करवाएं।

– गुरचरणसिंह मैकेनिक, श्रीगंगानगर

(अगली कड़ी में पढ़ें : ट्रैक्टर पार्ट्स कहां से खरीदें और सही मैकेनिक का चुनाव कैसे करें?)

अगली कड़ी · 31 अक्टूबर

"पार्ट्स कहाँ, मैकेनिक कौन?"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं

बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें

93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान | 1951 से

जॉब & एज्युकेशन

रेलवे में खिलाड़ियों के लिए निकली भर्ती



दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से खेल कोटा भर्ती 2026-27 के तहत 54 पदों पर भर्ती की जानकारी दी गई है। इस भर्ती में अलग-अलग खेलों के खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती में केवल पढ़ाई के अंक ही नहीं, बल्कि खिलाड़ी की खेल उपलब्धियों और ट्रायल में उसके प्रदर्शन को भी महत्व दिया जाएगा। भर्ती में एथलेटिक्स, हॉकी, चेस, टेबल टेनिस, आर्चरी, साइकिलिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, कब्बड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, वेट लिफ्टिंग सहित कई खेल शामिल हैं। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित है।

- **लेवल 2 व लेवल 3 में इतने पद:** एथलेटिक्स (पुरुष) में 4 पद, आर्चरी में (महिला एवं पुरुष) 3 पद, बॉडीबिल्डिंग, ब्रिज, जिम्नास्टिक एवं राइफल शूटिंग (महिला) में एक-एक पद तथा साइकिलिंग पुरुष में 3, हॉकी में 2 पद हैं। योग्यता: 12वीं पास या निर्धारित नियमानुसार 10वीं के साथ आईटीआई/अप्रेंटिसशिप की योग्यता।
- **लेवल 1 में इतने पद:** बॉल बैडमिंटन पुरुष में 4, क्रिकेट पुरुष में 2, फुटबाल पुरुष में 3, गोल्फ पुरुष में 1, कबड्डी (महिला व पुरुष) में 8 पद, खो खो पुरुष में 6, वॉलीबाल महिला व पुरुष में 4 पद, वाटर पोलो पुरुष में 3 एवं वेटलिफ्टिंग में 2 पद हैं। योग्यता: 10वीं पास, आईटीआई या मान्य एनएसी सर्टिफिकेट।
- **लेवल 4 व लेवल 3 में पदों की स्थिति:** एथलेटिक्स पुरुष 200 मीटर और हाईजम्प में 2, चेस पुरुष, हॉकी और टेबल टेनिस पुरुष में 1-1 पद है। योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विवि से स्नातक।

असिस्टेंट प्रोफेसर के 219 पदों पर की जाएगी भर्ती

दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 219 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। भर्ती में इंजीनियरिंग, एप्लाइड साइंस, मैनेजमेंट, ह्यूमैनिटीज, डिजाइन और अन्य विषयों के पद शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवार 7 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसमें 24 विषयों में 219 पदों पर भर्ती की जाएगी। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में सबसे अधिक 36 पद हैं। सिविल इंजीनियरिंग और प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में 20-20 पद निर्धारित हैं। इस भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता संबंधित विषय और डीटीयू के निर्धारित भर्ती नियमों पर निर्भर करेगी। इंजीनियरिंग, एप्लाइड साइंस, मैनेजमेंट, ह्यूमैनिटीज और अन्य विषयों के लिए योग्यता, विशेषज्ञता तथा अनुभव की शर्तें अलग-अलग हो सकती हैं।

तीसरी कक्षा से बच्चे सीखेंगे एआई की भाषा, पहेलियों और खेलों से विकसित होगी सोचने की क्षमता

सीबीएसई स्कूलों में AI की क्लास



अब स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई सिर्फ किताबों, सवालों और जवाबों तक सीमित नहीं रहेगी। बच्चे पहेलियों, खेलों, समूह गतिविधियों और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बुनियादी समझ विकसित करेंगे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूली शिक्षा में तकनीक और तार्किक सोच को बढ़ावा देने के लिए कक्षा 3 से 8 तक कंप्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) और एआई से जुड़ी पढ़ाई की पहल की है। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए भी विशेष एक्टिविटी-बेस्ड मॉड्यूल तैयार किया गया है।

अलग परीक्षा नहीं, स्कूल स्तर पर होगा आंकलन : इस पहल की खास बात यह है कि कक्षा 9 से 12 के लिए तैयार मॉड्यूल का आंकलन स्कूल स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए अलग से परीक्षा आयोजित करने के बजाय गतिविधियों और विद्यार्थियों की भागीदारी के आधार पर सीखने की प्रक्रिया को परखने की व्यवस्था बताई गई है। कक्षा 9 में सीटी और एआई मॉड्यूल को अनिवार्य किया गया है, जबकि कक्षा 10 के विद्यार्थी पुरानी व्यवस्था के अनुसार पढ़ाई जारी रखेंगे।

विशेषज्ञों ने तैयार किया 20 घंटे का मॉड्यूल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप सीबीएसई ने कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटेशनल थिंकिंग और अंक का 20 घंटे का एक्टिविटी-बेस्ड मॉड्यूल तैयार किया है। इसे आईआईटी मद्रास, आईआईटी जोधपुर और एनसीईआरटी के विशेषज्ञों ने मिलकर विकसित किया है। इस मॉड्यूल में गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों को नई तकनीक की अवधारणाओं से परिचित कराने पर जोर है। इसका उद्देश्य छात्रों में विश्लेषण करने, तर्क के आधार पर निर्णय लेने और समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने की क्षमता को मजबूत करना है।

'द वर्ल्ड अराउंड अस' जैसे विषय

नई पहल का उद्देश्य बच्चों को कम उम्र से ही समस्याओं को समझने, उन्हें छोटे हिस्सों में बांटने, पैटर्न पहचानने और तार्किक तरीके से समाधान निकालने के लिए तैयार करना है। प्राथमिक कक्षाओं में इसे अलग विषय के रूप में पढ़ाने के बजाय गणित और 'द वर्ल्ड अराउंड अस' जैसे विषयों के साथ खेलों, पहेलियों और गतिविधियों के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। कक्षा 3 से 5 के लिए सालभर में लगभग 50 घंटे की गतिविधियों का प्रावधान बताया गया है। इससे बच्चों में केवल तकनीक का इस्तेमाल करने की क्षमता ही नहीं, बल्कि यह समझ भी विकसित करने पर जोर होगा कि तकनीक काम कैसे करती है।

युवाओं के लिए मौका, भारतीय वायुसेना में बना सकते हैं कॅरिअर

श्रीगंगानगर। नम्बर 5 वायुसैनिक चयन केंद्र, जोधपुर कमान अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत कॅरियर जागरूकता एवं भारतीय वायुसेना की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देने के लिए डीएवी उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक मल्टीपर्पज और गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल श्रीगंगानगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वायुसेना चयन केंद्र से आये वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी बीएल मीना, सार्जेंट अरविंद कुमार राय, भगोरन सिंह ने भारतीय वायुसेना की भर्ती



प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी दी। इस दौरान शैक्षणिक योग्यता मानदंड, परीक्षा पैटर्न एवं चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना में अग्निवीर एवं अधिकारी पदों पर भर्ती की विस्तृत जानकारी भी दी गई। भारतीय वायुसेना अग्निवीर पदों पर भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 21 वर्ष से बढ़ाकर 22 वर्ष कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जिनके अंग्रेजी विषय में भी न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हों, भर्ती पोर्टल पर आवेदन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान लगभग 600 विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की एवं उनके प्रश्नों का समाधान भी किया गया। साथ ही बताया गया कि एनसीसी ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर विद्यार्थियों को वायुसेना भर्ती प्रक्रिया में अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाते हैं।

इंजीनियरिंग वालों के लिए नौकरी, 350 पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने प्रोबेशनरी इंजीनियर भर्ती 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल विषयों में कुल 350 पद भरे जाएंगे। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स के 200 और मैकेनिकल के 150 पद शामिल हैं। रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम में करियर बनाने के इच्छुक इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स के लिए यह अवसर है। योग्य उम्मीदवार बीईएल की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 28 अक्टूबर को शुरू होगी। आवेदन करने की अंतिम तारीख 18 नवंबर है।



मौसम

अधिकतम 32.8° | न्यूनतम 17.3°

आर्द्रता

सुबह 71% | शाम 45%

विंड स्पीड

2-8KM/h

आज का सूर्यास्त

05:50PM

कल का सूर्योदय

06:47AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,43,010

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,32,330

चांदी (प्रति किलो) ₹1,96,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

पेंशनर्स प्रमाण पत्र करवाएं अपडेट

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण पत्र 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक अपडेट करवा सकते हैं। जिला कोषाधिकारी श्रीमती योजना ने बताया कि सेवानिवृत्त पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण पत्र 30 नवम्बर तक कोषालय श्रीगंगानगर, उपकोषालय में या राज्य कर्मचारी की एसएसओ आईडी से जमा करवायें ताकि संबंधित को पेंशन सुचारू रूप से मिलती रहे।

मतदान दलों हेतु भवन अधिग्रहित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज चुनाव 2026 के तीसरे चरण में मतदान दलों की अस्थाई आवास व्यवस्था हेतु प्रशासन ने धर्मशालाओं और भवनों का अधिग्रहण किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि श्रीविजयनगर, सूरतगढ़ और राजियासर में सदस्य पदों हेतु 3 नवंबर तथा पंच-सरपंच हेतु 5 नवंबर को मतदान होगा।

युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, श्रीगंगानगर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों में युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी दिनेश राजपुरोहित ने औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत युवा मतदाताओं को मतदान के अधिकार एवं लोकतंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को मतदाता सूची में अपना नाम जांचने तथा पात्र युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया।

मतगणना के लिए कक्ष निर्धारित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज आम चुनाव के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय विधि महाविद्यालय में कमिशनिंग, स्ट्रॉंग रूम व मतगणना कक्ष तय किए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव के अनुसार तीसरे चरण (सूरतगढ़, राजियासर, विजयनगर) के लिए कमिशनिंग 30 अक्टूबर सुबह 10 बजे होगी। चौथे चरण (सादुलशहर, श्रीगंगानगर उत्तर-दक्षिण, करणपुर, पदमपुर, रायसिंहनगर, अनूपगढ़, घड़साना) की कमिशनिंग 10 नवंबर को होगी। मतगणना हेतु मुख्य हॉल व लैब आवंटित किए गए हैं।

प्रशासनिक कार्य, आईटी व मीडिया प्रकोष्ठों के लिए भी अलग-अलग कक्ष निर्धारित किए गए हैं।

मीरा चौक के पास एक स्टोर से ड्राईफ्रूट्स के सैंपल लेने का मामला: विधायक, सभापति और समर्थकों व फूड सेफ्टी टीम में दिनभर विवाद

विधायक ने कहा- मैं इनकी नौकरी खा जाऊंगा, सैम्पल नहीं लेने दूंगा; बिहाणी के जाते ही देर शाम खाद्य टीम ने लिये सैम्पल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

एक स्टोर से ड्राई फ्रूट्स के सैंपल लेने को लेकर भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी और फूड सेफ्टी टीम के बीच दिनभर विवाद हुआ। विधायक बिहाणी, नगरपरिषद सभापति अजय दावड़ा, व्यापारी नेता तरसेम गुप्ता सहित अन्य लोग स्टोर पर बुधवार दोपहर को पहुंचे। दूसरी तरफ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दल पुलिस जाब्ते के साथ यहां सैम्पल लेने के लिए मौजूद रहा। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। खाद्य सुरक्षा टीम एसएसबी रोड स्थित मनुहार मेवा स्टोर (राजस्थान वैरायटी स्टोर) पर मंगलवार को सैम्पल लेने गई थी, लेकिन तब विधायक, सभापति के विरोध पर बैरंग लौट गई थी। बुधवार दोपहर को टीम फिर से सैंपल लेने पहुंची, लेकिन विधायक भी मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने टीम को सैंपल नहीं लेने दिए। जब खाद्य अधिकारी सैम्पल लेने को आगे बढ़े तो विधायक ने अधिकारियों के कार्रवाई के सिस्टम पर सवाल उठाए और कहा कि 'मैं इनकी नौकरी खा जाऊंगा। ये नहीं जानते कि मैं विधानसभा की कौनसी कमेटी का मैम्बर हूं। मैंने विधानसभा अध्यक्ष को चिट्ठी लिख दी है।' मामला बढ़ता देख खाद्य सुरक्षा टीम स्टोर के बाहर गाड़ी में जाकर बैठ गई। इधर विधायक भी मौके पर डटे रहे। शाम को खाद्य टीम बिना सैंपल लिए लौट गई। कुछ देर विधायक और अन्य लोग भी चले गए।

घटनाक्रम के डेढ़ घंटे बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम वापस स्टोर पर कार्रवाई करने के लिए पहुंच गई। फूड ऑफिसर उर्मिला भादू और हंसराज गोदारा ने स्वीट आंवला, कुकीज एंड क्रीम ट्रफल तथा बादाम के सैम्पल लेने की प्रक्रिया की। इस दौरान तहसीलदार राहुल कुमार भी साथ रहे।





दुकानदारों का परेशान कर रही ये टीम: जयदीप बिहाणी



विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि खाद्य अधिकारी की गाड़ी की चाबी नहीं छीनी गई, ना ही उनसे कोई अभद्रता की गई। विभाग की टीम द्वारा बेवजह यहां के दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। कोई भी सरकारी कर्मचारी मीडिया के सामने नहीं आ सकता। मीडिया के सामने आकर विधायक पर आरोप लगाने वाली खाद्य अधिकारी के आरोपों का जवाब उन्हें देना आता है। नगर परिषद सभापति अजय दावड़ा ने आरोप लगाया कि विभाग वाले बड़े अधिकारी को बचाने के लिए महिलाओं को आगे कर रहे हैं। महिला अधिकारी होने का मतलब यह नहीं है कि वे किसी पर भी दबाव बनाएं।

सीएमएचओ ने कहा- स्वास्थ्य विभाग नियमानुसार कार्रवाई करेगा

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि एक दिन पहले जब टीम सैम्पल लेने इस स्टोर पर पहुंची थी, तब वे जयपुर में थे। बुधवार सुबह उन्होंने फूड इंस्पेक्टर से पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने विधायक से मिलने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि आमजन की सेहत के दृष्टिगत मिलावटी, अवधिपार खाद्य पदार्थों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। सीएमएचओ बुधवार को फूड इंस्पेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव से मिले थे। इसी दौरान उन्हें कार्रवाई जारी रखने के निर्देश मिले थे।

अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ आज, बाजारों में उमड़ी महिलाओं की भीड़, सोलह शृंगार का क्रेज, लगवाई मेहंदी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सौभाग्यवती महिलाओं के अखंड सुहाग का प्रतीक पर्व करवा चौथ शहर में परंपरागत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पर्व को लेकर शहर के बाजारों में मंगलवार को सुबह से ही महिलाओं की भारी चहल-पहल देखने को मिली। अंबेडकर चौक, सदर बाजार, गोल बाजार और पुरानी आबादी सहित प्रमुख बाजारों में सौंदर्य प्रसाधन, रेडिमेड वस्त्र, चूड़ियों और पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं का तांता लगा रहा। सुहागिनों ने व्रत की तैयारियों के तहत पूजा के करवे, श्रृंगार का सामान और सरगी की जमकर खरीदारी की।

मेहंदी और सजने-संवरने का क्रेज : करवा चौथ पर सोलह श्रृंगार का विशेष महत्व होने के कारण शहर के ब्यूटी पार्लर्स और मेहंदी स्टॉल्स पर महिलाओं और युवतियों की खासी भीड़ नजर आई।

दुर्गा मंदिर के पास और सदर बाजार में स्थित श्री सुहाग भंडार के बाहर लगी मेहंदी की स्टॉल्स पर युवतियों ने अपनी पसंद के मनभावन डिजाइन उकेरवाए। पुरानी आबादी स्थित किरण ब्यूटी पार्लर की संचालिका ने बताया कि पर्व को लेकर महिलाओं में जबर्दस्त उत्साह है। पार्लर में फेशियल, हेयर ट्रीटमेंट के साथ-साथ मेनीक्योर, पैडिक्योर और नेल आर्ट के विशेष पैकेजों की खातिर युवतियां और महिलाएं पहुंचीं।











करवे और सरगी के सामान की विशेष मांग

त्योहार के पावन अवसर पर अम्बेडकर चौक, दुर्गा मंदिर और मुख्य चौराहों पर सजी स्टॉल्स व रेहड़ियों पर मिट्टी और चीनी से बने करवों (कलश) की खूब बिक्री हुई। महिलाओं ने परंपरा के अनुसार व्रत में उपयोग होने वाले सरगी के सामान जैसे मठ्ठा, फीणी, पेठा और घेवर की भी खरीदारी की। अंबेडकर चौक स्थित प्रसिद्ध प्रतिष्ठान ह्यजैन कुल्फाह्ल के संचालक बलवंत राम जैन ने बताया कि करवा चौथ के लिए विशेष रूप से पारंपरिक मिठाइयां तैयार करवाई गई हैं, जिन्हें खरीदने के लिए सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुटी रही। इसके अलावा सड़क किनारे और चौराहों पर सजी मिट्टी के दीपकों और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की।

चूड़ियों और जनरल स्टोर्स पर रही रौनक

सौभाग्य की प्रतीक कांच, सीप और लाख की खनखनाती चूड़ियों की दुकानों पर महिलाओं ने अपने परिधानों से मेल खाती चूड़ियों की खरीदारी की। इसके अलावा जनरल स्टोर्स पर मेकअप और सौंदर्य प्रसाधन का सामान खरीदने के लिए भी महिलाओं की लंबी कतारें लगीं। सदर बाजार स्थित श्री सुहाग भंडार के संचालक सुशील कुमार अग्रवाल ने बताया कि करवा चौथ के पावन पर्व के चलते पिछले तीन-चार दिनों से बाजार में कारोबार काफी अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के श्रृंगार और पूजन सामग्री का बाजार काफी विस्तृत है और दीपावली के त्योहारी सीजन की वास्तविक शुरूआत इसी पर्व से होती है, जिससे व्यापारियों में भी खासा उत्साह है।

विधायक के समर्थन में उतरी दूध यूनियन

विभाग के रवैये को लेकर जताई नाराजगी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विधायक जयदीप बिहाणी के समर्थन में श्री दूध सप्लाई मजदूर संघ एवं खाद्य पेयजल मिष्ठान विक्रेता संघ सामने आए हैं। दोनों संगठनों ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के कथित दुर्व्यवहार एवं छोटे व्यापारियों को परेशान किए जाने के रवैये पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

श्री दूध सप्लाई मजदूर संघ के प्रधान सुभाष स्वामी ने विधायक का समर्थन करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग के फूड इंस्पेक्टर द्वारा छोटे व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं।

उन्होंने कहा कि दूध व्यापारी एवं अन्य खाद्य कारोबार से जुड़े व्यापारी सैंपल देने से कभी पीछे नहीं हटते। व्यापारी खाद्य सुरक्षा जांच की प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन सैंपल लेने की कार्रवाई के नाम पर व्यापारियों को नाजायज परेशान करना उचित नहीं है।

वहीं, खाद्य पेयजल मिष्ठान विक्रेता संघ ने भी विधायक के समर्थन में आवाज बुलंद की। संघ के महेश सारस्वत ने कहा कि जब सत्ता पक्ष के विधायक की बात को ही अधिकारी नजरअंदाज कर रहे हैं, तो आम नागरिकों और छोटे व्यापारियों की सुनवाई की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

पैकेजिंग कमोडिटी व बाट माप विक्रताओं का औचक निरीक्षण



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 तथा राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 के तहत जिले में बाट माप विक्रताओं की जाँच अभियान चलाकर 3 विक्रेताओं राम टी कंपनी, सोनू भाई कांटेवाला व नटराज एंटरप्राइज का निरीक्षण किया गया। अनियमितता पाए जाने पर सुधार नोटिस दिया जाकर सात दिवसों में नियमों की पालना हेतु पाबंद किया गया। सोनू भाई कांटेवाला पर लाइसेंस प्रदर्शित नहीं पाये जाने पर 500 रुपये का जुर्माना व रजिस्टर संधारण नहीं पाये जाने पर सुधार नोटिस देकर 7 दिनों में नियमों की पालना हेतु पाबंद किया गया।

विधिक माप विज्ञान अधिकारी अमित चैधरी ने बताया कि विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 व पैकेज कमोडिटी नियम 2011 के तहत कस्तूरी इंडिया सूरतगढ़ रोड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं को सही सामान मिले इस हेतु पैकेज कमोडिटी नियमानुसार डिक्लेरेशन तथा कांटो का तकनीकी परीक्षण किया गया। अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार जांच की गई, जिसमें कांटे सत्यापित नहीं होने व पैकर्स पंजीयन नहीं पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कुल 15000 का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी सम्पूर्ण जिले में संचालित फर्मों की नियमित जांच जारी रहेगी तथा दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बीपीसीएल की पहली कार्रवाई; 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन बंद, रिफिल बुकिंग पर भी रोक

बड़ा कदम: जिन इलाकों में पाइपलाइन बिछी, वहां पीएनजी कनेक्शन न लेने वालों के एलपीजी सिलेंडर ब्लॉक किये गए

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

घरेलू पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के तहत सख्त कदम उठाए जाने लगे हैं। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल गैस) ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और फाजिल्का वितरण क्षेत्रों में पाइपलाइन नेटवर्क उपलब्ध होने के बावजूद पीएनजी कनेक्शन न लेने वाले उपभोक्ताओं पर शिकंजा कस दिया है। पहले नोटिस के 90 दिन पूरे होने के बाद कंपनी ने 15 उपभोक्ताओं के एलपीजी कनेक्शन ब्लॉक कर दिए हैं। अब ये उपभोक्ता अगला रसोई गैस सिलेंडर (रिफिल) भी बुक नहीं करवा सकेंगे।

जरूरी प्रावधान: मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत स्पष्ट आदेश जारी किए हैं कि जिन कॉलोनियों में पाइपलाइन नेटवर्क बिछाया जा चुका है, वहां के उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य नियमों की श्रेणी में आता है। तय समयसीमा में पीएनजी न अपनाने और प्रक्रिया पूरी न करने पर एलपीजी आपूर्ति रोकी जा सकती है। इसी कड़ी में 90 दिन का नोटिस पूरा होने पर यह पहली दंडात्मक कार्रवाई की गई है।



भारी बचत: 6000 का कनेक्शन अब केवल 1 रूपया प्रतिदिन में

उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंत्रालय की पीएनजी ड्राइव 3.0 के तहत विशेष योजना लागू की गई है:

अवधि: 1 अक्टूबर 2026 से 28 फरवरी 2027 तक।

लागत: सामान्य दिनों में लगभग 6,000 रुपये में मिलने वाला कनेक्शन इस योजना में महज 750 रुपये प्रोसेसिंग फीस और लागू जीएसटी देकर लिया जा सकता है। इसके अलावा मात्र 1 रुपया प्रतिदिन का शुल्क लागू होगा।

रिफंड सुविधा: उपभोक्ताओं को अगले तीन बिलों में 250-250 रुपये की छूट (रीइम्बर्समेंट) मिलेगी, यानी 750 रुपये की प्रोसेसिंग फीस पूरी तरह बिल में समायोजित होकर वापस हो जाएगी।

नेटवर्क की स्थिति: सक्रिय उपभोक्ता: वर्तमान में श्रीगंगानगर में 2000 से अधिक और हनुमानगढ़ में 1000 से अधिक (कुल 3200+) उपभोक्ता निर्बाध व सुरक्षित पीएनजी का लाभ ले रहे हैं।

सुविधा: सिलेंडर खत्म होने का झंझट नहीं, 247 आपूर्ति और रखरखाव के लिए कंपनी की तकनीकी टीम हर समय फील्ड में तैनात रहती है।

कनेक्शन के लिए सीधे संपर्क करें : बीपीसीएल गैस ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि कनेक्शन ब्लॉक होने की असुविधा से बचने और किफायती-सुरक्षित गैस अपनाने के लिए तुरंत संपर्क करें।

आपकी कॉलोनी में पीएनजी सुविधा है या नहीं?

श्रीगंगानगर (सुविधा चालू): मानसरोवर, नीलकंठ, अग्रवाल कॉलोनी, निकुंज विहार, पंचवटी, बिर्थलियावाला, रामदेव कॉलोनी, शंकर कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, विवेकानंद कॉलोनी, नाइयांवाली, निमांवाली, डॉक्टर कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, एडवोकेट कॉलोनी, वैशाली नगर, मुरारी कॉलोनी, डूंगर कॉलोनी, महावीर इंटरनेशनल कॉलोनी, आनंद विहार, शिव कॉलोनी, गजानंद कॉलोनी, गंगाविहार और गणेश विहार।

प्रस्तावित क्षेत्र: नेहरा नगर, ग्रीन सिटी, होमलैंड सिटी-1 और मॉडल टाउन।

हनुमानगढ़ (सुविधा चालू): हाउसिंग बोर्ड एवं न्यू सिविल लाइंस।

प्रस्तावित क्षेत्र: सेक्टर-6, सुरेशिया, सेक्टर-12, आईटीआई कॉलोनी, गांधी नगर, मेडिकल कॉलोनी, बाबा श्याम सिंह कॉलोनी और सिंधी कॉलोनी।

फाजिल्का: अबोहर शहर में भी नेटवर्क बिछाने और सुविधा शुरू करने की तैयारी अंतिम चरण में है।

साहित्यकार के हक में गरीबी को एक साहित्यिक मूल्य मान लिया गया है। - श्रीलाल शुक्ल

संपादकीय

भोपाल मॉडल से सीखे हमारी नगर परिषद

अक्सर कचरे को केवल गंदगी, बदबू और परेशानी का कारण माना जाता है, जबकि विकसित देशों में यही कचरा एक महत्वपूर्ण संसाधन और अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन चुका है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल ने इसी सोच को व्यवहार में उतारते हुए 'कचरा कैफे' जैसी अभिनव पहल शुरू की है। यह प्रयोग केवल स्वच्छता अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक भागीदारी, रोजगार सृजन और संसाधनों के बेहतर उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है। भोपाल के कचरा कैफे में लोग अपने घरों से पुराने अखबार, प्लास्टिक, किताबें, गत्ता, ई-वेस्ट, पुराने कपड़े और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री लेकर आते हैं। सामग्री की गुणवत्ता और वजन के आधार पर उन्हें अंक या 'कचरा करेंसी' दी जाती है। इन अंकों के बदले वे भोजन, चाय-कॉफी तथा दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं। इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जरूरतमंद व्यक्ति भी कचरा एकत्र कर सम्मानपूर्वक भोजन प्राप्त कर सकता है। इससे स्वच्छता और सामाजिक सरोकार दोनों को एक साथ मजबूती मिलती है।

इस पहल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि कचरा अपने स्रोत पर ही अलग-अलग श्रेणियों में एकत्र होने लगता है। इससे नगर निगम के कर्मचारियों को डंपिंग यार्ड में घंटों तक कचरा छांटने की आवश्यकता नहीं पड़ती। प्लास्टिक, कागज और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री सीधे रिसाइक्लिंग इकाइयों तक पहुंच सकती है। इससे श्रम, समय और धन तीनों की बचत होती है, साथ ही पर्यावरण पर पड़ने वाला दबाव भी कम होता है। यह मॉडल 'कचरे का निपटान' नहीं, बल्कि 'कचरे का प्रबंधन' सिखाता है। भोपाल की इस पहल का एक और महत्वपूर्ण पक्ष महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं कपड़े के थैले, सजावटी वस्तुएं और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार कर रही हैं। इससे उन्हें रोजगार मिल रहा है और स्थानीय उत्पादों को बाजार भी उपलब्ध हो रहा है। यह पहल स्वच्छता अभियान को महिला सशक्तीकरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने का सफल प्रयास है।

ऐसा नहीं है कि यह व्यवस्था केवल महानगरों में ही सफल हो सकती है। श्रीगंगानगर जैसे शहरों में भी इसकी आवश्यकता कहीं अधिक महसूस होती है। पिछले कुछ वर्षों में घर-घर से कचरा संग्रहण की व्यवस्था में सुधार जरूर हुआ है, लेकिन बाजारों, रेहड़ी-ठेलों और व्यावसायिक क्षेत्रों में खुले में फेंका जाने वाला कचरा आज भी बड़ी समस्या बना हुआ है। कई स्थानों पर यह कचरा दिनों तक पड़ा रहता है, जिससे गंदगी, दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ता है। यदि प्रारंभिक स्तर पर ही कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित हो जाए तो नगर परिषद के लिए उसके निपटान की पूरी प्रक्रिया अधिक सरल, सस्ती और प्रभावी हो सकती है। समय की मांग है कि श्रीगंगानगर नगर परिषद भोपाल के इस मॉडल का गंभीर अध्ययन करे। इसके लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का एक दल वहां भेजा जा सकता है, जो इस व्यवस्था की कार्यप्रणाली, आर्थिक मॉडल और सामाजिक सहभागिता को समझकर स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप लागू करने की योजना तैयार करे। स्वच्छ शहर केवल सफाई कर्मचारियों के भरोसे नहीं बनते, बल्कि नागरिकों की भागीदारी और दूरदर्शी प्रशासनिक सोच से बनते हैं। भोपाल ने यह साबित कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो कचरा भी बोझ नहीं, बल्कि अवसर बन सकता है। अब आवश्यकता इस बात की है कि देश के अन्य शहर भी इस नवाचार से प्रेरणा लें और स्वच्छता को जनभागीदारी, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए इसे एक जनआंदोलन का स्वरूप दें।

करवा चौथ
सुहागिनों का सबसे बड़ा पर्व

आज 29 अक्टूबर को करवा चौथ का पर्व मनाया जाएगा। यह सुहागिन महिलाओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को विधि-विधान से पूजा करने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से उत्तर और मध्य भारत में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।



करवा चौथ का महत्व

करवा चौथ हर वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन करवा माता, भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा में शामिल होती हैं और पति के सुखी जीवन की कामना करती हैं।

पूजा का शुभ मुहूर्त

- **करवा चौथ तिथि:** 29 अक्टूबर 2026, गुरुवार
- **चतुर्थी तिथि प्रारंभ:** रात 1:06 बजे
- **चतुर्थी तिथि समाप्त:** रात 10:09 बजे
- **पूजा का शुभ समय:** शाम 5:38 बजे से 6:56 बजे तक
- **सरगी का समय:** सूर्योदय से पहले (कई परिवारों में सुबह 3:30 से 5:30 बजे के बीच)
- सूर्योदय लगभग सुबह 6:30 बजे होने का अनुमान है। स्थानीय समय और पारिवारिक परंपराओं के अनुसार इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है।

सरगी की परंपरा और महत्व

करवा चौथ में सरगी का विशेष महत्व होता है। परंपरा के अनुसार सास अपनी बहू को सरगी देती हैं, जिसमें फल, मिठाइयां, मेवे और पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। कई परिवारों में सरगी के साथ नए कपड़े और श्रृंगार सामग्री भी दी जाती है। इसे सूर्योदय से पहले ग्रहण करने के बाद महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं।

करवा चौथ पूजा विधि

- पूजा स्थल की सफाई कर भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय और करवा माता की स्थापना करें।
- शाम को दीप, रोली, अक्षत, फल-फूल और सुहाग सामग्री अर्पित करें।
- करवा माता की कथा सुनें या पढ़ें।
- पूजा के बाद करवा और पूजा सामग्री का आदान-प्रदान करें।
- रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोलें।



पूजन सामग्री की सूची

- **करवा सामग्री :** मिट्टी का टोंटीदार करवा, ढक्कन, पानी का लोटा और छलनी।
- **पूजा सामग्री :** कुंकुम, अक्षत, सिंदूर, चंदन, हल्दी, दीपक, कपूर, अगरबत्ती और पुष्प।
- **नैवेद्य सामग्री :** गेहूं, शकर का बूरा, पूरियां, दूध, दही, घी, शहद, मिठाई और गंगाजल।
- **सोलह श्रृंगार :** चुनरी, मेहंदी, महावर, बिंदी, चूड़ी, बिछुआ और कंघा।

पीरियड्स/गर्भावस्था

यदि करवा चौथ के दिन मासिक धर्म चल रहा हो तो महिलाएं अपनी श्रद्धा के अनुसार व्रत रख सकती हैं, लेकिन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए डॉक्टर की सलाह लेना बेहतर है। वहीं गर्भवती महिलाओं को लंबे समय तक निर्जला व्रत रखने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।

क्या पति रख सकते हैं व्रत?

परंपरा के अनुसार यह व्रत महिलाएं रखती हैं, लेकिन पति भी अपनी इच्छा और श्रद्धा से पत्नी के साथ उपवास कर सकते हैं। कई दंपती इस दिन साथ पूजा करते हैं और चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत पूरा करते हैं। इससे आपसी प्रेम और विश्वास का भाव मजबूत होता है।

स्मार्टफोन में पति आकर्षण, वीडियो कॉल पर दर्शन!



व्यंग्य

संजय एम तराणेकर

एक समय था, जब करवा चौथ पर पत्नियाँ सुबह से ही पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती थीं। दिनभर भूखी-प्यासी रहकर शाम को चाँद का इंतजार करती थीं। अब जमाना डिजिटल हो गया है। चाँद निकले या न निकले, मोबाइल की स्क्रीन चमकनी चाहिए। आखिर आधुनिक प्रेम की असली रोशनी अब चाँद में नहीं, स्मार्टफोन में बसती है! पहले पत्नियाँ छलनी से चाँद देखकर पति का चेहरा निहारती थीं। अब पति दूसरे शहर में हों, विदेश में हों या ऑफिस में बैठकर बॉस की डाँट खा रहे हों, वीडियो कॉल पर दर्शन देना उनका परम कर्तव्य है। पत्नी ने छलनी उठाई, मोबाइल का कैमरा खोला और पतिदेव स्क्रीन पर प्रकट! व्रत भी पूरा, तकनीक का सदुपयोग भी पूरा।

मगर इस डिजिटल प्रेम में भी कुछ खतरे हैं। नेटवर्क चला जाए तो पति की लंबी उम्र का मामला बफरिंग में अटक सकता है। वीडियो कॉल के बीच आवाज गायब हो जाए तो पत्नी को पति का मौन प्रेम नहीं, कोई नई साजिश नजर आने लगती है। और यदि पतिदेव ने कैमरा बंद कर दिया, तो सवाल उठता है-चाँद छिपा है या पतिदेव कोई राज छिपा रहे हैं? पहले पति बाजार से साड़ी, मिठाई और गहने लाकर पत्नी को खुश करते थे। अब ऑनलाइन ऑर्डर देकर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं-'प्रिय, तुम्हारा उपहार रास्ते में है।' पत्नी भी मुस्कराकर कह देती है-'ठीक है, लेकिन डिलीवरी का इंतजार तुम्हारी लंबी उम्र से भी लंबा नहीं होना चाहिए!' सोशल मीडिया ने तो करवा चौथ को प्रेम से अधिक प्रदर्शन का त्योहार बना दिया है। किसकी साड़ी महँगी, किसकी मेहँदी गहरी और किसका पति अधिक रोमांटिक-इसकी प्रतियोगिता देर रात तक चलती है।

सच तो यह है कि तकनीक दूरियाँ मिटा सकती है, रिश्तों की गर्माहट नहीं खरीद सकती। करवा चौथ का असली चाँद मोबाइल में नहीं, पति-पत्नी के विश्वास में चमकता है। वरना स्क्रीन पर चेहरा हजार बार दिख जाएगा, मगर दिल में जगह बनाने के लिए नेटवर्क नहीं, सच्चा प्रेम चाहिए!

एक जीता-जागता व्यक्ति



कहानी

रघुवीर सहायक

अक्सर मेरा मित्र टोका करता, क्या देखा करते हो सड़क पर चलते हुए?'

कुछ नहीं, दिखाई देता है, इसलिए देखता हूं।'

और मैं समझता हूं कि कोई चीज देखते चलते हो कि पड़ी मिल जाए तो उठा लूं।'

हां, शायद यह इरादा रहता है, इनकार नहीं कर सकता। पर ताज्जुब है आज तक कुछ उठाकर ला नहीं पाया। वास्तव में सड़क पर तमाम लोग।'

बेशक, सबके सामने तुम्हारी हिम्मत ही न होगी, और जिसने पहले देखी होगी वह तुम्हें क्यों हाथ लगाने देगा?'

जी नहीं,' मैं हंसा, लोगों को लो।'

अच्छा,' उसने आंख मारी, आप कोई जीती-जागती चीज घर ले जाएंगे!'

नहीं, नहीं,' मैंने कहा, लोगों को ही देखो, क्या यह कुछ कम रोचक है कि कितनी भीड़ है और सब अपने-अपने रास्ते जा रहे हैं और किसी को परवाह नहीं है कि मैं क्या कर रहा हूं क्योंकि मैं उन्हें देखता हूं पर हस्तक्षेप नहीं करता। देखो न, इस तरह मुझे भी औरों के साथ एक अस्तित्व मिल जाता है और वे सब ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्र रहते हैं क्योंकि कम-से-कम दखल देते हैं।' फिर अपनी बात सरल करने के लिए मैंने कहा, मेरा मतलब है, यह मुझे अच्छा लगता है।'

हूं, अहं, अहं, सिर्फ अहं,' उसने कहा, अपने-आपको जाने क्या समझते हो।'

ठहरो, यह देखो, मैंने पैर टेककर साइकिल रोक ली। वह कुछ दूर आगे जाकर रुका। सिर घुमाकर बोला, अमां, पा गए कुछ?'

वह एक आधी घरेलू चिड़िया थी, गौरैया कदापि नहीं उससे कुछ ज्यादा रंगीन मेल की, जिसकी पीली चोंच होती है और पीले पंजे, काला सिर और कत्थई देह होती है। मुझे मालूम नहीं, वह पिड़कुलिया है या देसी मैना, पर इस मनःस्थिति में उसे कभी नहीं देखा था जिसमें वह इस समय थी।

मित्र बोला, यह यहां क्या करने आ गई?' जैसे यह उन्हीं की गलती हो और अब उन्हें सहानुभूति के लिए मजबूर होना पड़ रहा हो।

चिड़िया बिना पर खोले ही फड़फड़ाई। उसने शरीर का बोझ एक बार इधर, फिर उधर डाला और दम लेने लगी। कोलतार के एक कीचड़ में वह फंस गई थी। बनती सड़क के लिए बजरी का एक ढेर पास ही लगा था, उस पर पांच-छह कौए और-और तरफ देखते हुए बैठे थे।

मित्र साइकिल घुमाकर पास आया, साले अभी से जमा हो गए? अमां मरने तो दो किसी को चैन से।'

क्या सचमुच चिड़िया मर रही थी? मर जाती। तारकोल बहकर वहां जमा हो गया था, उस पर धूल जम गई थी और अनजाने में उस पर वह उतर पड़ी थी। काफी देर से वह छुड़ा रही होगी तभी कौओं ने देखा होगा-उड़ नहीं रही है तो खाद्य है।

सूरज डूब रहा था। ढलुआं सड़क पर झुंड की झुंड मशीनें आदमियों को लेकर पीली रोशनी में पैठी जा रही थीं। हम लोग जहां खड़े थे वहां यातायात ऐसा हो गया जैसे बहते पानी में कहीं कोई टहनी अटक जाए तो वह भंवर बना ले।

जरा किनारे हो लें,' मैंने कहा, नहीं, नहीं, इधर से नहीं चिड़िया से और दूर जाकर फुटपाथ पार करेंगे।' मित्र ने घूरकर देखा। हम लोग बिलकुल हाशिये पर जाकर खड़े हो गए, पर वहां भी चिड़िया से करीब उतनी ही दूर थे।

चिड़िया के लिए कोई उम्मीद न थी। एक पंजा जरा-सा हुमसता तो दूसरी ओर जोर पड़ता और वह फिर फंस जाती। चौंककर देखती और फिर इधर-उधर बदन को झटके देती और पंख न खोलती-शायद पंख खोलने से पंजे और धंसने लगते हों-लेकिन उसका कलेजा मुंह को आ जाता।

मित्र ने कहा, देखो यार, बिलकुल आदमियों की तरह कर रही है।'

छुड़ा दूं, मैंने सोचा। इसमें सोचने की क्या बात है? पर क्या वह खुद कोशिश नहीं कर रही है, उसे अपने-आप करने न दूं? मैं समझ सकता हूं कि खुद कोशिश करने का क्या अर्थ होता है और सहानुभूति एक जगह अनादर भी बन जा सकती है। वह इस समय एक महत्त्वपूर्ण संघर्ष कर रही है जैसे उसने जरूरी समझा है और जैसे वह ही कर सकती है। उसे करने दूं? अन्त तक ले जाने दूं?-जैसे उसे सुखकर होगा?

मूर्ख,' मित्र बोला, उसे छुड़ा क्यों नहीं देता? अहंवादी लोग दूसरों को सताए बिना रह नहीं सकते।' उसने साइकिल दीवार के सहारे छोड़ दी और खुद आगे बढ़ा। मैंने रोक लिया। रहो, रहो। अपने अहं को थोड़ा और रोक रक्खो, मैंने उससे मन में कहा। वह रुक तो गया, पर एक पत्थर उठाकर उसने कौओं पर फेंका। जिसे लगनेवाला था वह फुदककर किनारे हो गया, उसने इधर देखा तक नहीं।

न चिड़िया ही हमारी तरफ देख रही थी। उसने कौओं की ओर भी न देखा था, यद्यपि उनका होना वह जानती थी। वह डरी हुई थी, पर उसका डर एक परिस्थितिगत वास्तविकता थी। धीरे-धीरे वह उसके समकक्ष आ चुकी थी। स्पष्ट देखा जा सकता था कि उसकी कोशिश सिर्फ छूटकर उड़ जाने की है; कौए हैं तो हैं, और वे उसके फंस गए होने की स्थिति का एक अंग ही हैं।

तो क्या मैं छुड़ा दूं? इसमें सोचना क्या है? पर वह अपने को छुड़ा लेगी, निश्चय ही छुड़ा लेगी। वह आखिरकार मिट्टी की नहीं है, भुस-भरी भी नहीं है, और यहां उसके संघर्ष में क्या है जो में तरस खाते हिचकिचाता हूं?

फिर भी, फिर भी, फिर भी.सहसा और देखते रहना असम्भव हो गया। आखिरकार मैं उससे बड़ा और ज्यादा ताकतवर था। मैं आगे बढ़ा।

पहली बार चिड़िया ने मुझे देखा। जिस तरह वह अभी तक नहीं करना चाह रही थी, वैसे पंख फड़फड़ाकर अपने को हुमसाने लगी। एक कदम मैं और आगे बढ़ा और मन में कहा, बस, क्षण-भर में सब हो जाएगा।'

चिड़िया ने कातर आंखों से मुझे देखा। उसमें केवल अविश्वास था। उसने चोंच खोल दी और बुरी तरह डरकर वह छटपटाई।

मैंने कहा, मैं तुम्हें छुड़ाने आ रहा हूं।'

जकड़े हुए पंजों पर उसका शरीर दाएं से बाएं पागल की तरह डोलने लगा। जैसे कह रहा हो, नहीं, नहीं।'

मैंने कहा, मैं तुम्हें आहिस्ते से छुड़ा दूंगा।'

उसने हांफकर चोंच बन्द की और फिर खोली, कहा, नहीं, नहीं, मैं खुद छूटने को बेकरार हूं।'

मैंने कहा, ठहरो तो.' हालांकि मैं जान गया था कि उसके सामने मैं कितना बेकार था। मेरे सामने वह सड़क की भीड़ का एक हिस्सा थी, जीता-जागता, जिसे पहले मैंने देखा था, पर उसका अपना अस्तित्व था जिस पर कोई हाथ नहीं डाल सकता था। मैं उसे केवल भयभीत कर सका था और मैं कुछ कर भी नहीं सकता था, पर उसने अपनी सारी ताकत जुटा ली थी और यह सिर्फ वही कर सकती थी। मैंने मौन रहकर उसे आंख-भर देखा। जैसे सम्मोहित होकर वह एक पल थिर आंखों से मुझे देखती रही, फिर कांपकर ऐसे फड़फड़ाई जैसे यह उसका आखिरी फड़फड़ाना हो। फिर उसने पंख खोल दिए और उन्हें तान दिया। अचानक वह छूट गई।

गज-भर दूर उड़कर उसने धूल में पंजे रगड़े और मकानों की तरफ उड़ चली। कौओं में से एक ने एक बार कैंव किया और फिर सब बजरी के ढेर पर बदहवासों की तरह फुदकने लगे।

मित्र बोला, अमां जाओ, तुमसे कुछ नहीं हो सकता।'

रंगीन आकाश और डूबते सूरज की तरफ बस्ती थी, जिधर चिड़िया तैरती चली जा रही थी। उस पर से दृष्टि उतारकर मैंने पूछा, क्या?'

वह बोला, अमां, हम तो खुश हुए थे कि चलो, तुम्हें कुछ मिल गया पड़ा हुआ।'

हां, मिला तो था,' मैंने कहा।

मगर?' उसने पूछा।

मगर,' मैंने कहा, उसे तो चिड़िया अपने साथ लेकर उड़ गई।'

माताएं क्यों रखती हैं अहोई अष्टमी का कठिन व्रत

ज्योतिषाचार्य डॉ. उमाशंकर मिश्रा के अनुसार इस साल 2026 में अहोई अष्टमी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। बहुत ही खास इस हिंदू त्योहार को हर मां अपने बच्चों की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए मनाती हैं और अपने बच्चों के लिए व्रत रखती हैं। अहोई अष्टमी को करवा चौथ के चार दिन बाद और दिवाली से लगभग आठ दिन पहले मनाया जाता है। उत्तर भारत में अहोई अष्टमी को करवा चौथ की तरह ही गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। अहोई अष्टमी के दिन महिलाएं सुबह से शाम तक व्रत रखती हैं और पूरी श्रद्धा से पूजा करती हैं. शाम को आसमान में तारे दिखने के बाद ही व्रत तोड़ा जाता है। कुछ परंपराओं में, महिलाएं चांद निकलने के बाद ही अपना व्रत खोलती हैं

अहोई अष्टमी कैसे मनाएं : अहोई अष्टमी के दिन, माताएं सुबह जल्दी उठकर स्नान करती हैं. वे एक साफ दीवार पर अहोई माता और उनके बच्चों का चित्र बनाती हैं। कई माताएं अहोई माता के चित्र वाले पहले से छपे कैलेंडर का भी उपयोग करती हैं। इसके बाद, चित्र के बाईं ओर पानी से भरा एक मिट्टी या चांदी का पात्र रखा जाता है, जिसके गले पर एक पवित्र धागा बंधा होता है। साथ ही, पानी से भरा एक गिलास भी रखा जाता है, जिसका उपयोग पूजा के बाद सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, गेहूं के दानों से भरा एक कटोरा रखा जाता है, और साथ ही गन्ना, सिंघाड़ा, चने, ज्वार, और (गेहूं के आटे से बना) हलवा या मीठी पूरियां जैसी कई खाद्य सामग्री भी रखी जाती हैं।

अहोई अष्टमी व्रत कथा : अहोई माता की प्रसिद्ध कथा इस प्रकार है- एक समय की बात है एक महिला अपने सात बेटों के साथ एक गांव में रहती थी. दिवाली आने वाली थी और महिला ने उससे पहले अपने घर की मरम्मत करने का फैसला किया। मरम्मत के लिए वह मिट्टी लाने के लिए जंगल गई. जब वह एक खोह के पास कुल्हाड़ी से मिट्टी खोद रही थी, तो उसकी कुल्हाड़ी गलती से एक जानवर के बच्चे पर जा गिरी, जिससे उस बच्चे की वहीं मौत हो गई। इस घटना से महिला को बहुत बुरा लगा और पछतावा हुआ. लेकिन वह वहां से चुपचाप मिट्टी इकट्ठी की और भारी मन से उसे घर ले आई। इस घटना के एक साल के भीतर, उसके सातों बेटे एक-एक करके चल बसे. इसके बाद वह महिला गहरे अवसाद में चली गई। फिर एक दिन, उसने गांव की कुछ बुजुर्ग महिलाओं को अपनी एक गलती के बारे में बताया, जो उसने एक साल पहले की थी। गांव की महिलाओं ने उससे कहा कि दूसरों के सामने अपना पाप स्वीकार करके उसने आधे पाप का प्रायश्चित तो कर ही लिया है। बाकी आधे पाप के प्रायश्चित के लिए, महिलाओं ने उसे अहोई अष्टमी के दिन व्रत रखने और देवी अहोई की पूजा करने की सलाह दी। इसके बाद उस महिला ने कई वर्षों तक पूरी श्रद्धा के साथ अहोई अष्टमी का व्रत रखा। इसके फलस्वरूप, उसे अपने सातों बेटे वापस मिल गए। मान्यता है कि सच्चे मन से व्रत रखने और अहोई अष्टमी की पूजा करने से बच्चों को सेहत, खुशहाली और लंबी उम्र मिलती है।

अहोई अष्टमी से जुड़ी एक अन्य कहानी इस प्रकार है कि एक समय चंद्रभान नामक एक राजा के सभी बच्चे कम उम्र में ही गुजर गए थे। अपने बच्चों को खोने के दुख में डूबकर राजा और रानी दोनों ने अपनी जान देने का फैसला किया और बद्रीकाश्रम के पास एक जंगल में चले गए, जहां उन्होंने खाना-पानी सब छोड़ दिया। कुछ समय बाद, एक साधु आए और बताया कि वे अपने पिछले जन्मों के पापों की वजह से इस जन्म में दुख झेल रहे हैं। साधु ने उन्हें अहोई अष्टमी के दिन निर्जला व्रत रखने की सलाह दी ताकि उन्हें देवी अहोई के आशीर्वाद से संतान सुख मिल सके। राजा और रानी ने पूरी श्रद्धा से यह व्रत रखा। नतीजतन, उन्हें आने वाले सालों में कई स्वस्थ बच्चे हुए, और वे लंबी और खुशहाल जिंदगी जिए। तब से हिंदू महिलाओं के लिए हर साल एक खास तारीख को अहोई व्रत रखना एक परंपरा बन गई है।

शिक्षा अधिकार बारे दी जानकारी



सीमा सन्देश # पदमपुर। ग्राम पंचायत 23 बीबी के राजकीय संस्कृत विद्यालय में विधिक सेवा समिति द्वारा शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों व स्टाफ को महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारियां दी। वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर प्रसाद बिश्नोई , गुरजंट सिंह बलविंद्र थिंद, नरेंद्र मोहन ने विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध मे जानकारियां देते हुए कहा की हमारा जीवन तभी तक स्वस्थ और सुरक्षित है जब तक हम नशा रहित जीवन के मार्ग पर चलते है। जहां आप शिक्षा ग्रहण कर रहे है वहां की लड़कियों व लड़कों के लिए अलग टॉयलेट होना अनिवार्य है। निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 बारे भी जानकारी दी। प्रधानाध्यापक व स्टाफ द्वारा अधिवक्ताओं का स्वागत व सामान किया गया।

बालाजी मंदिर में लगा लंगर



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। हनुमानगढ़ रोड स्थित श्री बालाजी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर मनोकामेश्वर श्री बालाजी युवा शक्ति मंच धार्मिक व मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और झुग्गी-झोपड़ियों के जरूरतमंदों को बालाजी का प्रसाद व लंगर बांटा गया। ट्रस्ट अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक संजय कौशिक ने बताया कि नवरात्रा से शरद पूर्णिमा तक सूरतगढ़ व पल्लू मोड़ पर दर्शनार्थियों, जरूरतमंदों के लिए लंगर-जलपान की व्यवस्था की गई।

इस सेवा का समापन मोकलसर गांव स्थित करणी माता मंदिर में लंगर के साथ हुआ। ट्रस्ट के टीना शर्मा, साहिल कौशिक, इंद्राज व विजय कुमार आदि ने सेवाएं दीं।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, बाल संरक्षण व सुरक्षित वातावरण के महत्व को समझाने के उद्देश्य से डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट भावना ने विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक करते हुए अपने अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी। ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम के तहत सपनों को पंख देने वाला सुरक्षित स्थान विषय पर आयोजित शिविर में भावना ने बाल संरक्षण व बच्चों को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध करावाने के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में विद्यार्थियों को सरल भाषा में विभिन्न विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

मैराथन में चंद्रकला द्वितीय स्थान



सीमा सन्देश # निरवाना। चौ. मोटा राम मील मेमोरियल महाविद्यालय की छात्रा चंद्रकला पुत्री कालूराम ग्राम निरवाना ने श्रीगंगानगर स्थापना दिवस पर आयोजित 5 किमी मैराथन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता फिट-गंगानगर सोसाइटी और जिला प्रशासन श्रीगंगानगर के तत्वावधान में आयोजित की गई। छात्रा को ट्राफी व 5100 रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

संस्था अध्यक्ष जयमलराम मील, प्राचार्य डॉ अरविन्द कुमार गौड़ व स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय के कोच ताराचंद व छात्रा का साफा पहनाकर स्वागत किया। छात्रा को महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई।

स्काउट-गाइड ने पर्यावरण चार्ट प्रति. और ई-कचरा जागरूकता फैलाई



सीमा सन्देश # जानकीदासवाला। राजस्थान राज्य भारत, स्काउट गाइड स्थानीय संघ सूरतगढ़ के सचिव डॉ. सुनील कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 13 एसडी के स्काउट राहुल, जितेन्द्र, सूर्य प्रकाश , गाइड वीना, कनिष्ठा तथा स्नेहा आदि बच्चों ने पर्यावरण विषयक चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। एलईडी के माध्यम से ई- कचरा निस्तारण के कंटेंट प्रदर्शित कर जागरुक किया गया।

घर में सूखा कचरा, गीला कचरा के लिए अलग -अलग डस्टबिन रखने को प्रेरित किया। प्राचार्य पूनम शर्मा ने सबको पारितोषिक देकर धन्यवाद दिया।

करवा चौथ: सूरतगढ़ के बाजारों में सजी रौनक, महिलाओं में उत्साह

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



सूरतगढ़। सुहागिनों का प्रमुख त्योहार करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में रौनक देखते ही बनी। सुहागिनों में सजने-संवरने व हाथों पर मेहंदी रचाने का खासा उत्साह नजर आया। मेहंदी की स्टालों से लेकर ब्यूटी पार्लर, साड़ी, रेडिमेड कपड़ों, मिठाइयों की दुकानों तक ग्राहकों की खूब चहल-पहल रही। मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। बाजार में लगी विभिन्न स्टालों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही और अपनी बारी का इंतजार करती महिलाएं मेहंदी लगवाने के लिए कतारों में नजर आई। समाजसेवी अनिल छाबड़ा के प्रतिष्ठान छाबड़ा ज्वैलर्स पर हर बार की तरह इस बार भी निःशुल्क मेहंदी लगाने की व्यवस्था की गई। यहां सैकड़ों महिलाएं मेहंदी लगवाने पहुंचीं। इसके अलावा शहर की अन्य स्टालों पर भी महिलाओं की भीड़ जुटी रही। इसके अलावा मिठाई, साड़ी, रेडिमेड कपड़ों आदि की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी रही। त्योहार की तैयारियों के बीच बाजारों में रात तक रौनक बनी रही और महिलाओं में पर्व को लेकर खास उमंग दिखाई दी।

क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। कुम्हार समाज के पहले क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज गुरुवार को होगा। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में कुम्हार समाज की आठ टीमें दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह साढ़े 9 बजे बीकानेर रोड पर गुरुद्वारा सिंह सभा के सामने पुराने पशु चिकित्सालय स्थित कोर्ट परिसर मैदान में होगा। कुम्हार समाज क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में विधायक डूंगरराम गेदर मुख्य अतिथि व नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर विशिष्ट अतिथि होंगी। पहले दिन चार मुकाबले खेले जाएंगे। उद्घाटन मुकाबला सुबह 10 बजे कुम्हार ब्लास्टर इलेवन व श्री यादे टाइगर फोर्स तथा दूसरा मैच सुबह साढ़े 11 बजे प्रजापति वॉरियर्स व चक्रा टाइटन्स फोर्स के बीच खेला जाएगा। विजेता टीम को 21 हजार व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के नानक बाघेला, सुनील लिलोईया, राकेश कारगवाल, दीपक मोरवाल, मोनू पिगोरिया सहित अन्य समाजबंधु तैयारी में जुटे हुए हैं।

मरम्मत के चलते 26 घंटे बंद फाटक

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। पंचायत समिति के सामने हनुमानगढ़ रेलमार्ग पर स्थित रेलवे फाटक सी-94 मरम्मत कार्य के चलते गुरुवार सुबह 6 से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक 26 घंटे के लिए बंद रहेगा। शटडाउन में रेल ट्रैक का हिस्सा बदलने सहित अन्य मरम्मत कार्य करवाया जाएगा। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जाब्ता तैनात मांगा गया है।

पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस का जनसंपर्क, गांवों में सभाएं आयोजित



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से संवाद किया। विधायक डूंगरराम गेदर के नेतृत्व में 28पीबीएन, 1केएसआर, श्योपुरा, पालीवाला, रामसरा, 1एलएलपी, संघर, गुरुसर मोडिया, भगवानगढ़, सरदारपुरा बीका, घमंडिया और 15एसजीआर आदि गांवों में सभाएं आयोजित की गईं। इस दौरान जिला परिषद व पंचायत समिति चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की गई। विधायक गेदर ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए किसानों की समस्याओं के समाधान, शिक्षा में सुधार और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को जरूरी बताया। पूर्व मंत्री परमजीत सिंह रंधावा, ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, अमित कड़वासरा, गगन विंडिंग, इंद्राज कालवा, जमील अहमद और पीयूष छाबड़ा आदि वक्ताओं ने फसलों के उचित दाम, बढ़ती कृषि लागत, सिंचाई, शिक्षा, चिकित्सा और सड़कों के मुद्दों को उठाते हुए भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक वोट गांवों के विकास और किसानों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में ई-वेस्ट जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। पर्यावरण संरक्षण और ई-कचरे के उचित प्रबंधन हेतु छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता कैंपेन 6.0 के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अनूपगढ़ परिसर में ई-वेस्ट जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य शिव लाल सिंह ने बताया कि प्रश्नोत्तरी को तीन चरणों में विभाजित किया गया था, जिसमें ई-कचरे के दुष्प्रभावों, इलेक्ट्रॉनिक कचरे का सही निपटान, पुराने उपकरणों के पुनः उपयोग और दैनिक जीवन में हरित तकनीकों के प्रयोग से जुड़े सवाल पूछे गए। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने न केवल अपनी सामान्य ज्ञान की क्षमता का परिचय दिया, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा को लेकर अपनी गहरी समझ भी प्रदर्शित की। प्रार्थना सभा में प्राचार्य द्वारा विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठतम शिक्षिका प्रीति शर्मा, मोहित कुमार पारीक, हंसराज गुर्जर, छोटमल ईणखिया, डॉ. राजेंद्र वाधवानी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रभारी पवन कुमार सिहाग, सह प्रभारी कमल कांत सैनी, डॉ. पल्लवी गोयल, सुरेश कुमार, नीलम आदि शिक्षक एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

सीमा संदेश # चुरू। शहर में उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए चलाए गए औचक निरीक्षण अभियान के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। विधिक माप विज्ञान अधिकारी देवकी नंदन मुंडोतिया के नेतृत्व में जांच दल ने श्रीकालूराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड पर पैकिंग लाइसेंस न होने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया तथा श्रीकान्हा रसगुल्ला फैक्ट्री का भी निरीक्षण किया। यह कार्रवाई विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और डिब्बा बंद वस्तु नियम, 2011 के तहत की गई।

अधिकारी ने बताया कि नियमों का उल्लंघन मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

केपीएस स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



सीमा संदेश # रतनगढ़। ताल्लुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में केपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। शिविर में विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों, शिक्षा के अधिकार और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ ने विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। ताल्लुका सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनुशासन व नैतिक मूल्यों को अपनाने की सीख दी। पैनल अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत ने बाल अधिकारों व शिक्षा कानूनों की सरल भाषा में व्याख्या की। विद्यालय निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गोदारा ने अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा और कानूनी जागरूकता से ही जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण होता है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

जलदाय विभाग कार्यालय के सामने मिला गोवंश का कटा सिर



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। भाटिया आश्रम के पास जलदाय विभाग कार्यालय के सामने सोमवार रात्रि सड़क किनारे गोवंश का कटा शीश मिलने से गौ प्रेमियों में आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलने पर गोप्रेमी, गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता, जलदाय विभाग के कर्मचारी व आसपास के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। सिटी पुलिस ने घटनास्थल का अवलोकन कर कटे हुए शीश को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सकों की टीम से पोस्टमार्टम करवाया। इस संबंध विश्व हिंदू परिषद के खंड मंत्री किशन लाल स्वामी, जीव रक्षक सूर्यदीप बिश्नोई, गौ रक्षा दल सेवा समिति के बलदेव बिश्नोई, कामधेनु सेवा के जिला प्रमुख राकेश भादू, गोप्रेमी विनोद नाथ, पंकज शर्मा, किशन सिंह आदि की ओर से पुलिस को दिए परिवाद में बताया गया कि भाटिया आश्रम के सामने वाली गली में वाटर वर्क्स के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोवंश का कटा शीश डाल कर धार्मिक भावना को आहत व भड़काने का प्रयास किया है। इस मामले की गंभीरता से जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएं। साथ ही गौ प्रेमियों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलनात्मक कदम उठाया जाएगा। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने भी पहुंच कर मामले की जानकारी लेते हुए कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



सीमा सन्देश # मिर्जेवाला। ग्राम पंचायत चुनाव को मद्देनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मटीलीराठान पुलिस थाना की ओर से मिर्जेवाला में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस ने ग्रामीणों को निर्भीक होकर मतदान करने तथा चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च की शुरूआत गांव के मुख्य बस स्टैंड से हुई। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने बाजार सहित गांव के मुख्य मार्गों पर मार्च किया। मटीलीराठान थाना प्रभारी मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल सतपाल बिश्नोई सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

अनूपगढ़: पालिका ने पत्रकार कॉलोनी की डिवाइडर रोड से हटाया कचरा

कचरा निस्तारण मशीन खड़ी होने से वाहन चालकों को हो रही थी परेशानी



सीमा सन्देश # अनूपगढ़

शहर की पत्रकार कॉलोनी के वार्ड नंबर 3 से गुजरने वाली डिवाइडर रोड पर नगरपालिका की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। सड़क के एक तरफ लंबे समय से कचरा फैला हुआ था और कचरा निस्तारण मशीन खड़ी होने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर पिछले दिनों पत्रकारों ने ज्ञापन देकर सफाई करवाने की मांग की थी। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी बब्बू के निर्देश पर स्वच्छता निरीक्षक कपिल जावा, वाहन प्रभारी मामराज, जमादार मदनलाल और हुकमाराम सहित कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सड़क पर फैले कचरे तथा मशीन को हटाकर सफाई करवाई। स्थानीय लोगों ने सड़क पर नियमित सफाई बनाए रखने और कचरा जमा नहीं होने देने की मांग की। इस मौके पर पत्रकार नरेश धुडीया, बाबूलाल कुदावला, सोनीया ओझा थे।

श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया भीष्म पितामह इच्छामृत्यु प्रसंग

सीमा सन्देश # सरदारशहर



शहर के ताल मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन के संत प्रहलाद महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा और महाभारतकालीन भीष्म पितामह के इच्छामृत्यु प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

हनुमान प्रसाद, प्रेमकिशोर, राकेश कुमार और सुधाकर जोशी परिवार के सहयोग से आयोजित इस कथा में भारी भीड़ उमड़ी।

कथावाचक ने बताया कि जब भीष्म पितामह ने अधर्म का साथ देते हुए पांडवों पर बाणों की वर्षा की, तब धर्म की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण अपनी प्रतिज्ञा भूलकर रथ का पहिया लेकर आगे बढ़े, जिससे भीष्म ने प्रभु के समक्ष शस्त्र डाल दिए। इस दौरान बाणों की शय्या पर लेटे भीष्म की सजीव झांकी सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा संयोजक शोभाकांत स्वामी, अध्यक्ष शंकरलाल परेमाणी, उपाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़ और मंत्री ओमप्रकाश पारीक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणियों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टय्या तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी का नाम	धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख एवं प्रकार
रमेश कुमार, विनोद कुमार, इन्द्रा इवाटी, पूजा कुमारी खाता सं. 211211202114484	6 अगस्त 2026 ₹ 1429916/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 57, बुक नं. 13, ग्राम पंचायत रामगढ, पंचायत समिति नोहर, हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335504/ **क्षेत्रफल 2460 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 27 अक्टूबर 2026
स्व. श्रीमती उर्मिला देवी जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री भूपचन्द, श्री कैलाश चन्द, श्री पवन कुमार, कैलाश चन्द, भूप चन्द जमानतदार : सुनील सुनील, मांगी लाल खाता सं. 191209501065738	6 अगस्त 2026 ₹ 239755/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 25, बुक नं. 6, ग्राम पंचायत चोहिलनवाली, हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335803/ **क्षेत्रफल 1456 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 26 अक्टूबर 2026
सुभाष सुभाष, मंजू मंजू जमानतदार : भागीरथ भागीरथ खाता सं. 171211200704964	6 अगस्त 2026 ₹ 259295/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 41, बुक नं. 89, ग्राम पंचायत पदमपुरा, तहसील नोहर, हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335523/ **क्षेत्रफल 288.88 वर्ग गज**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 27 अक्टूबर 2026
प्रेम कुमार, चन्द्रकला चन्द्रकला जमानतदार : बनवारी लाल खाता सं. 171209500690992	6 अगस्त 2026 ₹ 286730/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 40, बुक नं. 85, डाबली बास मौलवी, हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335803/ **क्षेत्रफल 2860 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 27 अक्टूबर 2026
ज्ञाना सिंह, मंजू देवी जमानतदार : राकेश सिंह खाता सं. 181211200828838	6 अगस्त 2026 ₹ 211041/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 0011, बुक नं. 86, ग्राम पंचायत रस्लाना, पंचायत समिति भादरा, जिला हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335502/ **क्षेत्रफल 1474 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 27 अक्टूबर 2026
ओम प्रकाश, निर्मला निर्मला, सौरभ सौरभ जमानतदार : राम कुमार खाता सं. 201214701781005	6 अगस्त 2026 ₹ 561437/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 43, बुक नं. 1, ग्राम पंचायत रशुवाला पंचायत समिति संगरिया, जिला हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335062/ **क्षेत्रफल 275 वर्ग गज**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 26 अक्टूबर 2026
भूरा राम, सुरेन्दर कुमार, सुमन देवी, शिव प्रकाश जमानतदार : जसवन्त जसवन्त खाता सं. 181214400873043 व 191214401246973	6 अगस्त 2026 ₹ 277963/- व ₹ 165687/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 07, बुक नं. 277, ग्राम पंचायत धंधेला, पंचायत समिति नोहर, जिला हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335523/ **क्षेत्रफल 159.03 वर्ग गज**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 26 अक्टूबर 2026
केशर केशर, संजय कुमार खाता सं. 211221802196297 व 231221803371109	6 अगस्त 2026 ₹ 267213/- व ₹ 145267/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 018, बुक नं. 274, ग्राम पंचायत गढी छानी, तहसील-भादरा, जिला-हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335511/ **क्षेत्रफल 1950 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 27 अक्टूबर 2026
बुदवंती बुदवंती, रूगाराम रूगाराम, सुशील कुमार खाता सं. 211209502216484	6 अगस्त 2026 ₹ 219809/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 23, बुक नं. 28, ग्राम पंचायत टिब्बी, पंचायत समिति टिब्बी, जिला हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335526/ **क्षेत्रफल 1440 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 26 अक्टूबर 2026
हनुमान हनुमान, माया माया खाता सं. 211214702214023	6 अगस्त 2026 ₹ 476564/- 4 अगस्त 2026	पट्टा नं. 09, बुक नं. 94, जी.पी. सलेमगढ, पी.एस. टिब्बी, हनुमानगढ, राजस्थान (भारत)-335526/ **क्षेत्रफल 2652 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 26 अक्टूबर 2026
स्व. श्री शिव कुमार जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री राज कुमार वर्मा, श्रीमती संतरो देवी उर्फ उर्मिला, राज कुमार वर्मा, संतरो देवी उर्फ उर्मिला खाता सं. 251211205390956	6 अगस्त 2026 ₹ 1732902/- 4 अगस्त 2026	खसरा नं. 159 दुकान नं. 204, मॉडल टाउन, नोहर, हनुमानगढ, राजस्थान **क्षेत्रफल 390 वर्ग फीट**	सांकेतिक कब्जा दिनांक 27 अक्टूबर 2026

स्थान : राजस्थान दिनांक : 29-10-2026 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

वर्ग पहली क्रमांक 7963



AMRITA NANDANWAR Mob 09822568532

बायें से दायें:- 1) माँगना, 15) इधर उधर बार घूँघट, 2) समीक्षा, 4) बार भेजना, 17) घुमक्कड़, माथा, 5) सख़्त, 6) चाकू, 20) फहराना, 22) अकेलापन, 7) भात, 8) पतला, 10) 23) हुनरमंद; गुणसंपन्न, 25) सही, 12) धन; जादू, 14) सफ़ेद, 26) अप्रसन्न; नाराज़, पल्ला, 16) देह, 18) सिर 27) एक फल, 28) घना. घूमना, 19) छलनी, 21) (उत्तर : अगले अंक में) कष्ट, 23) अपराध, 24) जंगल, 25) पृथ्वी, 26) ख़ारगोश, 27) लगातार, 29) एक इस्लामी त्योहार.

ऊपर से नीचे:- 1) आया; *नर्स,* 2) सीधा का *उलटा,* 3) चमकीला, 4) महाराष्ट्र की भाषा, 5) मुसलमानी धर्मसूत्र, 9) कौशलेय, 11) कर्म, 13)

पिछली पहेली का उत्तर

ह	ल	च	ल		ना	वा	जि	ब	
स्का		ह	व	ल	दा	र		चा	ल
ब	ग़	ल		व	र		प		गा
ल्ला		प		ले		म	र	दा	ना
	अ	ह	नि	श			व	ह	
को	म	ल			पा	ग	ल		अ
ला	ली		अ	क	स	र		जै	न
ह		बा		रे		बी			मो
ल	ड़	बा	व	ला		ला	मि	सा	ल

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 29 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

1709 : इंगलैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किया।
1794: फ्रांसीसी सैनिकों ने वेंलो पर कब्जा कर लिया।
1864: यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया।
1923: 24 जुलाई को लॉजेन की संधि ने तुर्की के मुस्तफा केमल अतातुर्क के साथ पहले राष्ट्रपति के रूप में निर्माण किया।
1923: मुस्तफा केमल अतातुर्क तुर्की के पहले राष्ट्रपति बने, नए राष्ट्र की स्थापना तुर्क साम्राज्य के अवशेषों से हुई।
1942: नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की।
1955: बेल्जियम ने कामगारों के लिए सप्ताह में पांच दिन काम करने के कानून को मंजूरी दी।
1964: अफ्रीकी देश तंगायिका-जांजीबार संयुक्त गणराज्य का नाम बदलकर संयुक्त गणराज्य तंजानिया किया गया।
1967: छह महीनों में 50 मिलियन से अधिक आगंतुकों को आकर्षित करने के बाद मॉन्ट्रियल में एक्सपो 67 बंद किया गया।
1990: नॉर्वे के प्रधानमंत्री जॉन पी सिसे की अध्यक्षता वाली सरकार गिरी।
1999: भारत के पूर्वी तट पर 250 किमी की रफ्तार से आये महातूफान से करीब 150 लोगों की जान गई और पांच लाख लोग प्रभावित हुए।
2005: आतंक की लहर में, भारत की राजधानी नई दिल्ली में विस्फोटकों की एक श्रृंखला बंद हो जाती है। 61 लोग मारे गए हैं, जिनमें कई और घायल हैं। तीन बम व्यस्त बाजारों में एक दूसरे के कुछ ही मिनटों में उड़ गए।
2007: रिक्टर पैमाने पर पांच की तीव्रता वाला भूकंप नेपाल के मध्य भाग को तबाह करता है।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एनएनएस) शुक्रवार कार्तिक बदी पंचमी को गेहूं, एवं इसके उत्पादों, जौ, जई, सरसों, सूरजमुखी, बिनौला व इनके तेल, देशी चना, काबुली चना, तुवर, मोठ, मटर, उड़द, लौंग, गोला, दालचीनी, काजू, अजवायन, जायफल, हल्दी, जावित्री, बादाम गिरी, अमचूर, टिन-जस्ता, लोहा-इस्पात में लाभ तथा सोयाबीन, राजमा चित्रा, मक्की, बाजरा, मूंग, शर्मिली, कलौंजी, चीनी, रुई, कॉपर पीतल, छोटी इलायची, इमली, धनिया, जीरा, सौंफ, गुड़ खांडसारी, सोना-चांदी में हानि की संभावना है। भाग्यांक 2-3-5-7 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 6.47 बजे प्रातःद्द के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

29 अक्टूबर गुरुवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण तिथि कार्तिक कृष्ण पक्ष, नक्षत्र-रोहिणी, योग-परिघ, करण-बव, दिशाशूल-दक्षिण, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-मिथुन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर सफलता मिलेगी और करियर में नए अवसर प्राप्त होंगे।

वृषभ : परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। विद्यार्थियों व कारोबारियों को लाभ मिलेगा ।

मिथुन : आर्थिक मामलों में रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा और करियर में गुरु का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क : मित्रों की सलाह लाभदायक रहेगी और व्यापार में मुनाफा होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपकी क्षमता की सराहना होगी ।

सिंह : आत्मविश्वास बढ़ेगा और तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। व्यापार में लाभ होगा तथा परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

कन्या : करियर में बदलाव और कार्यक्षेत्र की चुनौतियों से निपटने में सफलता मिलेगी। अचानक धन लाभ होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

तुला : कारोबार में लाभ होगा और रुके हुए काम पूरे करने में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा, खानपान का ध्यान रखें।

वृश्चिक : परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और कोई अच्छी खबर मिल सकती है। धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

धनु : रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है और आर्थिक चिंताएं दूर होंगी। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा तथा करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

मकर : मेहनत का पूरा फल मिलेगा और आय में बढ़ोतरी के योग हैं। नए व्यापार की यात्रा लाभदायक रहेगी।

कुंभ : परिवार में मांगलिक आयोजन की योजना बन सकती है और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में नए अवसर प्राप्त होंगे।

मीन : जीवनसाथी के सहयोग से काम पूरे होंगे और कमाई का नया जरिया मिल सकता है। जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें तथा मेहनत जारी रखें।

ग्रेटर नोएडा की शाखा में खाताधारकों का हंगामा, मैनेजर समेत पांच कर्मचारी निलंबित

पीएनबी शाखा में 35 करोड़ की कथित हेराफेरी, एफडी और खातों से रकम गायब होने का आरोप

ग्रेटर नोएडा। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की ग्रेटर नोएडा स्थित ऐच्छर शाखा में खाताधारकों की करीब 35 करोड़ रुपये की रकम में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। ग्राहकों का आरोप है कि उनकी जानकारी के बिना एफडी समय से पहले बंद कर दी गईं और बचत खातों से रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दी गई। मामले के बाद बैंक ने शाखा प्रबंधक समेत पांच कर्मचारियों को निलंबित कर जांच शुरू कर दी है।



एफडी टूटने और खाते खाली होने की शिकायतें

मामला सेक्टर पाई-1 स्थित पीएनबी शाखा से जुड़ा है। जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों के कई खाताधारक बैंक पहुंच गए और अपनी जमा पूंजी की जानकारी मांगी। कई ग्राहकों ने आरोप लगाया कि वर्षों की बचत अचानक खातों से गायब हो गई। खाताधारक अमरपाल ने बताया कि उनकी 80 लाख रुपये की तीन एफडी थीं, जिन्हें बिना जानकारी के बंद कर दिया गया। वहीं बृजेश कुमार का आरोप है कि उनके खाते में 1.18 करोड़ रुपये थे, लेकिन बैंक पहुंचने पर खाता खाली मिला। कुछ अन्य ग्राहकों ने भी लाखों रुपये गायब होने और एफडी खत्म होने की शिकायत की है।

बैंक और पुलिस ने शुरू की जांच

मामला सामने आने के बाद पीएनबी ने शाखा प्रबंधक समेत पांच कर्मचारियों को निलंबित कर नए स्टाफ की तैनाती की है। बैंक अधिकारियों का कहना है कि जांच जारी है और ग्राहकों का पैसा सुरक्षित रहेगा। पुलिस ने भी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। खाताधारकों ने जल्द रकम वापस दिलाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बैंक कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप

ग्राहकों का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने फर्जी तरीके से रकम दूसरे खातों में भेजी। ऐच्छर निवासी ट्रांसपोर्टर विनीत भाटी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि निवेश के नाम पर उनसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए और उनकी 25 लाख रुपये की रकम किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दी गई। कुछ खाताधारकों ने यह भी आरोप लगाया कि जमीन अधिग्रहण के मुआवजे और वर्षों की जमा पूंजी में भी गड़बड़ी हुई है। हालांकि, वास्तविक नुकसान और प्रभावित खातों की संख्या जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

100 युवतियों को मिले प्रमाण-पत्र



हनुमानगढ़। यूथ वीरांगनाओं की ओर से मंगलवार को टाउन में किले के समीप स्थित एसएस जैन सभा धर्मशाला में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छह माह का निःशुल्क सिलाई, मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण पूरा करने वाली करीब 100 युवतियों और महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। वहीं, आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए पांच जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट की गईं। आगामी प्रशिक्षण सत्र के लिए 20 नई महिलाओं ने भी पंजीकरण करवाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कोषाधिकारी नीतू चुघ रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. मोनिका जांगिड़, एडवोकेट मिताली अग्रवाल, समाजसेवी सुमन चावला ने शिरकत की।

विद्यालय को दो कम्प्यूटर सेट भेंट



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सुनीत स्मृति धर्मार्थ ट्रस्ट ने राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय नं. 5, पुलिस लाइन में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु दो कम्प्यूटर सेट भेंट किए। प्रधानाचार्या रिपा तलवार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाशचन्द्र सेठी थे। प्रोजेक्ट चेयरमैन वासुदेव, इन्दूभूषण चावला व गोल्डी पाहूजा भी मौजूद रहे। अतिथियों ने कम्प्यूटरों का लोकार्पण तथा कक्षा 11 में स्थापित स्मार्ट पैनल बोर्ड का भी शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सेठी ने कहा कि कम्प्यूटर एवं स्मार्ट पैनल विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, तार्किक चिंतन और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में सहायता देंगे।

स्कूलों में सुरक्षित माहौल बनाने के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

बच्चों की सुरक्षा व अधिकारों हेतु आवाज उठाएं

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विधिक साक्षरता कार्यक्रम 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडेज' के तहत टाइनी टॉट्स स्कूल में बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश सुथार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित बचपन और भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। शिक्षा का अधिकार केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सुरक्षित और गरिमापूर्ण माहौल भी शामिल है। अभियान का उद्देश्य विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। सुधार ने विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे का शरीर उसका अपना है और किसी को भी उसकी अनुमति के बिना छूने का अधिकार नहीं है। उन्होंने बच्चों को असहज या अनुचित स्पर्श की स्थिति में तुरंत अपने शिक्षक या अभिभावक को बताने की सलाह दी। साथ ही शिक्षकों से बच्चों के साथ खुलकर संवाद करने और ऐसा वातावरण बनाने का आग्रह किया, जहां वे बिना किसी डर के अपनी बात रख सकें। चीफ रोहताश यादव ने विद्यार्थियों को मोबाइल का आवश्यकतानुसार उपयोग करने तथा साइबर अपराध होने पर साइबर पुलिस या संबंधित विभाग में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। अमन चलाना ने विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता, शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), विद्यालयी आधारभूत सुविधाओं, दैनिक सुरक्षा उपायों तथा स्कूल सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी।



विपश्यना परिचय कार्यक्रम एक नवम्बर को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पदमपुर रोड स्थित 7ए छोटी गांव के धम्म मधुवन विपश्यना केंद्र में 1 नवंबर को सुबह 9:30 बजे से 'विपश्यना परिचय कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा। इस में पंजीकरण, विपश्यना परिचय, आनापान अभ्यास, प्रश्नोत्तर और केंद्र अवलोकन के सत्र होंगे, जो दोपहर 1 बजे भोजन के साथ संपन्न होंगे। प्राचीन आत्म-खोज तकनीक पर आधारित यह सार्वजनीन और संप्रदाय-मुक्त ध्यान प्रणाली तनाव कम करने तथा जीवन में मानसिक संतुलन व शांति लाने में सहायक है। इसमें भाग लेने के लिए 31 अक्टूबर की शाम 7 बजे तक पूर्व-पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8745-7600 (आ. 700 क्विं.), मूंग 8321-6500 (आ. 1451 क्विं.), ग्वार 7650-6850 (आ. 183 क्विं.), नरमा 8806-8500 (आ. 2632 क्विं.), कपास 8740-8500 (आ. 44 क्विं.), बाजरा 2595 (आ. 35 क्विं.), **श्रीकरणपुर:** नरमा 9095-8850, कपास 8625-8450, सरसों 8600-8305, मूंग 8125-7800, **रायसिंहनगर:** सरसों 7900-8550, गेहूं 2890-2950, मूंग 7621-8436, नरमा 8600-8740, ग्वार 7531-7701, बाजरी 2657, मोठ 7945, **गजसिंहपुर:** सरसों 8140-8527, ग्वार 6500-7395, चना 6425-6601, मूंग 7311-8250, नरमा 8625-8796, कपास 8290-8551, **श्रीबिजयनगर:** मूंग 8496-7481, नरमा 8754-7481, ग्वार 7757-6595, सरसों 8100-7400, धान 4511-3901, बाजरी 2791-2709, गेहूं 2751-2709, कपास 8376-8249, **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2100-2860, सरसों 5500-8835, पीली सरसों 6200-8900, ग्वार 6500-7750, मूंग 5000-8350, नरमा 8000-8811, बाजरी 2000-2670, **जैतसर:** सरसों 81556-8290, मूंग 7510-8492, ग्वार 6600-7679, नरमा 8600-8880, कपास 8500-8600, धान 3725-4500, **घड़साना:** मूंग 8725-7000, नरमा 8865-8770, सरसों 8686-7767, ग्वार 7450-7205, गेहूं 2885, **अनूपगढ़ :** नरमा 8925-8673, मूंग 8570-7400, सरसों 8596-7500, धान 4522-3661, ग्वार 7700-7411, बाजरा 2725-2551, गेहूं 3010-2701, कपास 8740-8400

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1950, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1480, आटा (45 किग्रा.) 1440, सूजी 1600, बेसन 9100-9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 10000, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11400-12000, अरहर दाल 12000-13000, दाल मसूर 7800, दाल चना 8800, देशी चना 8200, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5600, गुड़ पेड़ी 5400, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6000, चीनी महाराष्ट्र 5500-5600, चीनी एल 5850-5900।,चीनी एस 5600, चीनी गंगानगर 5700।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8785, नरमा व्यापारी 8866, बाजरा 2550, ग्वार 7647, मूंग 7890, धान 2405, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8776, ग्वार 7460, धान पीआर व्यापारी 2985, **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8600, नरमा व्यापारी 8750, बाजरा 2550, ग्वार 7455, मूंग व्यापारी 7825, सरसों 8356, धान 2410, **रावतसर:** कपास 8400, नरमा 8880, गेहूं 2900, जौ 3011, बाजरा 2562, ग्वार 7588, चना 6900, मूंग 7880, मोठ 8581, सरसों 8400, तिल 14751, अरण्डी 7900, मूंगफली 7840, **नोहर :** ग्वार 7631, चना 7258, मूंग 8252, मोठ 8765, सरसों 8485, तिल 20525, अरण्डी 8000, मूंगफली 7850, **भादरा:** गेहूं 2850, ग्वार 7400, मूंग 7910, सरसों 9020, **संगरिया :** नरमा 8605, गेहूं 2861, बाजरा 2500, ग्वार 7000, चना 7140, मूंग 7650, सरसों 8522, **गोलूवाला :** नरमा 8800, गेहूं 2700, ग्वार 7781, चना 6916, मूंग 8000, सरसों 8408, तिल 16651, **पीलीबंगा :** कपास 8900, नरमा 8805, बाजरा 2557, ग्वार 7605, सरसों 8291, धान 2477,

गंगनहर का वरीयताक्रम



29 अक्टूबर 2026, गुरुवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एमएल	310 (7)	23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएलए	351 (7)	23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
करणीजी	681 (6)	24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	01 नवम्बर प्रातः 6 बजे
एफ	1184 (4)	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
केके	1197 (3)	27 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
एलएनपी	1474		
ईईए	1534		
बीबी	1732		
एमके	1830		
एच	2137		
वाई	2168		
जैड	2323		
डी-भागसर	2341		
बीआईएफ+जे	2382		
पीएस	2542		
नेतेवाला	2563		29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
हिरणावाली	2585		29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
जीजी	2786		29 अक्टूबर सायं 6 बजे
फार्म	2847		26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
रिडमलसर	2858		26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एचएच	2893		26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
आरबी	3163		26 अक्टूबर सायं 3 बजे
समेजा	3365		24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में बुधवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1419 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7251	साहवा	300
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	2550
एनडी	निल	कंवरसैन	512
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	3049
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

बुधवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 28.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.70
पानी की आवक - 8400 क्यूसेक, निकासी- 8400 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1359.47
पानी की आवक- 3079 क्यू., निकासी- 9018 क्यू., बीकानेर - 1752

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

28 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

रतनपुरा	42	नवां-सतीपुरा	987
नाथवाना	73	मोरजण्डा	1200
प्रतापपुरा	248	नगराना	1208
हरिपुरा	261	लीलांवाली	1448
दीनगढ़	274	भाखरांवाली	1453
सूरतपुरा	283	करनीसिंह	1783
मोडिया	508	मम्मड़खेड़ा	1978
पीलीबंगा	653	जोड़कियां	2058
लोंगवाला	868	सूरतगढ़	2178
अमरपुरा	963	भगतपुरा	2216
रोड़ांवाली	976	संगरिया	2222

शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 353 अंक टूटा, निफ्टी 22,700 के नीचे

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को उतार-चढ़ाव के बीच कारोबार की समाप्ति गिरावट के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 352.64 अंक यानी 0.48 प्रतिशत गिरकर 73,246.03 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.22 प्रतिशत टूटकर 22,698.85 अंक पर आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और आईटी शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

आईटी शेयरों में दबाव: कारोबार के दौरान इंफोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी आईटी सूचकांक करीब 2 प्रतिशत नीचे आया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और तेल-गैस क्षेत्र के शेयरों में कमजोरी ने भी बाजार पर दबाव बनाया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों की सतर्कता भी गिरावट की वजह रही। बाजार में गिरावट के बावजूद ऑटो, फार्मा और कुछ बैंकिंग शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी मजबूती रही। दिन के निचले स्तरों से दोनों प्रमुख सूचकांकों ने कुछ सुधार किया। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन रहा। निवेशकों की नजर अब वैश्विक बाजारों, कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले पर रहेगी।

मुथूट फॉरेक्स और मनीग्राम की साझेदारी, ग्राहकों को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय मनी ट्रांसफर सुविधा



सीमा सन्देश # नई दिल्ली। द मुथूट ग्रुप की शाखा मुथूट फॉरेक्स लिमिटेड और वैश्विक भुगतान नेटवर्क मनीग्राम के बीच व्यावसायिक सहयोग की शुरूआत हुई है। नई दिल्ली स्थित मुथूट ग्रुप के कॉरपोरेट कार्यालय में आयोजित समारोह में साझेदारी समझौते का आधिकारिक आदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुथूट फाइनेंस के प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट और मनीग्राम दक्षिण एशिया के सीनियर रीजनल कमर्शियल डायरेक्टर नावेद अशरफ सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुथूट फॉरेक्स लिमिटेड भारतीय रिजर्व बैंक से अधिकृत विदेशी मुद्रा सेवा प्रदाता है और देशभर में 54 समर्पित फॉरेक्स शाखाओं के माध्यम से सेवाएं दे रहा है। साझेदारी के तहत ग्राहक मुथूट फॉरेक्स और मुथूट फाइनेंस की शाखाओं से विदेशों से भेजी गई राशि नकद प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा मनीग्राम के डिजिटल माध्यम से सीधे बैंक खाते में धन जमा कराने की सुविधा भी मिलेगी। अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा कि यह साझेदारी ग्राहकों को भरोसेमंद और सुविधाजनक वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुथूट फाइनेंस का देशभर में 7,600 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क है, जिसके माध्यम से लाखों ग्राहकों को सेवाएं दी जा रही हैं। कंपनी भारत की प्रमुख गोल्ड लोन एनबीएफसी में शामिल है और कई देशों में वैश्विक स्तर पर कार्यरत है।

बिरला पब्लिक स्कूल में 'खोज' रात्रि शिविर आयोजित किया

बच्चों ने सीखे जीवन कौशल



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

बिरला पब्लिक स्कूल में कक्षा चौथी के 33 विद्यार्थियों के लिए उपप्राचार्या सुशीला सहारण के मार्गदर्शन में दो दिवसीय रात्रि शिविर 'खोज–स्वयं को पहचानें' आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता विकसित करना था। शिविर में सुपरहीरो स्कैवेंजर हंट, ऑब्स्टेकल चैलेंज, योग, एरोबिक्स, कहानी-सत्र व खुले आसमान तले फिल्म प्रदर्शन जैसी गतिविधियां हुईं। उपप्राचार्या सुशीला सहारण व प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव आवश्यक हैं। एक्टिविटी कोआर्डिनेटर खुशबू, समन्वयक प्रसून, भरत, उत्तम, पायल और रीना के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

घड़साना और अनूपगढ़ में मिलावटखोरों पर कार्रवाई, 30 किलो लड्डु नष्ट किए

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये



सीमा सन्देश # घड़साना। दीपावली पर्व के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घड़साना और अनूपगढ़ में औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुडिया, अनिल कुमार शर्मा और नरेश कुमार की टीम ने घड़साना के सुनील मिष्ठान भंडार से खोया बेसन लड्डू व गुलाब जामुन के सैंपल लेकर 30 किलो खराब लड्डू नष्ट किए। अगवानी किराना स्टोर से बीकानेरी भुजिया नमकीन का सैंपल लिया गया। इसके बाद अनूपगढ़ में चावल मिष्ठान भंडार से मिल्क केक का सैंपल लिया गया। चिमन पान भंडार से 20 किलो एक्सपायर्ड व खराब स्नैक आइटम्स, कुरकुरे, कोल्ड ड्रिंक, बिस्कुट और फ्लावर सिरप नष्ट कराए गए तथा लाइसेंस बनने तक दुकान बंद रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सुरेंद्रा डेंटल कॉलेज में बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा सुरेंद्रा डेंटल कॉलेज में बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बाल श्रम, बाल विवाह, नशाखोरी व बाल शोषण जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक ने बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर देते हुए बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई। सहायक निदेशक राजीव जाखड़ ने नशा व अपराधों से सजग रहने तथा महिला अधिकारिता विभाग के विजय कुमार ने सामाजिक सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य पर विचार रखे। समन्वयक त्रिलोक वर्मा ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी। कॉलेज डायरेक्टर डॉ. रुचि सेठी सहित स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मामराज ने आजाद उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा

कीकरवाली। जिला परिषद का टिकट मांग रहे किसान मोर्चा के जिला मंत्री व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मामराज सुथार को पार्टी टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने आजाद उम्मीदवार के रूप में जिला परिषद जोन नंबर 24 से फार्म भरा है। सुथार ने भाजपा के लिए विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाया। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के गांव कुम्हार वाली आने पर सुथार ने उनका स्वागत कर किसानों से जूडी जन समस्याओं बारे ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया था।

पंचायत चुनाव और विकास कार्यों की समीक्षा

विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारियों को दिए निर्देश



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

पंचायत समिति प्रशासन ने पंचायत चुनावों की तैयारियों और ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। विकास अधिकारी मेजर अली ने ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक में चुनाव व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए नवसृजित ग्राम पंचायतों के लिए भवन अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान के दौरान पुख्ता प्रबंध रखने और विकास योजनाओं के लक्ष्य समय पर हासिल करने की हिदायत दी। बैठक में सांसद व विधायक निधि, टीपीई-एसपीई और सीएसआर आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। वीबी-रामजी, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी व्यक्तिगत लाभ योजनाओं पर भी चर्चा हुई। लक्ष्यों को प्राप्त करने में पिछड़ने और लापरवाही बरतने वाले वीडीओ को नोटिस जारी किए गए। विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने वीडीओ को नियमित ग्रामीण दौरे करने और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए।

शिक्षा अधिकार के तहत दी विद्यार्थियों को जानकारी



सीमा सन्देश # पदमपुर। ग्राम पंचायत 23 बीबी के राजकीय संस्कृत विद्यालय में रालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा अध्यक्ष अजय बिश्नोई के निर्देश पर शिविर लगाकर कानून के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों व स्टाफ को कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारियां देते हुए उनके अधिकार बताए। वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर प्रसाद बिश्नोई, गुरजंट सिंह बलविंद्र थिंद, नरेंद्र मोहन (पेनल) ने विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध मे जानकारियां देते हुए कहा कि हमारा जीवन तभी तक स्वस्थ और सुरक्षित है, जब तक हम नशा रहित जीवन के मार्ग पर चलते है। जहां आप शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, वहां की लड़कियों व लड़कों के लिए अलग टॉयलेट होना अनिवार्य है। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की जानकारी देते हुए बताया कि 6 से 14 साल तक के बच्चों हेतु अनिवार्य तथा मुफ्त शिक्षा व्यवस्था अधिनियम प्रदान करता है। प्रधानाध्यापक व स्टाफ द्वारा अधिवक्ताओं का स्वागत व सामान किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 16.11.2026 को 15.00 बजे** तक खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है :– **निविदा संख्या :** 186 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ के क्षेत्राधिकार में बीकानेर मंडल के श्रीविजयनगर के गुडस शेड के इन्फ्रास्ट्रक्चर का अपग्रेडेशन/मार्डनाईजेशन का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 123877412.89 **धरोहर राशि :** Rs. 2477600.00 **निविदा संख्या :** 187 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर/ट्रेक, बीकानेर के अधीन वेल्ड ट्रीमर पॉवर पेक मशीन की दो वर्ष की अवधि के लिए एएमसी मय स्पेयर पार्टस आपूर्ति करना वर्ष 2026–27 व 2027–28. **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 3061842.30 **धरोहर राशि :** Rs. 61200.00 **निविदा संख्या :** 188 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के नियंत्रण में सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर एवं सहायक मंडल इंजीनियर/सूरतगढ़ के क्षेत्राधिकार में मानव एवं सामग्री के परिवहन हेतु विभिन्न प्रकार के रोड व्हीकल जैसे 1 ट्रक, 5 ट्रेक्टर मय ट्रॉली सहित 24 माह के लिए किराये पर लेना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 8302806.96 **धरोहर राशि :** Rs. 166100.00 **नोट:–** अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 1550-DI/26

कार्यालय नगर पालिका रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :– निर्माण/निर्माण शाखा/2026–27/1340 दिनांक :– 23.10.2026

ई–निविदा सूचना संख्या 19/2026–27

इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित कार्यों हेतु सरकारी विभागों के अधिकृत संगठनों के एवं स्थानीय निकाय विभाग में उचित श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 03.11.2026 को मध्याह्न पूर्व/पश्चात् तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इन निविदा विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है, सशर्त निविदा मान्य नही हो।

निविदा के UBN No. DLB2627WSOB22966, DLB2627WSOB22967 (total- 02 work's) है।

राज.संवाद/सी/26/12593 अधिशाषी अधिकारी अध्यक्ष

कार्यालय नगरपरिषद् हनुमानगढ़ – राजस्थान

क्रमांक एफ.15(विकास)( )2026–27/11382 दिनांक :– 23.10.2026

–: ई–निविदा सूचना संख्या 76/2026–27 :–

नगरपरिषद् हनुमानगढ़ द्वारा ई–निविदा सूचना क्रमांक 11322–11330 दिनांक 22.10.2026 राशि 17.16 लाख रुपये से 01 निर्माण/विकास कार्य करवाये जाने हेतु पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों व अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 05.11.2026 को सायं 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाकर दिनांक 06.11.2026 को 3:00 बजे खोली जावेगी। निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(NIB No.- DLB2627A9042) UBN No. (Work 01)

DLB2627SLOB22929

आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/12598 नगरपरिषद् हनुमानगढ़

कार्यालय नगरपरिषद् हनुमानगढ़ – राजस्थान

क्रमांक एफ.15(विकास)( )2026–27/11373 दिनांक :– 23.10.2026

–: ई–निविदा सूचना संख्या 77/2026–27 :–

नगरपरिषद् हनुमानगढ़ द्वारा ई–निविदा सूचना क्रमांक 11332–11340 दिनांक 22.10.2026 राशि 45.20 लाख रुपये से 01 निर्माण/विकास कार्य करवाये जाने हेतु पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों व अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 05.11.2026 को सायं 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाकर दिनांक 06.11.2026 को 3:00 बजे खोली जावेगी। निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(NIB No.- DLB2627A9078) UBN No. (Work 01)

DLB2627SLOB22988

आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/12599 नगरपरिषद् हनुमानगढ़

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :– निर्माण/सार्वजनिक आपत्ति सूचना/2026/9061 दिनांक : 28.10.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री मनीष कुमार पुत्र श्री मदन लाल वधवा निवासी म.न. 69, गली नं. 3, नागपाल कॉलोनी, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का नाम रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :–

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण	
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखंडधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं० 49 के किला सं. 18 में भूखण्ड माप 15 इंट् 50 फीट भूखण्ड संख्या 69 नागपाल कॉलोनी श्रीगंगानगर	नियमन पट्टा संख्या 349 दिनांक 18.07.2000 को श्री मदन लाल पुत्र श्री मुंशी राम के नाम जारी किया हुआ है। जो कि आज की तिथि में इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्री मदन लाल की मृत्यु दिनांक 27.01.2023 को हो चुकी है।	1 कृष्णा देवी-पत्नी 2 स्नेहलता - पुत्री 3 सुमनलता - पुत्री 4 सीमा खुराना - पुत्री 5 विनोद कुमारी - पुत्री 6 रंजू अरोड़ा - पुत्री 7 सुनील कुमार- पुत्र 8 मनीष कुमार - पुत्र	श्री मनीष कुमार पुत्र श्री मदन लाल द्वारा एवंकृत दस्तावेज दिनांक 21.05.2024 को प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तनुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री मनीष कुमार पुत्र श्री मदन लाल वधवा निवासी म.न. 69, गली नं० 3, नागपाल कॉलोनी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज / फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति /उजर / दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास / हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति / उजर स्वीकार नहीं होगा।

– प्रभारी अधिकारी, नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगरपरिषद्, श्रीगंगानगर

क्रमांक : 1000 दिनांक : 28-10-26

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्राथीं श्री लीला शंकर सारस्वत पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण सारस्वत एवं श्री आनन्द सारस्वत पुत्र श्री लीला शंकर सारस्वत ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर दुकान संख्या 02 बीरबल चौक श्रीगंगानगर साईज 10 गुणा 10 फीट अपने नाम से पट्टा जारी करवाने हेतु निवेदन किया हैं। यह कि प्रशनगत दुकान प्रस्तुत दस्तावेजो अनुसार दुकान संख्या 02 बीरबल चौक श्रीगंगानगर की निलामी दिनांक 16.07.2003 को करवाई गई थी जिसमें अधिकतम बोली 231000/- रुपए श्रीमती मधु पत्नी श्री लीलाशंकर की थी जिसमें से 1/4 भाग राशि 57750/- रसीद संख्या 95/753 दिनांक 16.07.2003 को जमा करवाई गई एवं रसीद संख्या 19/805 के द्वारा शेष 3/4 भाग राशि 173250/-रुपए एवं एकवर्ष की लीज राशि 3902/-रुपए जमा करवाये गये। उक्त दुकान के संबंध में वाद माननीय न्यायालय में लम्बित होने के कारण उक्त दुकान की लीज डीड जारी नहीं हुई थी। संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्रीमती मधु पत्नी श्री लीलाशंकर का देहांत दिनांक 02.11.2012 को हो चुका है। आवेदक द्वारा एसबी सिविल रिट पिटीशन नम्बर 9976/2024 सीएनआर आरजेएचसी010447220247/यूआरएन सीडब्ल्यू/19989यू/2024 की प्रति एवं प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त दुकान का पट्टा/लीजडीड अपने नाम से बनवाने हेतु आवेदन किया गया। पट्टा जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद पट्टा जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। – आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) पदमपुर जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक/भू-अ0/2026/6188 दिनांक:- 27.10.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनवान सुखदेवसिंह बनाम रणजीतसिंह अपील संख्या 426/2025 न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) श्रीगंगानगर के निर्णय दिनांक 06.03.2026 की पालना में चक 4 बीबी के मु.न. 59,60 की कुल 3.288 है. में से .948 है. भूमि का वादगत इन्तकाल संख्या 294 के संबंध में रिमाण्ड पत्रावली पुनः सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है। इस रिमाण्ड प्रकरण के संबंध में जिस किसी को एतराज हो तो सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 15 दिनों के भीतर कार्यालय समय पर स्वयं या मार्फत वकील उपस्थित आकर अपनी आपति पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उज्र मान्य नहीं होगा व नियमानुसार एक तरफा कार्रवाई कर प्रकरण का निस्तारण किया जा सकेगा। नोटिस आज दिनांक मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी किया गया। – तहसीलदार (भू.अ.), पदमपुर

कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर (राज0)

क्रमांक:– 4309 दिनांक:– 22.10.2026

Notice Inviting Bid

Bids for UD-01/2026-27 are invited from interested bidders upto 05:00 PM (time) 04/10/2026 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state website. The approximate value of the procurement in Rs 42.50 Lacs.

NIB Code-DLB2627A9054 | UBN Code-DLB2627SLOB22943

Raj.Samwad/C/26/12610 Commissioner Municipal Council Sri Ganganagar

कार्यालय नगरपालिका संगरिया जिला–हनुमानगढ़ (राज0)

क्रमांक :– 5240 दिनांक :– 23.10.2026

ई–निविदा सूचना संख्या 10/2026–27

नगरपालिका संगरिया द्वारा ई–निविदा सूचना संख्या 10/2026–27 क्रमांक 5216 दिनांक 23.10.2026 के द्वारा राशि 24.13 लाख रूपये से 01 निर्माण कार्य करवाये जाने हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदक एवं राज्य/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों व अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदको से ऑनलाईन ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 03.11.2026 को शाम 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाकर दिनांक 04.11.2026 को दोपहर 03:00 बजे खोली जावेगी। निविदा सम्बंधी विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को भी डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB Code- DLB2627A9089 | UBN Code- DLB2627WSOB23027

राज.संवाद/सी/26/12589 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका संगरिया

कार्यालय समादेशक अधिकारी : 15 राज. बटालियन एनसीसी

1 - ए - 28 गगन पथ जवाहर नगर श्रीगंगानगर

क्रमांक: -327/लेखा/एनसीसी/2026-27/1189-1192 दिनांक: 28 अक्टूबर 2026

विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना

कार्यालय 15 राजस्थान बटालियन एनसीसी श्रीगंगानगर द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए नवम्बर 2026 माह में (टांटिया यूनिवर्सिटी रीको, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर) में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय शिविर दिनांक 16 से 25 नवम्बर 2026 आवासीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले 645 कैडेट्स एवं कार्यालय स्टाफ के लिए प्रतिदिन अल्पाहार, भोजन एवं टेंट की व्यवस्था हेतु खुली बोली के माध्यम से जीएसटी में पंजीकृत एवं वैध खाद्य अनुज्ञा पत्र (Licence) सेवाप्रदाताओं, फर्मों आदि के रूप में बोलीदाताओं से **GeM Portal** पर निम्नानुसार बिड आमंत्रित की जाती है :-

क्रम सं	उपापन विषय का नाम	अनुमानित कैडेट्स एवं स्टाफ की संख्या	शिविर के दिवस	अनुमानित राशि रुपये	बोली प्रस्तुतीकरण	बोली खोलने की तिथि एवं समय
1-	आवासीय शिविर में भोजन एवं टेंट व्यवस्था	645	10	1419000/-	06 नवम्बर 2026 प्रातः 10.00	06 नवम्बर 2026 दोपहर 12.00

1. विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज पर **GeM Portal** देखी जा सकती है।
2. बोली दिनांक 06 नवम्बर 2026 को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय समादेशक अधिकारी 15 राज. बटा. एनसीसी श्रीगंगानगर में उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी।
3. बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी भी समय बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

(संयोग सिंह पटियाल)
ले. कर्नल
कार्यवाहक समादेशक अधिकारी
15 राज. बटा. एनसीसी, श्रीगंगानगर

Gem Bid No:- GEM/2026/B/8210770
DATE : 28 OCT 2026

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LIMITED

(भारत सरकार का उपक्रम-वस्त्र मंत्रालय/A Government of India Undertaking-Ministry of textiles)

शाखा कार्यालय : श्रीगंगानगर (राजस्थान)/Branch Office : SRI GANGANAGAR (RAJASTHAN)

सीआईएन/CIN: U51490MH1970GOI014733

कपास किसानों से अपील/APPEAL TO COTTON FARMERS

न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) योजना के अंतर्गत कपास विक्रय हेतु कपास किसानों के लिए ''कपास किसान'' मोबाइल ऐप पर स्व-पंजीकरण की अवधि प्रारंभ में दिनांक 01 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई थी।

कपास किसानों एवं राज्य सरकारों के अनुरोध पर अब पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2026 तक बढ़ा दी गई है।

सभी कपास किसानों से अनुरोध है कि वे स्व-पंजीकरण की अवधि में किए गए उक्त विस्तार का संज्ञान लें तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर भारतीय कपास निगम लिमिटेड (CCI) को अपनी कपास उपज विक्रय करने हेतु यथाशीघ्र ''कपास किसान'' मोबाइल ऐप पर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें।

The self-registration for cotton farmers on the Kapas Kisan Mobile App to sell cotton under the Minimum Support Price (MSP) scheme was initially opened from 1st September to 31st October 2026.

In response to requests from cotton farmers and state governments, the registration deadline has now been extended up to 31st December 2026.

All cotton farmers are kindly requested to note the extension in self-registration schedule and register themselves on the Kapas Kisan Mobile App at the earliest to sell their cotton to Cotton Corporation of India (CCI) under MSP.

- शाखा प्रमुख /Branch Head

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- निर्माण/2026/1384 विज्ञप्ति दिनांक : 28.10.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 21 में भूखण्ड माप 36'-3" गुणा 60'-0" फीट का आवासीय पट्टा संख्या 1762 दिनांक 06.03.2002 द्वारा श्रीमती नागवन्ती देवी पत्नी श्री भंवरलाल के नाम से न्यास द्वारा जारी है। पट्टाधारक द्वारा उक्त मूल आवासीय भूखण्ड पूर्व दिशा में 30 फीट चौड़ी सड़क पर खुलता हुआ जरिये रजिस्ट्री श्रीमती अनीता दुआ पत्नी श्री सुनील कुमार दुआ को विक्रय किया गया है। भूखण्डधारक श्रीमती अनीता दुआ द्वारा उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्ट्री श्रीमती अनुभा मनु प्रसाद पुत्री श्री अनिल प्रसाद को विक्रय किया गया है। चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 20, 21 में भूखण्ड संख्या 17 बेसकल्प 20'-0" गुणा 60'-0" फीट का आवासीय प्लॉ होल्ड पट्टा संख्या 17650 दिनांक 19.12.2022 द्वारा श्रीमती अनीता दुआ पत्नी श्री सुनील कुमार दुआ के नाम से न्यास द्वारा जारी है। पट्टाधारक द्वारा उक्त मूल आवासीय भूखण्ड पश्चिम दिशा में 60 फीट चौड़ी सड़क पर खुलता हुआ जरिये रजिस्ट्री श्रीमती अनुभा मनु प्रसाद पुत्री श्री अनिल प्रसाद को विक्रय किया गया है। आवेदक/भूखण्डधारक द्वारा उक्त दोनों मूल आवासीय भूखण्डों का यथाकृत भूखण्ड माप 3375 वर्गफीट का अभिलाइन प्रकरण संख्या SGNR/FY26-27/SRA/42 दिनांक 27.08.2026 द्वारा पुनर्गठन/एकीकरण हेतु आवेदन उपरान्त न्यास सर्वेयर/कनिष्ठ अभियन्ता से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार आवेदित मूल भूखण्ड रिक्त है, अनुसार पुनर्गठन/एकीकरण बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णितानुसार पुनर्गठन/एकीकरण बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 07 दिवस पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - प्रभारी अधिकारी सहायक नगर नियोजक, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- निर्माण/2026/1385-1386 विज्ञप्ति दिनांक :- 28/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 06 में भूखण्ड माप 225.33 वर्गगज का उपजिलाधीश (भू.रू.) श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा संख्या 896/90 दिनांक 24.03.1990 द्वारा श्री आश करण शर्मा पुत्र श्री हनुमान प्रसाद शर्मा के नाम से जारी है। पट्टाधारक द्वारा उक्त मूल आवासीय भूखण्ड माप 225.33 वर्गगज अर्थात् 30'-0" गुणा 67'-6" फीट पश्चिम दिशा में 30 फीट चौड़ी सड़क पर खुलता हुआ में से भूखण्ड माप 15'-0" गुणा 67'-6" फीट (उत्तरी हिस्सा) जरिये रजिस्ट्री श्री चन्द्र नारायण माथुर पुत्र श्री प्रेमनारायण को विक्रय किया गया है। चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 06 में भूखण्ड माप 225.33 वर्गगज का उपजिलाधीश (भू.रू.) श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा संख्या 898/90 दिनांक 24.03.1990 द्वारा श्री उमादत शर्मा पुत्र श्री इन्दर्सेन प्रसाद शर्मा के नाम से जारी है। पट्टाधारक द्वारा उक्त मूल आवासीय भूखण्ड माप 225.33 वर्गगज अर्थात् 30'-0" गुणा 67'-6" फीट पश्चिम दिशा में 30 फीट चौड़ी सड़क पर खुलता हुआ जरिये रजिस्ट्री श्री चन्द्र नारायण माथुर पुत्र श्री प्रेमनारायण को विक्रय किया गया है। भूखण्डधारक श्री चन्द्र नारायण माथुर पुत्र श्री प्रेमनारायण (मृत्यु दिनांक 29.05.2025) जरिये रजिस्टर्ड दस्तावेज वारिसनामा श्रीमती शकुन्तला माथुर पत्नी श्री चन्द्र नारायण, श्री मोहित माथुर पुत्र श्री चन्द्र नारायण एवं चनुश्री माथुर पुत्री श्री चन्द्र नारायण के पक्ष में जारी अनुसार श्री मोहित माथुर पुत्र श्री चन्द्र नारायण एवं चनुश्री माथुर पुत्री श्री चन्द्र नारायण द्वारा आना हक त्यागनामा किया है। आवेदक श्रीमती शकुन्तला माथुर पत्नी श्री चन्द्र नारायण द्वारा उक्त वर्णितानुसार भूखण्ड माप 45'-0" गुणा 67'-6" फीट का अभिलाईन प्रकरण संख्या SGNR/FY26-27/SRA/41 दिनांक 27.08.2026 द्वारा उपविभाजन हेतु आवेदन उपरान्त न्यास सर्वेयर/कनिष्ठ अभियन्ता से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूखण्ड ग्राउण्ड फ्लोर + फर्स्ट फ्लोर तक निर्मित है, अनुसार उपविभाजन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णितानुसार उपविभाजन बाबत

न्यूज इन ब्रीफ

निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तीसरे चरण की तैयारियों के तहत मतदान दलों के प्रशिक्षण, सामग्री वितरण, रवानगी और सामग्री संग्रहण की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसके लिए हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय और डीएवी स्कूल का चयन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने बुधवार को तीनों स्थलों का निरीक्षण कर साइट प्लान और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री वितरण और मतदान के बाद सामग्री संग्रहण की तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एडीएम उम्मेदी लाल मीना, जिला परिषद सीईओ श्रद्धा गोमे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर में स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

सीमा सन्देश # बरवाली। गोगामेड़ी स्थित महंत रूपनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी राजेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर श्रमदान किया। विद्यार्थियों ने पौधों में पानी डालने, कटाई-छंटाई और साफ-सफाई सहित विभिन्न कार्य किए। प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। वहीं, भामाशाह रामनिवास अग्रवाल ने विद्यार्थियों की सेवा भावना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को श्रमदान, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

दिनदहाड़े युवक का मोबाइल छीनकर फरार

सीमा सन्देश # पीलीबंगा/18 एसपीडी। शहर में नगरपालिका भवन के पास गुरुद्वारे वाली गली में बाइक सवार दो नकाबपोश युवक एक व्यक्ति का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना 25 अक्टूबर की दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। जानकारी के अनुसार, नवीन सिंधी गुरुद्वारे के पास से गुजर रहे थे, तभी बाइक पर आए दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया। बदमाशों ने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। अचानक हुई वारदात के बाद आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, वार्डवासियों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

देईदास के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

सीमा सन्देश # टोपरियां। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सृजनात्मक प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देईदास के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नोहर में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा कीर्ति पुत्री रोहिताश ने आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 11 के छात्र ओमप्रकाश पुत्र सोहनलाल ने निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता प्रभारी प्राध्यापक ओमप्रकाश बुडानिया ने बताया कि दोनों विद्यार्थी अब जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में नोहर ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता को मेहनत और लगन का परिणाम बताया।

पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचला, मौत

हनुमानगढ़। टाउन थाना क्षेत्र में भगवती ईंट भट्ठे के पास तेज रफ्तार क्रेटा कार की टक्कर से नवाब अली (40) की मौत हो गई। वह अपने भाई नूर अहमद और ताऊ के बेटे मुमताज अली के साथ पालतू गाय को ट्रैक्टर के पीछे बांधकर गांव मुंडा की गौशाला ले जा रहा था। 26 अक्टूबर को मसीतांवाली हैड की तरफ से आई सफेद क्रेटा कार ने पीछे से नवाब अली को टक्कर मार दी। इसके बाद कार गाय से टकरा गई और गाय ट्रैक्टर से जा भिड़ी, जिससे ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल नवाब अली को राजकीय जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नूर अहमद की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच एएसआई राजाराम स्वामी को सौंपी है।

जिला पंचायत चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में संगठनात्मक समन्वय-चुनाव प्रबंधन के विभिन्न विषयों पर चर्चा

हनुमानगढ़ : पंचायत चुनाव 2026 की तैयारियों को लेकर बनाई रणनीति

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। आगामी पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला पंचायत चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों, चुनावी रणनीति, संगठनात्मक समन्वय तथा चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में चुनाव के दौरान संगठन की भूमिका को प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने और चुनावी गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।



पंचायत चुनावों से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रख

जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू की अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों ने पंचायत चुनावों से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। इस दौरान संगठन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने, चुनावी गतिविधियों के संचालन में समन्वय बनाए रखने तथा पार्टी की रणनीति के अनुरूप कार्य करने पर चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि चुनाव के दौरान संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन आपसी तालमेल के साथ किया जाए, ताकि चुनाव प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके।

पंचायतीराज चुनाव जिला संयोजक आशीष पारीक ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना होगा। चुनाव प्रबंधन की सफलता के लिए संगठन की योजनाओं को धरातल पर लागू करना, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखना और चुनाव से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि की व्यवस्थित तैयारी करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रबंधन समिति के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करें तथा संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए चुनावी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठनात्मक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने, जनसंपर्क गतिविधियों में समन्वय रखने और चुनाव से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा करने पर भी जोर दिया। बैठक में जिला मंत्री मुरलीधर सोनी, कृष्णा गोदारा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप कड़वा, जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण तायल और जिला सोशल मीडिया संयोजक प्रवीण कटारिया सहित पंचायतीराज चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

पंचायती राज चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, सुरक्षा पर पैनी नजर

नोहर और गोलूवाला क्षेत्र में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायती राज चुनाव-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने के लिए हनुमानगढ़ पुलिस अलर्ट मोड पर है। चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेक्टर नोहर गीता चौधरी ने पुलिस थाना गोगामेड़ी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशीलता तथा चुनाव के दौरान किए जाने वाले पुलिस प्रबंधों का जायजा लिया।



मतदाता निर्भीक होकर कर सकेंगे मतदान

हनुमानगढ़ पुलिस की ओर से पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा की जा रही है, ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो और आमजन निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

दिशा निर्देश

उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसी क्रम में वृत्ताधिकारी हनुमानगढ़ मीनाक्षी ने पुलिस थाना गोलूवाला क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने चुनाव के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने और मतदान केन्द्रों पर निरंतर निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

करवा चौथ की खरीदारी से बाजार गुलजार

सीमा सन्देश # भादरा। करवा चौथ के पर्व को लेकर बुधवार को भादरा के बाजारों में अच्छी चहल-पहल देखने को मिली। गुरुवार को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर महिलाओं और युवतियों में खासा उत्साह नजर आया। बाजारों में करवा, पूजा सामग्री, चूड़ियों, बिंदी, मेहंदी और अन्य श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ रही। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। पर्व को लेकर महिलाएं कई दिन पहले से ही तैयारियों में जुटी हुई हैं। बाजार में साड़ी, सूट, चूड़ियों और अन्य सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। वहीं, ब्यूटी पार्लर और कॉस्मेटिक की दुकानों पर भी विशेष रौनक देखने को मिली। महिलाओं को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों की ओर से विभिन्न प्रकार के ऑफर और आकर्षक पैकेज उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मेहंदी लगाने वालों के यहां भी महिलाओं और युवतियों की भीड़ नजर आई। महिलाएं अपने हाथों पर आकर्षक मेहंदी रचाने के साथ ही पारंपरिक व आधुनिक डिजाइन के जरिए पर्व की तैयारियों को खास बनाने में जुटी हैं।

378 केस दर्ज, 181 आरोपी गिरफ्तार, ड्राई डे पर रहेगी सख्ती

अभियान के तहत 2300 लीटर हथकढ़ और 1800 लीटर देसी शराब जब्त, दो लाख लीटर लाहन नष्ट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। आगामी पंचायत चुनाव और आबकारी आयुक्त के निर्देशों के तहत जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग का विशेष अभियान जारी है। विभाग ने अब तक 378 मामले दर्ज कर 181 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 2300 लीटर हथकढ़ शराब और 1800 लीटर देसी शराब जब्त की गई, जबकि दो लाख लीटर लाहन नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष टीमें गठित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को हनुमानगढ़ सर्किल में टीम ने कार्रवाई करते हुए एक चालू भट्ठी जब्त की और मौके से 15 लीटर हथकढ़ शराब बरामद की। वहीं, नोहर सर्किल में भी मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना पर असरजाना निवासी जितेन्द्र सिंह के घर कार्रवाई की गई, जहां से शराब बरामद हुई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पंचायत चुनाव के तीसरे और चौथे चरण को देखते हुए ड्राई डे की पालना सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें निगरानी कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।



तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से छह वर्षीय मासूम की मौत

हनुमानगढ़। टाउन के फतेहगढ़ रोड पर सड़क पार कर रहे छह वर्षीय बालक संजय की मोटरसाइकिल की टक्कर से मौत हो गई। हादसा 25 अक्टूबर को अपराह्न करीब 3.30 बजे हुआ। पुलिस को दी रिपोर्ट में बालक के पिता रामरतन निवासी उत्तर प्रदेश, हाल निवासी सच ब्रिक्स, चक 21 एचएमएच, श्रीनगर ने बताया कि उनका बेटा सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में संजय के सिर में गंभीर चोट लगी। बाइक चालक मौके से फरार हो गया। परिजन घायल बालक को राजकीय जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां से उसे बीकानेर रेफर किया गया। उपचार के दौरान 25 अक्टूबर की रात उसकी मौत हो गई। टाउन थाना पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल पप्पूराम को सौंपी है।

युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल, बोले-हमेशा साथ खड़ा रहूंगा

खेल स्टेडियम के लिए सुनील गोदारा गोलू करेंगे 6 बीघा भूमि दान

सीमा सन्देश # नोहर। क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लाखासर निवासी सुनील गोदारा गोलू ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने लाखासर और चैनपुरा के बीच अपनी भूमि में से 6 बीघा जमीन खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए दान करने की घोषणा की है। सुनील गोदारा गोलू की इस पहल से क्षेत्र के युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होने की उम्मीद जगी है।



स्टेडियम बनने से गांवों की खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में भी मदद मिलेगी। सुनील गोदारा गोलू ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं का भविष्य बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। लखासर चैनपुरा के युवाओं के लिए मैं हर दम, हर पल उनके साथ खड़ा हूं। उन्होंने युवाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा सहयोग करते रहेंगे। उनकी इस घोषणा को ग्रामीण क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

किराना दुकान के आगे युवक पर हमला, गंभीर घायल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गांव रोड़ांवाली में किराना दुकान के आगे खड़े अकबर (22) पर कुछ लोगों ने चाकू, लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जंक्शन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक साहबराम बाजिया को सौंपी है।

कार्यक्रम : महर्षि वाल्मीकि के जीवन एवं कृतित्व का स्मरण किया

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

सीमा सन्देश # रावतसर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् राजस्थान की इकाई रावतसर के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती उपलक्ष्य में स्थानीय पेंशनर भवन में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, साहित्यिक योगदान, रामायण के आदर्शों तथा भारतीय संस्कृति में उनके महत्त्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. नीता अग्रवाल, लोक साहित्य प्रमुख ने महर्षि वाल्मीकि को समर्पित स्वरचित कविता का पाठ किया। रंगलाल बिश्नोई ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों व उनमें निहित नैतिक मूल्यों, आदर्शों और जीवनोपयोगी शिक्षाओं को रेखांकित किया।



जीवनचरित्र पर प्रकाश डाला

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् राजस्थान के बीकानेर संभाग संयोजक डॉ. महावीर प्रसाद पूनियां ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय साहित्य एवं संस्कृति का महान ऋषि बताया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की रचनाएँ मानव जीवन को आदर्श, मर्यादा, करुणा और नैतिकता का मार्ग दिखाती हैं। इस अवसर पर जयप्रकाश मांकड़ ने महर्षि वाल्मीकि के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान को स्मरण किया। विचार गोष्ठी के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि के जीवन दर्शन, रामायण के आदर्शों और भारतीय साहित्य की समृद्ध परंपरा को जनमानस तक पहुँचाने का संदेश दिया गया। इस दौरान अनेक साहित्य परिषद् के सदस्य उपस्थित रहे ।

जल्द मुआवजा दिलाने के निर्देश

हनुमानगढ़। हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के एडीआर भवन में मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तनवीर चौधरी के निर्देशन में हुई बैठक की अध्यक्षता सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने की। बैठक में एसडीएम श्यामसुंदर बेनीवाल और एसटीएससी सेल के वृत्ताधिकारी कर्णसिंह उपस्थित रहे। सचिव ने वर्ष 2023-24 के हिट एंड रन मामलों के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने और पात्र आवेदकों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा।

मनोज बंसल, अशोक गोयल और जयभगवान गोयल अध्यक्ष निर्वाचित

व्यापार मंडल, शिक्षण समिति व गौशाला सेवा समिति चुनाव सम्पन्न

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। कस्बे की प्रमुख संस्थाओं व्यापार मंडल, पीलीबंगा शिक्षण समिति एवं गौशाला सेवा समिति के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए। मतदान के बाद हुई मतगणना में विभिन्न पदों के परिणाम घोषित किए गए। चुनाव परिणामों को लेकर दिनभर प्रत्याशियों एवं समर्थकों में उत्सुकता बनी रही। व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार बंसल ने जीत दर्ज की। वहीं उपाध्यक्ष पद पर हितेश बंसल, सचिव पद पर पवन कुमार मित्तल तथा कोषाध्यक्ष पद पर विनोद रणवां निर्वाचित हुए। पीलीबंगा शिक्षण समिति के अध्यक्ष पद पर अशोक गोयल निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अमन गर्ग, सचिव पद पर नवी बंसल, उपसचिव पद पर भीम सिंह राठौड़ तथा कोषाध्यक्ष पद पर रविंद्र सिंगला विजयी घोषित किए गए। गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष पद पर जयभगवान गोयल निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर पुनित लखोटिया पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी का माहौल रहा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभचिंतकों ने बधाइयां देते हुए संस्थाओं के विकास एवं बेहतर संचालन की उम्मीद जताई।







शिक्षा : अग्निवीर और अधिकारी पदों की भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में दी जानकारी

विद्यार्थियों को बताए भारतीय वायुसेना में कॅरिअर के अवसर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गुड डे डिफेंस स्कूल में विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में अग्निवीर एवं अधिकारी पदों पर करियर बनाने के अवसरों और भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए मंगलवार को करियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, परीक्षा प्रारूप, चयन प्रक्रिया और भर्ती के विभिन्न चरणों की जानकारी देकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया गया। वायुसेना चयन केन्द्र, जोधपुर की कमान अधिकारी विंग कमांडर नैन्सी माहेश्वरी के दिशा-निर्देशों में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी बीएल मीना एवं सार्जेंट अरविंद कुमार राय ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अधिकारियों ने अग्निवीर एवं अधिकारी पदों के लिए निर्धारित योग्यताओं और चयन प्रक्रिया के बारे में बताया।



अवसरों से परिचित कराना सराहनीय पहल : श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि युवाओं को भारतीय वायुसेना जैसी प्रतिष्ठित संस्था में करियर बनाने के अवसरों से परिचित कराना सराहनीय पहल है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करते हैं। सही मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपने भविष्य के लक्ष्य निर्धारित कर उनकी प्राप्ति के लिए बेहतर तैयारी कर सकते हैं। संस्था के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि भारतीय वायुसेना में सेवा करना युवाओं के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को भर्ती प्रक्रिया समझने और समय रहते तैयारी शुरू करने में मदद करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कठिन परिश्रम से प्राप्त होगा लक्ष्य

विद्यालय के डायरेक्टर एवं सेवानिवृत्त विंग कमांडर जीडी शर्मा ने कहा कि भारतीय वायुसेना में करियर बनाने के लिए अनुशासन, कठिन परिश्रम, शारीरिक फिटनेस और दृढ़ इच्छाशक्ति आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को रक्षा सेवाओं के प्रति जागरूक करने के साथ राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की प्राचार्य अनामिका गौड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ करियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी देना भी आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य की बेहतर योजना बनाने में सहायता करते हैं। विद्यालय के प्रशासक अनुराग छाबड़ा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

रावतसर : पुरुषोत्तम दत्त उपाध्याय बने पत्रकार संघ के अध्यक्ष



सीमा सन्देश # रावतसर। रावतसर पत्रकार संघ के आज सर्वसम्मति से हुए चुनाव में पुरुषोत्तम दत्त उपाध्याय को पत्रकार संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस पर सभी पत्रकारों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश नैण सहित उपस्थित पत्रकारों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुरुषोत्तम दत्त उपाध्याय का अभिनंदन करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पत्रकार संघ पत्रकारों के हितों, एकजुटता और आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष ने शीघ्र ही पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का विस्तार किए जाने की बात कही। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार ओम पारीक, भादर स्वामी, हरप्रीत सिंह आहलूवालिया, नरेश कुमार असीजा, राकेश कुमार जोशी, जगत बंधु जोशी, पवन जोशी, विनोद दुगेसर, एडवोकेट एम.एल. शर्मा, भूपेंद्र असीजा सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

प्रशिक्षण सम्पन्न

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के डीआरयू प्रभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय गैर आवासीय ह्यखुशीशाला : खुद की खोजह्न प्रशिक्षण बुधवार को सम्पन्न हुआ। इसमें रावतसर ब्लॉक के 37 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और विद्यालय में सकारात्मक वातावरण विकसित करने पर जोर दिया गया। शिक्षकों को 21 दिवसीय ह्यहौसलाह्न कार्यक्रम, ध्यान एवं सजगता कौशल, मूल्य शिक्षा और फैसिलिटेटर के रूप में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई। डाइट प्रधानाचार्य मधुबाला ने प्रशिक्षण में सीखी गतिविधियों को विद्यालयों में लागू कर विद्यार्थियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान दक्ष प्रशिक्षक श्रुति पांडे, एसआरजी धर्मदेव गोदारा और बृजेश कुमार मौजूद रहे।

थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सूरतगढ़ थाना प्रभारी कलावती और अन्य पुलिसकर्मियों पर पटवारी देवीलाल को कथित रूप से अवैध हिरासत में लेकर मारपीट करने का आरोप लगा है। राजस्थान पटवार संघ बीकानेर संभाग के प्रतिनिधियों ने बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर संबंधित पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और निष्पक्ष जांच की मांग की। संघ के अनुसार, 22 अक्टूबर को देवीलाल अपनी पत्नी को चिकित्सकीय जांच के लिए सूरतगढ़ ले जा रहे थे, तभी हेलमेट नहीं पहनने पर उन्हें थाने ले जाकर कथित रूप से मारपीट की गई। संघ ने कार्रवाई नहीं होने पर 29 अक्टूबर से काली पट्टी बांधकर विरोध जताने, 2 नवंबर से पीलीबंगा तहसील में और 10 नवंबर से पूरे जिले में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

शहर के सौन्दर्यकरण सहित भूमि संबधित प्रकरणों पर हुए विचार विमर्श, पार्कों को पुनः गोद देने का निर्णय

नगरपालिका साधारण सभा की प्रथम बैठक शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न

सीमा सन्देश # रावतसर। स्थानीय नगरपालिका सभागार में बुधवार सुबह ग्यारह बजे नवनिर्वाचित नगरपालिका बोर्ड की पहली बैठक पालिका अध्यक्ष नीलम सहारण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल,ईओ चौधरी शैलेंद्र गोदारा भी मौजूद रहे। बैठक में सर्वप्रथम नगरपालिका कार्मिक श्रीमती वीना द्वारा नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष नीलम सहारण व नवनिर्वाचित महिला पार्षदों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं अनुराग झाझडिया ने विधायक विनोद गोठवाल, पालिका उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह विडिग व पार्षदों को माला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात नगरपालिका के वर्तमान बोर्ड की प्रथम साधारण सभा की बैठक का अधिशाषी अधिकारी चौधरी शैलेंद्र गोदारा ने शुभारंभ किया गया। इसमें शहर के सौन्दर्यकरण को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि गत बोर्ड द्वारा पार्कों को विभिन्न संस्थाओं को गोद दिये गये थे। जिसमें जाट धर्मशाला के पास पार्क को जाट लोक सेवक समिति को, रामलीला पार्क को अग्रवाल सेवा समिति को, माहेश्वरी धर्मशाला के



पीछे महेश्वरी समाज को, परशुराम वाटिका को ब्राह्मण समाज को, इन्द्रा पार्क सोनी समाज को व उपखंड कार्यालय के पास स्थित पार्क को सिक्ख समाज को दिया गया था। इनमें से उपखंड कार्यालय के पास स्थित पार्क का सिक्ख समाज सही ढंग से रखरखाव किया जा रहा है। अन्य पार्कों का रखखाव व देखभाल सही ढंग से नहीं होने के कारण इन पार्कों को पुनः गोद देने की प्रक्रिया अपनाई जाने का निर्णय लिया गया।

वहीं भूमि नियमन संबधि प्रकरणों को सदन के समक्ष रखा गया। इसमें बद्रीप्रसाद पुत्र दयाराम कुम्हार निवासी वार्ड 26, श्रीमती ओमी पत्नी बद्रीप्रसद कुम्हार निवासी वार्ड 26, श्रीमती विमला पत्नी राजाराम सोनी निवासी वार्ड 8, श्रीमती सुमन सोनी पत्नी भगवानाराम सोनी निवासी वार्ड 8, श्रीमती पार्वतीदेवी पत्नी मन्शाराम सोनी निवासी वार्ड 21 के फ्री होल्ड का पट्टा जारी किये जाने व श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी कैलाश शर्मा के आईडीएसएमटी आवासीय/ व्यवसायिक योजना नियर ग्रेन मंडी भूखंड संख्या डी-01 से डी 05 पूर्नगठित भूखंड से चिपती भूमि को खांचा भुमि के अर्न्तगत आवंटित करने व श्रीमती ममता पत्नी अनी कुमार जाट के भूखंड संख्या 32 के पास चिपती खांचा भूमि को आवंटित किये जाने पर बोर्ड के पार्षदों ने सहमति प्रकट की। वहीं विपक्ष के पार्षद चांद बतरा ने नियमानुसार होने पर सहमति प्रकट की व नियमों से बाहर होने पर अपनी आपत्ति नोट करने की बात कही।

इस दौरान यह रहे मौजूद

कार्यक्रम के अन्त में पालिका अध्यक्ष नीलम सहारण ने सभी का आभार प्रकट किया। इस बैठक में पार्षद रामस्वरूप स्वामी,पार्षद प्रमोद कंवर, दर्शना महन्त, कृष्ण खन्ना, रणजीत किरोडीवाल ,रेखा, सुखराम, लिछमा, बिमला देवी, रामकुमार, आजम, मंजू, श्रवण कुमार, मखनी, दीपक कुमार, नसीब कौर, जगजीतङ्कषसह, शांतिदेवी सहारण ,असरफ कुरैशी, जयकिशन, शशिकला, सीतादेवी, हंसराज फंडा, धर्मपाल मेघवाल, राजविन्द्र कौर, रणजीत छापोला, संजय, चांद बतरा, सुशीला,इन्द्र कुमार, सूर्यकान्त, भीम, सगुफ्ता नाज सहित समस्त पार्षद मौजूद रहे।

सफाई व्यवस्था पर हई चर्चा

कृषि भूमि के प्रकरणों पर विचार विमर्श करते हुए नगरपालिका पैराफेरी ऐरिया के चक 25 डीडब्ल्युडी के प्रकरण गैर कृषि औद्योगिक ईंट भट्टा प्रयोजनार्थ ले आउट प्लान स्वीकृति पर विचार एवं निर्णय हेतु प्रस्ताव रखा गया। जिस पर बोर्ड के सदस्यों ने सहमति प्रकट की। वही संदीप कुमार सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर नियुक्ति की पुष्टि पर समति प्रकट की गई। मनीष कुमार को कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थाईकरण की पुष्टि की गई व सफाई कर्मचारियों से सफाई जमादार पद पर पदौन्नती के प्रकरण पर विचार विमर्श करते हुए बोर्ड के समस्त पार्षदों ने सहमति प्रकट की। इसके पश्चात शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। जिस पर पालिका अध्यक्ष नीलम सहारण ने शहर को जल्द से जल्द साफ सुथरा करने करने बात कही।

बार संघ द्वारा एसडीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

प्रदर्शन : बहिष्कार कर रोष जुलूस भी निकाला, धरना जारी

घूस मांगने के आरोपित लिपिक को निलंबित करने की मांग

रावतसर। चुनाव शाखा में आरोपित लिपिक को निलंबित कर अन्यत्र भेजने की मांग को लेकर बार संघ सदस्यों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। यही नहीं माइक सिस्टम के साथ प्रशासनिक अधिकारियों एवं आरोपित लिपिक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय परिसर पहुंचे। यहां बार संघ के अध्यक्ष सुभाष पटीर की अध्यक्षता में धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि एसडीएम कार्यालय में भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी खुलेआम है। भोले-भाले किसानों एवं अन्य परिवादियों का छोटे से छोटा सही काम भी बिना पैसे नहीं होता। आरोपित बाबू परिवादी के साथ-साथ अधिवक्ता से भी रिश्वत की मांग करता है, जो शर्मनाक है।



बार संघ इसे कतई सहन नहीं करेगा चाहे आंदोलन कितना भी लंबा चलाना पडे चलाएंगे। पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र मोदी ने कहा कि बाबू द्वारा जमानत तस्दीक के लिए हजार रूपए मांगना शर्मनाक है। उक्त लिपिक को जब तक निलंबित कर यहां से नहीं भेजा जाता आंदोलन जारी रहेगा।

धरना प्रदर्शन में यह लोग रहे उपस्थित

धरना-प्रदर्शन करने वालों में पूर्व अध्यक्ष कपिलेदव पारीक, महेंद्र शर्मा, मणिराम जालप, कुंदनलाल चुघ, मेजर सिंह, एडवोकेट आयुष खीचड, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहगल, करणी सिंह राठौड, दमन शर्मा, सौरभ शर्मा, अभिषेक सहारण, पूनम, मनप्रीत कौर, कंचन सेतिया, प्रदीप हुड्डा, बार संघ के उपाध्यक्ष संत कुमार वर्मा, थावरदास सेठी, कृपाल सिंह, रामकुमार जालवाल, अमित चावला, लाभ सिंह सौलंकी, संजय गरूआ, नरेश गोदारा, विकास गुरिया, मनीष चावला, बलवंत सिंह बुडानिया, जगनंदन सिंह चहल, रामकुमार टांक, हरदीप सिंह मान, अजब खीचड, बृज चौहान, गुरप्रीत सिंह मान, धर्मेंद्र खीचड आदि शामिल हैं।

रावतसर : 16 वर्षीय नाबालिग लापता

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रावतसर क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की ओर से तलाश करने के बावजूद लड़की का कोई सुराग नहीं लगा। इस पर पिता ने एक युवक पर अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। रावतसर थाना पुलिस ने अपहरण के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी रिपोर्ट में परिवादी ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 27 अक्टूबर की रात करीब एक बजे के बाद से लापता है। परिजनों ने अपने रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन बेटी का कोई पता नहीं चला। परिवादी ने रिपोर्ट में रमेश नामक युवक, निवासी शेरा ढाणी हाल वार्ड नंबर 37, रावतसर पर शक जताया है। पिता ने पुलिस से मामला दर्ज कर उसकी बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

संगरिया का भ्रमण किया



सीमा सन्देश # रावतसर। साथ सीखे, साथ बढ़े स्लोगन के तहत पीएम श्री विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण और साझेदारी योजना के अंतर्गत स्थानीय पीएम श्री राउमावि के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पीएम श्री राउप्रावि, संगरिया का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण में सितंबर माह के सभी कक्षाओं के स्टार ऑफ क्लास, हेड बॉयज और हेड गर्ल्स को शामिल किया गया। इसका उद्देश्य आईसीटी लैब, रिकॉर्ड संधारण, पुस्तकालय और खेल मैदान के संचालन को समझना है। संगरिया पहुंचने पर वहां के प्रधानाचार्य जयपाल व स्टाफ ने दल का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य पूनम, प्रभारी राकेश कुमार सुथार, सतीश कुमार, महेश कुमार, राजीव कुमार और शालिनी शर्मा मौजूद रहे। अंत में उप प्रधानाचार्य पूनम ने संगरिया विद्यालय स्टाफ का आभार जताया।

वार्षिक ग्रेडिंग प्रक्रिया पूरी



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की वित्तीय वर्ष 2025-26 की ग्रेडिंग प्रक्रिया बुधवार को आयोजित की गई। इस दौरान अधिकारियों ने संस्थान की वार्षिक गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया। ग्रेडिंग अधिकारी विद्याशंकर, एजीएम प्रदीप कुमार, एलडीएम सुरेन्द्र सिंह तथा डीपीएम वैभव अरोड़ा ने संस्थान के कार्यों की समीक्षा की। आरसेटी निदेशक बिधुशंकर ने अधिकारियों के समक्ष वर्षभर की गतिविधियों और उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। निर्धारित मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। इसके बाद आरसेटी मुख्यालय की ओर से ग्रेडिंग परिणाम घोषित किया जाएगा।

नोहर क्षेत्र में पंचायतीराज आम चुनाव 2026

चारणवासी, ढाणी लाल खां और भगवान ग्राम पंचायतों के मतदान केन्द्रों की सूची जारी

चारणवासी। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने नोहर पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों के मतदान केंद्रों की सूची जारी की है। नवगठित ग्राम पंचायत चारणवासी (7 केएनएन) में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बूथ संख्या 111 पर वार्ड 1, 2 व 6, बूथ 112 पर वार्ड 3 व 4 तथा बूथ 113 पर वार्ड 5 व 7 के मतदाता मतदान करेंगे। ग्राम पंचायत 16-17 केएनएन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बूथ 33 पर वार्ड 2 व 3, बूथ 34 पर वार्ड 1, 4 व 7 तथा बूथ 35 पर वार्ड 5 व 6 के मतदाता वोट डालेंगे। ढाणी लाल खां में बूथ 4 पर वार्ड 1, 2, 3 व 7 तथा बूथ 5 पर वार्ड 4, 5 व 6 के



मतदाताओं के लिए व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार, ग्राम पंचायत भगवान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बूथ 6 पर वार्ड 1 व 2, बूथ 7 पर वार्ड 3, 5 व 6 तथा बूथ 8 पर वार्ड 4 व 7 के मतदाता मतदान करेंगे। निर्वाचन कार्य के लिए सभी संबंधित भवन 2 से 6 नवंबर तक अधिग्रहित रहेंगे। मतदान केंद्रों पर रोशनी, पानी, फर्नीचर सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी विकास अधिकारी पंचायत समिति नोहर को सौंपी गई है।

लोक अदालत वाहन रवाना किया

हनुमानगढ़। राष्ट्रीय लोक अदालत, नालसा और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए बुधवार को न्याय आपके द्वार सचल विधिक सेवा केन्द्र एवं लोक अदालत मोबाइल वाहन रवाना किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन के माध्यम से धान मंडी जंक्शन, खुंजा, तिलक सर्किल और सतीपुरा सहित विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में निःशुल्क कानूनी सहायता, मध्यस्थता, स्थाई लोक अदालत, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना और राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी जाएगी। अधिकार मित्र हरीश सिंह आमजन को कानूनी अधिकारों से अवगत करवाएंगे।

आबकारी विभाग की कार्रवाई, 122 पव्वे देशी शराब बरामद

सीमा सन्देश # नोहर। अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर आबकारी विभाग को 144 बार ज्ञापन देने वाले जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू के घर पर ही आबकारी विभाग ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से 122 पव्वे देशी मदिरा बरामद किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आबकारी विभाग की टीम ने जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू पुत्र रतन सिंह, निवासी गांव असरजाना के घर पर दबिश देकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान 122 पव्वे देशी मदिरा मिलने पर विभाग ने उन्हें बरामद कर लिया। अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग को 144 बार ज्ञापन देने के कारण चर्चा में रहे जीतू के घर से शराब बरामद होने का मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचार्एं हो रही हैं। विदित रहेगी क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री को लेकर जीतू द्वारा पिछले लंबे समय से मांग उठाई जा रही थी जीतू ने सोशल मीडिया पर दावा किया था कि वे अब तक 144 भाग अवैध शराब की बिक्री को रोकने की मांग को लेकर आबकारी विभाग को ज्ञापन दे चुके हैं। उधर आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आबकारी अधिकारियों ने भी इस बात को प्रमाणित किया कि जीतू द्वारा उन्हें लगातार ज्ञापन दिए जा रहे थे। मगर अब यह मामला पूरे चर्चा का बन गया है की जो व्यक्ति अवैध शराब के खिलाफ आवाज उठा रहा था उसके घर आबकारी विभाग में अवैध शराब बरामद की है।

मतदाता जागरूकता रैली निकाली

सीमा सन्देश # नोहर। आगामी पंचायतीराज चुनावों के मद्देनजर नोहर ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैलियां निकाली गईं। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुनीता यादव के सुपरविजन में आयोजित अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करना और मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। स्वीप प्रभारी शिवराज सिंह तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त निर्देशन में आयोजित रैलियों में आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पोस्टर और नारे लिखी तख्तियां लेकर गांवों में भ्रमण किया।

पीलीबंगा में ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी होंगे

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। उपखंड पीलीबंगा में ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हनुमानगढ़ के आदेशों की पालना में उपखंड प्रशासन ने लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक आवेदक 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक कार्यालय उपखंड अधिकारी पीलीबंगा के कमरा नंबर 3 में आवेदन जमा करवा सकेंगे। आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के साथ नगर पालिका अथवा पंचायत समिति की एनओसी, संबंधित थाने से एनओसी, जन्मतिथि सत्यापन के लिए मान्य प्रमाण पत्र, स्वप्रमाणित पहचान दस्तावेज अथवा आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा 50 रुपये का नॉन-ज्यूडिशियल स्टांप पर स्वघोषणा पत्र, निर्धारित शुल्क जमा करवाने की चालान रसीद तथा लाइसेंस फॉर्म एलई-5 की दो प्रतियां भी जमा करवानी होंगी। आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक निर्धारित की गई है। इस दौरान कार्यालय समय में आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद 1 नवंबर को दोपहर 2 बजे कार्यालय उपखंड अधिकारी पीलीबंगा में लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी प्रक्रिया में आवेदकों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस 6 नवंबर से 8 नवंबर तक प्रभावी रहेंगे।

29 से 31 तक होंगे आवेदन

सीमा सन्देश # नोहर। दीपावली के मद्देनजर ग्रीन आतिशबाजी की बिक्री के लिए अस्थायी अनुज्ञापत्र जारी किए जाएंगे। एसडीएम सुनीता यादव ने बताया कि इच्छुक आवेदक 29 से 31 अक्टूबर तक उपखंड कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकेंगे। श्रीराम वाटिका के पास अस्थायी पटाखा बाजार में 50 दुकानें आवंटित की जाएंगी। दुकानों का आवंटन एक नवंबर को सुबह 11 बजे नगरपालिका कार्यालय में लॉटरी के माध्यम से होगा। आवेदन के साथ तीन पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र और शपथ पत्र देना अनिवार्य है। लाइसेंस पांच नवंबर को दोपहर तीन बजे बाद वितरित होंगे। अनुज्ञापत्र छह से आठ नवंबर तक मान्य रहेंगे। दुकानदार केवल नीरी के क्यूआर कोड वाली ग्रीन आतिशबाजी ही बेच सकेंगे।

सीवरेज लीकेज और नालियों की सफाई नहीं होने से लोग परेशान, सभापति ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन

दीपावली से पहले सभापति-उपसभापति ने परखी सफाई व्यवस्था

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली के त्योहार को देखते हुए नगर परिषद सभापति मंजू रणवां और उपसभापति सोनू बंसल ने बुधवार को वार्ड नंबर 52 और 57 का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 57 में सीवरेज लाइन में लीकेज, नालियों की सफाई नहीं होने और अन्य समस्याओं का मुद्दा सामने आया। वार्डवासियों ने सभापति को समस्याओं से अवगत करवाते हुए जल्द समाधान की मांग की। इस पर सभापति ने समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। वार्ड नंबर 57 में निरीक्षण के दौरान पार्षद अंजू चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी और वार्डवासी मौजूद रहे। उन्होंने सभापति को बताया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था की स्थिति गंभीर बनी हुई है और मोहल्लों में कई कार्य अभी होने बाकी हैं।



सीवरेज और नालियों की सफाई में होगा सुधार

उपसभापति सोनू बंसल ने बताया कि दीपावली नजदीक होने के कारण सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। वार्ड नंबर 52 और 57 के दौरे के दौरान मुख्य रूप से सीवरेज लाइन में लीकेज और नालियों की सफाई नहीं होने की समस्याएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इन व्यवस्थाओं में सुधार करवाया जाएगा। उपसभापति ने वार्डवासियों और शहरवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शहर में जगह-जगह कचरा जमा होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। केवल नगर परिषद के प्रयासों से व्यवस्था में पूर्ण सुधार संभव नहीं है, इसके लिए आमजन का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से कचरा कचरा पात्रों और ऑटो टिपर में ही डालने की अपील की।\

पूर्व पार्षद राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि वार्ड में कई समस्याएं हैं, जिनसे सभापति को अवगत करवाया गया है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द इनका समाधान होगा। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि सीवरेज की समस्या पूरे शहर में बनी हुई है। वार्ड में कई स्थानों पर सीवर का पानी लीकेज हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के पास कर्मचारी होने के बावजूद निगरानी का अभाव है। उनके अनुसार, बड़े वार्ड में सफाई के लिए मात्र एक कर्मचारी तैनात है, जिसके कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है।

सामाजिक समरसता का संदेश



सीमा सन्देश # सूरांवाली। अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, राजस्थान, ब्लॉक पीलीबंगा की ओर से अंबेडकर नवयुवक संघ के सहयोग से अंबेडकर भवन में महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष रामनिवास लद्धड़ ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य वक्ता सूरज प्रकाश डाबला ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और कृतित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। एडवोकेट निखिल बिश्नोई ने रामायण को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए इसके आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही। सेवानिवृत्त शिक्षक सुभाष बारोलिया ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में हरजिंद्र सिंह, महावीर बालान, प्राचार्य मुकेश कुमार कायथ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन मुकेश कुमार कायथ ने किया। महावीर बालान ने आभार व्यक्त किया। समारोह में सामाजिक समरसता, समानता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

न्यूज इन ब्रीफ

जानवर के काटने से किसान की मौत

सीमा सन्देश # सादुलशहर। गांव मोरजंडखारी-किलांवाली की रोही 36 एमएमके में खेत में कृषि कार्य करते समय गत दिनों किसान जसकरण सिंह पुत्र रूलदुराम जटसिख की जहरीला जानवर काटने से मौत हो गई। ग्राम सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष गुरदीपसिंह ने बताया कि मृतक जसकरणसिंह माता-पिता स्वर्ण कौर-रूलदु सिंह का इकलौता पुत्र था। मौत से घर में कोहराम मच गया।



रक्तदान शिविर एक नवंबर को

सीमा सन्देश # सादुलशहर। पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा नशे को ना एवं स्वस्थ युवा समृद्ध सादुलशहर कार्यक्रम अंतर्गत एक नवंबर रविवार को सुबह दस बजे निःशुल्क स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष आयुष खीचड, डॉ. पूर्ण सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर को व्यापक बनाने के लिए कार्यकर्ता कार्य करने में लगे हुए हैं। पूर्व चेयरमैन खीचड ने युवा वर्ग से आह्वान किया है कि जरूरतमंद रोगी की अनमोल जिंदगी को बचाने के लिए रक्तदान जरूर करें।

कच्चा बस स्टैंड की सुनवाई टली

सीमा सन्देश # सरदारशहर। शहर के कच्चा बस स्टैंड पर रेहड़ी-ठेला संचालकों की शिफ्टिंग को लेकर जोधपुर हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी, जिससे मामले की अगली सुनवाई अब 5 नवंबर के लिए निर्धारित की गई है। इस स्थगन से रेहड़ी-ठेला संचालकों, दुकानदारों और प्रशासन की निगाहें न्यायालय के आगामी आदेश पर टिकी हैं। अधिवक्ता राजेंद्र राजपुरोहित के अनुसार, मामले में कई कानूनी पहलुओं और महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर विचार किया जाना बाकी है, जिससे 5 नवंबर को विस्तृत बहस की संभावना कम है। हालांकि, 24 सितंबर 2026 को जारी स्थगन आदेश और अंतरिम राहत की स्थिति न्यायालय के अगले आदेश से स्पष्ट होगी। प्रकरण में दुकानदारों के कथित अतिक्रमण का मुद्दा और लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडरों को पक्षकार बनाया जाना अहम पहलू है। पूर्व में इस संबंध में जवाब मांगे गए थे। अब सभी पक्षों को आगामी आदेश का इंतजार है।

जीजी नहर में मिला शव

सीमा सन्देश # चूनावढ़। थाना क्षेत्र में 26 जीजी मोघे के पास जीजी नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर चूनावढ़ थाना पुलिस के एएसआई विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पहचान के लिए श्रीगंगानगर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष प्रतीत होती है और कद लगभग 5 फीट 5 इंच है। उसका रंग गेहुंआ है और उसने मटमैले रंग की टी-शर्ट पहन रखी है। मृतक की बाईं हथेली की चारों उंगलियां पहले से कटी हुई हैं। शरीर पर जगह-जगह सफेद रंग के धब्बे हैं। उसकी दाईं कलाई पर धागा बंधा हुआ है। मृतक की बड़ी काली दाढ़ी और सिर पर काले बाल हैं।

जगरूप सिंह की पुण्यतिथि 30 को

सीमा सन्देश # सादुलशहर। नगरपालिका के वाइस चेयरमैन रहे का. जगरूप सिंह गिल की 23 वीं पुण्यतिथि पर 30 अक्टूबर शुक्रवार को श्री गुरुद्वारा सिंहसभा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। माकपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि सभा होगी। वहीं का. जगरूप सिंह गिल के सुपुत्र पशुपालन विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सुखविंद्र सिंह गिल ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम अंतर्गत पाठ का भोग भी संपन्न होगा। अटूट लंगर बरताया जाएगा। गौरतलब है कि का. जगरूप सिंह गिल जीवन पर्यन्त गरीब, असहाय लोगों की मदद के लिए संघर्ष करते रहे।



कृषि भूमि को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष

पांच घायल, 12 बीघा जमीन को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने, घायलों को किया रैफर

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। ग्राम पंचायत मुख्यालय 13 एफएफ माणकसर में कृषि भूमि के विवाद को लेकर एक परिवार के 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से पुलिस ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉ. विनोद कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल भिजवा दिया गया। पुलिस थाना के एएसआई गुरमेल सिंह ने बताया कि चक 16 एफएफ निवासी देवेंद्र सिंह जटसिख ने 13 एफएफ निवासी हरिसिंह से 12 बीघा जमीन ली थी, जिसकी रजिस्ट्री भी करवा ली गई है। देवेंद्र सिंह जब पानी की बारी लगा रहा था, तब हरिसिंह का बेटा



रणजीत सिंह व कुलदीप सिंह अन्य लोगों के साथ वहां आकर कहने लगा कि यह जमीन उनकी है और इसमें सिंचाई पानी वही लगाएंगे। इस पर दोनों में खूनी संघर्ष हो गया। जगजीत सिंह पुत्र साधू सिंह, निर्मलजीत सिंह पुत्र साधू सिंह, सुखविंद्र सिंह पुत्र निर्मल सिंह सभी निवासी 20 ए रामसिंहपुर एवं कुलदीप सिंह तथा रणजीत सिंह दोनों पुत्र हरिसिंह निवासी 13 एफएफ माणकसर गंभीर रूप से घायल हो गए। पांचों घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। अभी तक पुलिस थाना में मामला दर्ज नहीं किया गया, क्योंकि सभी लोग घायलों की सार - संभाल में श्रीगंगानगर चले गए।

श्री सत्यनारायण मंदिर में पूर्णिमा पर विशेष पूजा व खीर-प्रसाद वितरण



सीमा सन्देश # सादुलशहर। श्री सत्यनारायण मंदिर में पूर्णिमा पर विशेष पूजा-अर्चना पुजारी सुंदरदास शर्मा के सान्निध्य में की गई। यही नहीं रात को चांद की रोशनी में खीर बनाकर रखी गई। सुबह पूजा कर श्रधालुओं में बांटी गई। पुजारी सुंदर दास ने श्रधालुओं को पूर्णिमा का महत्व बताया। इस दौरान बाबूलाल शास्त्री, बद्री विशाल शर्मा, रामकिशन गोयल, बृजलाल गोयल, कुलदीप गोयल, गिरधारी मित्तल, गिरधारी काकडिया, रवि गोयल, भवानी शंकर सोनी, महावीर गोयल, अनुज गोयल, हर्ष बंसल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

पार्षदों ने निगम अधिकारी को बताई बिजली संबंधी समस्याएं



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। नगर पालिका के उपाध्यक्ष शेर सिंह खटीक, वार्ड नंबर 2 के पास गोवर्धन राम एवं वार्ड संख्या 23 के पार्षद ओमप्रकाश पाहवा द्वारा विद्युत समस्याओं को लेकर जोधपुर विद्युत निगम के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। वार्डों में लगे हुए विद्युत पोल की तारें ढीली होकर नीचे लटक रही हैं, जिससे कोई अप्रिय घटना हो सकती है। इन तारों को सही किया जाए। साथ ही अनेक घरों से होकर निकलने वाली तारें भी हटवाई जाएं। कई सीमेंट के पोल जर्जर हो चुके हैं जिनके गिरने का खतरा बना हुआ है, उन्हें भी शीघ्र बदला जाए।

डम्पर लूट का आरोपी गिरफ्तार

एक घंटे में पुलिस ने दबोचा, 70 लाख का डंपर बरामद

सीमा सन्देश # सरदारशहर

थाना पुलिस ने डंपर चालक के साथ मारपीट कर वाहन लूटने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के महज एक घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने करीब 70 लाख रुपये कीमत का लूटा गया डंपर भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 24-25 अक्टूबर की मध्यरात्रि जीवणदेसर गांव के पास दो युवकों ने डंपर रुकवाकर रतनगढ़ छोड़ने को कहा। इसके बाद आरोपियों ने चालक मदनलाल बुडानिया को जबरन नीचे उतारकर मारपीट की और उसकी जेब से दो हजार रुपये, ड्राइविंग लाइसेंस व



आधार कार्ड छीनकर हाथ-पैर बांध दिए तथा डंपर लेकर फरार हो गए। बीसरासर निवासी पीड़ित की रिपोर्ट पर सरदारशहर थाने में मामला दर्ज किया गया।

थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठाकर बंजारा (27) निवासी डाबर कॉलोनी, भिवानी, हरियाणा को गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कई अन्य वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना भी स्वीकार किया है। इनमें 30 अगस्त को उडसर, 13-14 अक्टूबर की रात बीदासर, और जनवरी में सुजानगढ़ के पास से डंपर चोरी तथा हरियाणा में सिवानी-तोशाम मार्ग से ट्रेलर चोरी करना शामिल है। आरोपी ने राजस्थान से चुराए गए वाहन मेवात ले जाने की जानकारी भी दी है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

एक्सिस बैंक में करवा चौथ पर महिलाओं को निःशुल्क मेहंदी लगाई



सीमा सन्देश # सादुलशहर। धान मंडी में स्थित एक्सिस बैंक शाखा द्वारा करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बैंक परिसर में महिलाओं के हाथों पर निःशुल्क मेहंदी लगवाई गई। संभवतः यह सादुलशहर का पहला बैंक है जिसने यह नई पहल की है। महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहंदी लगवाई और खुशी व्यक्त करते हुए एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक सुनील अरोडा सहित पूरे स्टाफ की प्रशंसा करते हुए आभार जताया।

इस दौरान बैंक के त्रिकुंश सरदाना, हरकीरत सिंह, अनिश दांग, करण कुमार, शुभम सोनी सहित बैंक स्टाफ मौजूद था।

त्योहारों पर मिलावट और सुरक्षा की चिंता

खाद्य सुरक्षा और पटाखों की बिक्री को लेकर उठी जांच की मांग

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। दीपावली त्योहार नजदीक आते ही शहर के बाजारों में मिठाइयों, घी, तेल, मसालों और अन्य खाद्य सामग्री की बिक्री में तेजी आ गई है, जिससे गुणवत्ता और मिलावट को लेकर आशंकाएं गहराने लगी हैं। आमजन की मांग है कि स्वास्थ्य व खाद्य सुरक्षा विभाग मिठाई और किराना दुकानों पर जल्द जांच अभियान चलाएं। लोगों का कहना है कि औपचारिकता से बचते हुए दुकानों से नमूने लेकर जांच करवाई जाए और नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही, मिठाई और किराना यूनियन को सदस्यों को जागरूक करना चाहिए तथा व्यापारियों से शुद्ध सामग्री बेचने की अपेक्षा है। दूसरी ओर, बाजारों में पटाखों की बिक्री को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। हर वर्ष घनी आबादी वाले बाजारों के बीच पटाखों की बिक्री होती है, जिससे आगजनी का खतरा रहता है। दीपावली पर भारी भीड़भाड़ के चलते सुरक्षित भंडारण और बिक्री पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन त्योहार से पहले बाजारों का निरीक्षण कर पटाखों की बिक्री केवल निर्धारित स्थानों पर और नियमानुसार अनुमति के साथ सुनिश्चित करे, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।

मूंग की सरकारी खरीद शुरू करवाने के लिए अधिकारियों को भेजा ज्ञापन

सीमा सन्देश # सादुलशहर। सादुलशहर में समर्थन मूल्य पर किसानों से मूंग की फसल की खरीद शुरू करवाने की मांग की गई है। इस संबंध में व्यापार मंडल सहित किसान संगठनों द्वारा सोमवार को राजफेड के एमडी सहित उच्चाधिकारियों को ज्ञापन भेजे गए हैं। इसमें उल्लेख किया गया है कि मूंग की समर्थन मूल्य 8780 रूपए प्रति क्विंटल है, जबकि धान मंडियों में 7000 हजार से लेकर 8200 रूपए तक मूंग की ढेरियां बिक रही हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। इसलिए मूंग की फसल की सरकारी खरीद शीघ्र शुरू करवाई जाए। ज्ञापन भेजने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, अमित तरड, नीरज मित्तल, कमल गोयल, साहिल बाघला, रतनलाल गोयल आदि शामिल हैं। वहीं कौर सिंह सिधू, डॉ. गरीबदास, कृष्ण सहारण, अरविंद सहारण आदि ने भी सरकारी खरीद शुरू करवाने की मांग की है।

पालिका ईओ बिश्नोई का सम्मान



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई का बेहतरीन कार्यों के लिए चित्रकारी भेंट कर सम्मान किया गया। वार्ड नं. 15 की अनुराधा गौरी ने नगरपालिका में पहुंचकर यह सम्मान भेंट किया। उन्होंने बताया कि पालिका ईओ की अगुवाई में नियमित सफाई और कचरा संग्रहण कार्य किया जा रहा है। वार्डवासी बख्शीश सिंह, पालिका उपाध्यक्ष शेर सिंह खटीक, पार्षद सिटी बाल्मीकि आदि भी मौजूद रहे।

महात्मा गांधी विद्यालय में वैदिक यज्ञ का आयोजन

विद्यार्थियों ने दी आहुतियां



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। कस्बे के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वैदिक परंपरा के अनुरूप यज्ञ का आयोजन किया गया।

आर्य समाज श्रीगंगानगर से आए विक्रांत कुमार शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। यज्ञ में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राजेश्वरी देवी एवं वेदवती का भी स्वागत-सम्मान किया गया। यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपराओं तथा संस्कारों के महत्व से परिचित करवाया गया। आर्य समाज के मंत्री नोपराम ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वैदिक परंपराओं के संरक्षण तथा संस्कारों के प्रसार में ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

जांगिड ने करवाया था ओवर हैड टैंक का निर्माण, ग्रामीणों को मिल रहा स्वच्छ पेयजल



सीमा सन्देश # सादुलशहर। गांव नूरपुरा में तत्कालीन विधायक जगदीशचंद्र जांगिड ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार से 1 करोड 34 लाख रूपए स्वीकृत करवाकर गांव वासियों को पेयजल उपलब्ध करवाने की मंशा को लेकर आजादी के बाद पहली बार ओवर हैड टैंक स्थापित करवाया। यही नहीं ओवर हैड टैंक से गांव में पेयजल सप्लाई पाइप लाइन भी डलवाई गई। निर्वतमान प्रशासक सुखविंद्र कौर, प्रतिनिधि कश्मीरी लाल ने बताया कि जिस स्थान पर ओवर हैड टैंक स्थापित करवाया है, वहां कूडा-कचरा एवं गंदगी पसरी रहती थी। इसी सार्वजनिक भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पास कर पीएचईडी को ओवर हैड टैंक स्थापित करने के लिए प्रदान की गई। तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड के प्रयास से स्वीकृत हुई इस राशि से निर्धारित अवधि में ओवर हैड टैंक का निर्माण करवाने के साथ-साथ पेयजल सप्लाई पाइप डलवाकर सप्लाई भी शुरू करवा दी गई। अब गांव में ग्रामीणों को जरूरत के मुताबिक साफ-स्वच्छ जल उपलब्ध हो रहा है। इस उपलब्धि पर गांव के सामाजिक कार्यकर्ता नूरनवी खान सहित दर्जनों ग्रामीणों ने तत्कालीन विधायक जांगिड के सफल प्रयास पर खुशी व्यक्त की है।

श्रीविजयनगर व जैतसर में आज बिजली बंद

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। श्रीविजयनगर व जैतसर सहित आसपास के क्षेत्रों में 29 अक्टूबर को 3 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत निगम कार्यालय सहायक अभियंता, अनूपगढ़ की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, श्रीविजयनगर स्थित 132 केवी जीएसएस पर 33 केवी विद्युत प्रणाली के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते सुबह 7 से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान जीएसएस से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। इसके चलते श्रीविजयनगर व जैतसर शहर के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली बंद रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में 44 जीबी, 2 डीएम और 10 जीबी सहित इनके नजदीकी ग्रामीण इलाके शामिल हैं।

कैम्पस शूज स्टोर का शुभारंभ



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। शहर के रेलवे स्टेशन के पास कैम्पस शूज स्टोर का शुभारंभ बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष निखिला मोहित छाबड़ा और उपाध्यक्ष कर्मनिशा बानो ने किया। इस मौके पर पार्षदों सहित शहर के गणमान्यजन उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर संचालकों को शुभकामनाएं दीं।

सेवादार ने फांसी लगाई

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। गांव भगवानगढ़ के गुरुद्वारे में सेवादार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सेवादार रमेश कुमार का शव गुरुद्वारे के कमरे में फंदे से लटका मिला। सहायक उप निरीक्षक राजकुमार कटारिया ने बताया कि श्रीगंगानगर निवासी रमेश कुमार भगवानगढ़ गुरुद्वारे में सफाई का कार्य करते थे। घटना की सूचना पाकर उसका छोटा भाई पवन कुमार गांव पहुंचा और पुलिस को सूचना दी।

राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। सेठ बिहारीलाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार से 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। केंद्र प्रभारी डॉ. ज्योति और प्राचार्य मनप्रीत सिंह ने अध्यक्षता की। डॉ. ज्योति ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं उपयोगी कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक बनें व आवश्यकता पड़ने पर स्वयं की रक्षा करने में सक्षम हो सकें। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता मनप्रीत सिंह ने छात्राओं को मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त रहने व विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए विपरीत परिस्थितियों का धैर्य एवं आत्मविश्वास के साथ सामना करने के उपाय भी बताए। कार्यक्रम में सहायक आचार्य संदीप कुमार और सरला सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी योजना के तहत होगा विकास : विधायक बराड़

खेल स्टेडियम में 50 लाख की लागत से स्थापित होगी जिम, 40 लाख से बनेगी बहुमंजिला लाइब्रेरी

सीमा सन्देश # सादुलशहर। विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के प्रयासों से श्यामा प्रसाद मुखर्जी योजना के तहत सादुलशहर को खेल और शिक्षा के क्षेत्र में 90 लाख की वित्तीय स्वीकृति मिली है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमन मक्कड, रोहित शर्मा, पूर्व पार्षद संजीव खीचड, मेडिकल रिलीफ सोसायटी के सदस्य डॉ. बीबी गुप्ता, पालिका पूर्व चेयरमैन राजेंद्र खीचड, व्यापार मंडल कार्य समिति सदस्य नोहित गर्ग, प्रहलाद खैरवा, सामाजिक कार्यकर्ता गुरदयाल खैरवा आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि विधायक गुरवीर सिंह बराड द्वारा स्टेडियम में 50 लाख की लागत से आधुनिक जिम निर्माण व अन्य विकास कार्य होंगे, जहां पिछले 6 माह से 2 करोड़ के खेल विकास कार्य पहले से जारी हैं। इसके साथ ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए 40 लाख की लागत से बहुमंजिला लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग तल पर पढ़ाई की व्यवस्था होगी। विगत ढाई वर्षों में सादुलशहर व आसपास के क्षेत्र में चिकित्सा, पेयजल, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व बजट मंजूर हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 42 करोड़ से उप-जिला चिकित्सालय का नया भवन बन रहा है, वहीं पेयजल के लिए 6 करोड़ के जल जीवन मिशन कार्य, महिला कॉलेज के नए भवन, सड़कों और सामुदायिक शेड का निर्माण लगातार जारी है। यह स्वीकृतियां युवाओं को बेहतर भविष्य की ओर ले जाएंगी। स्टेडियम में जिम और खेल सुविधाएं युवाओं को नशे की ओर जाने से रोककर सेहतमंद बनाएंगी, वहीं नई लाइब्रेरी उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेगी।



इस उपलब्धि पर निवृतमान प्रशासक जीवन सिंह बराड, बलजिंद्र सिंह बराड, भामाशाह गुरमीत सिंह महल, पंजाब आयुर्वेदिक कॉलेज के एमडी डॉ. मोहित अरोडा, पूर्व उप प्रधान सुरेंद्र जलंधरा, मंडल अध्यक्ष पवन गरूआ, राधेश्याम बजाज, डॉ. अजय नायक आदि ने विधायक, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

I, KAILAN DEVI Mother of No.-3014668X, Rank-L/HAV, BHOOPENDRA SINGH have changed my name from KAILAN DEVI to KALLAN vide affidavit dated-27/10/2026 before Bikaner Court

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144-32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

'अर्नब' के लैंडफाल के दौरान अंतरिक्ष से ली गई तस्वीरों में आधे भारत में दिखे बादलों के समूह



भारत के INSAT-3DS मौसम उपग्रह से ली गई तस्वीरों में चक्रवात 'अर्नब' के बादलों के विशाल समूह देश के लगभग आधे हिस्से में फैले दिखाई दिए। IMD के मुताबिक, चक्रवात सुबह 2 बजे से 8 बजे के बीच तट पार कर गया। इस दौरान हवाओं की रफ्तार 135 किमी/घंटा तक पहुंची जबकि झोंके 150 किमी/घंटा तक दर्ज किए गए।

अमेरिका में गूंजा 'जय श्रीराम', 'रामायण' के प्रीमियर पर जुटे हॉलीवुड सितारे



निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' का ग्लोबल प्रीमियर लॉस एंजिल्स के एकेडमी म्यूजियम में हुआ। अभिनेता रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी के साथ रयान रेनॉल्ड्स और जेडा पिंकेट स्मिथ समेत हॉलीवुड की हस्तियां भी शामिल हुईं। इस दौरान पूरा माहौल 'जय श्रीराम' के नाम से गुंजायमान हो गया और लोग फिल्म के प्रति उत्सुकत दिखे।

गूगल ने लॉन्च किया नया एआई मॉडल Genie 4, क्या है इसकी खासियत?



गूगल ने Genie 4 अक मॉडल पेश किया है जो असली दुनिया जैसे नजारे बना सकता है। इसकी मदद से लोग अपनी पसंद की आभासी दुनिया तैयार कर सकेंगे और उसमें बदलाव भी कर सकेंगे। यह मॉडल सिर्फ तस्वीरें और वीडियो जैसे दृश्य ही नहीं बनाएगा बल्कि संगीत, आसपास की आवाजें और बातचीत भी तैयार कर सकेगा।

दुनिया के 100 सर्वश्रेष्ठ म्यूज़ियम की 2026 की सूची में टॉप-10 में बिहार का म्यूज़ियम



जर्मनी की ट्रैवल गाइड 'वर्थ अ जर्नी' की 2026 की दुनिया के 100 सर्वश्रेष्ठ म्यूज़ियम की सूची में पटना के बिहार म्यूज़ियम को 9वां स्थान मिला है। यह एशिया में पहले स्थान पर है। इसने न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट और पेरिस के लूव्र को पीछे छोड़ दिया है। यह सूची में शामिल भारत का एकमात्र म्यूज़ियम है।

ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों का दिमाग चेहरों को कैसे देखता है? नए शोध में खुलासा



नेचर मेंटल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों अक्सर दूसरों के चेहरों को कम देखते हैं। आम लोगों की तुलना में उनके लिए चेहरों को याद रखना/चेहरे के हाव-भाव समझना भी अधिक मुश्किल हो सकता है। लगभग 400 ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के EEG स्कैन की जांच करके पाया कि यह फर्क बचपन से दिखने लगता है।

पाकिस्तान की मध्यस्थता वाला ईरान शांति समझौता कभी पसंद नहीं आया: ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उन्हें पाकिस्तान की मध्यस्थता से हुए ईरान शांति समझौते की शर्तें कभी पसंद नहीं आईं। उनके बयान पर ईरान ने कहा कि ट्रंप की टिप्पणियां अमेरिका की कूटनीतिक प्रतिबद्धताओं के खोखलेपन को उजागर करती हैं। दोनों देशों के बीच तनाव के बीच पाकिस्तान ने वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।

तहखाने में था द्वितीय विश्व युद्ध के समय का बम, परिवार को सफाई में मिला



अमेरिका के मिशिगन में एक परिवार को अपने दादा के बेसमेंट की सफाई के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक पुराना हैंड ग्रेनेड मिला। सूचना पर पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर उसकी जांच की और उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया। जांच में पता चला कि ग्रेनेड पहले ही निष्क्रिय किया जा चुका था।



केदारनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में इन दिनों श्रद्धालुओं का भारी तांता लगा हुआ है। सुबह उगते सूर्य की सुनहरी किरणों से जगमगाती बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियों की खूबसूरत पृष्ठभूमि के बीच बाबा केदार के दर्शनों के लिए भारी संख्या में भक्त उमड़ रहे हैं। बर्फीली वादियों और भक्तिमय माहौल से पूरा धाम गुंजायमान है।

आईसीसी रैंकिंग; अभिषेक शर्मा नंबर-1 टी20 बल्लेबाज

ईशान किशन पहले से तीसरे पर आए, पाक के साहिबजादा फरहान दूसरे नंबर पर पहुंचे



दुबई। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में शतक जमाने वाले भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ताजा आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले सप्ताह तक टॉप पर रहे ईशान किशन दो स्थान फिसल कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। चार भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में शामिल हैं। गेंदबाजों और ऑलराउंडर्स की टॉप-10 लिस्ट में कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं है। अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर-1 गेंदबाज और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 ऑलराउंडर हैं।

साहिबजादा को ईशान के चोटिल होने का फायदा मिला : पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 13 अक्टूबर के बाद से कोई मैच नहीं खेला, उन्हें ईशान किशन के इंजर्ड होने का फायदा मिला।

अक्षर पटेल फिसले, टॉप-10 में कोई भारतीय गेंदबाज नहीं : टीम इंडिया का कोई भी गेंदबाज टॉप 10 में जगह नहीं बना पाया है। अक्षर पटेल 11वें, अर्शदीप सिंह 15वें और जसप्रीत बुमराह 27वें स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा दूसरे और इंग्लैंड के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं।

हार्दिक पंड्या भारत के टॉप ऑलराउंडर : चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे हार्दिक पंड्या अब भी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय ऑलराउंडर बने हुए हैं।

कैनेडियन ओपन स्क्वैश

क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले अनाहत सिंह ने वापस लिया नाम



टोरंटो। भारतीय स्क्वैश सनसनी अनाहत सिंह चोट के कारण कनाडा महिला ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। यह वर्ल्ड नंबर 15 अनाहत शानदार फॉर्म में थीं। उन्होंने इंग्लैंड की सारन न्घिएम को चार गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। पीएसए सिल्वर-लेवल टूर्नामेंट के इस क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की वर्ल्ड नंबर-7 खिलाड़ी और टॉप सीड फेरोज अबोलखैर से होना था। इस वजह से अबोलखैर को वॉकओवर के जरिए सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया है।

नीलकांत अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेंगे

जालंधर (वार्ता) टोक्यो 2020 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले नीलकांत शर्मा ने घोषणा की कि वह चल रही 2026 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के समापन के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लेंगे। 31 वर्षीय मिडफील्डर ने यह घोषणा तब की, जब भारत ने जालंधर के ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ 13-0 की जीत के साथ एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी अभियान की शुरूआत की।

कामरान और मुशीर खान का शानदार प्रदर्शन, गेंदबाजों का दिखा दबदबा

वडोदरा (वार्ता)। बड़ौदा के 616 रनों के जवाब में जम्मू-कश्मीर के कप्तान कामरान इकबाल (121) और उमरान नजीर के पहले शतक के बावजूद टीम फॉलो-ऑन नहीं टाल सकी। मुंबई के मुशीर खान ने शतक के बाद 85 रन पर 6 विकेट झटककर हरियाणा को फॉलो-ऑन के लिए मजबूर किया, हालांकि निशांत सिंधु (नाबाद 105) ने संघर्ष जारी रखा। कर्नाटक के अनीश्वर गौतम (100) और विदर्भ के ध्रुव शोरे (168) ने शतकीय पारियां खेलकर टीमों को बढ़त दिलाई। हिमाचल के इनेश महाजन ने भी 121 रन बनाए। राजस्थान के करण लांबा (नाबाद 100) ने पारी घोषित कराई और उत्तराखंड को 342 का लक्ष्य दिया। गेंदबाजी में सौराष्ट्र के पार्थ भूत ने घातक प्रदर्शन करते हुए 7 रन देकर 6 विकेट चटकाए। वहीं सर्विसेज के पुलकित नारंग ने 6 और केरल के जलज सक्सेना ने 5 विकेट लिए।

डब्ल्यूपीएल नीलामी में इलिंग और तीन अनकैप्ड भारतीय

कोच्चि (वार्ता) विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की आज होने वाली नीलामी की सूची में चार और खिलाड़ियों को जोड़ा गया है। न्यूजीलैंड की बाएं हाथ की मध्यम तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और तीन भारतीय 'अनकैप्ड' खिलाड़ियों को 146 खिलाड़ियों की शुरूआती सूची में शामिल किया गया है। अब इस सूची में शामिल खिलाड़ियों की संख्या 150 हो गई है। इलिंग के जुड़ने से ऑक्शन पूल में एक विदेशी तेज गेंदबाज का विकल्प आ गया है। वहीं, भारतीय खिलाड़ियों में दिल्ली की लेग-स्पिनर मेधावी बिधूड़ी और समायरा राघव, तथा उत्तर प्रदेश की बाएं हाथ की मीडियम पेसर अवन्या जैन शामिल हैं। समायरा राघव निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी भी कर सकती हैं। पांचों फ्रेंचाइजी अलग-अलग बजट (पर्स) और टीम की जरूरतों के साथ ऑक्शन में उतरेंगी। यूपी वॉरियर्स के पास सबसे ज्यादा 3.75 करोड़ रुपये बचे हैं और उन्हें आठ खिलाड़ियों को चुनना है, जिनमें तीन विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस के पास सबसे कम 90 लाख रुपये बचे हैं और उन्हें छह खिलाड़ियों को चुनना है, जो सभी भारतीय खिलाड़ी होंगे।

तीसरा वूमेंस वनडे; जिम्बाब्वे टीम 131 रन पर ऑलआउट, भारत सीरीज जीता

वैष्णवी के पंजे और प्रतिका-शेफाली के अर्धशतकों से जीती टीम इंडिया

भारतीय महिलाओं ने 132 रन का टारगेट 17 ओवर में चेज किया



वडोदरा (वार्ता) वैष्णवी शर्मा (पांच विकेट), क्रांति गौड और सायली सातघरे (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 59) और शेफाली वर्मा (नाबाद 51) रनों की अर्धशकीय पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 198 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम ने 17 ओवरों में 133 रन बनाकर मुकाबला अपना नाम कर लिया। भारतीय टीम को पहले ही ओवर में नोमवेलो सिबांडा ने यास्तिका भाटिया (शून्य) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद हरलीन देओल ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट लिए 58 रन जोड़े। हरलीन देओल (19) रन बना कर दूसरे विकेट के रूप में आउट हुई। प्रतिका रावल ने 56 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 59) रनों की पारी खेली। शेफाली वर्मा ने 26 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 51) रन बनाये। इससे पहले आज यहां भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 39.5 ओवरों में 131 रन के स्कोर पर समेट दिया था। जिम्बाब्वे की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 25 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट खो दिये। लोरीन फिरी (शून्य), चिपो मुगेरी-टिरिपानो (चार) और बीलव्ड बिजा (एक) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान जोसेफीन अंकोमो ने मॉडेस्टर मुपाचिकवा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 27 रन जोड़े थे कि वैष्णवी शर्मा ने मॉडेस्टर मुपाचिकवा (37) रन को आउट कर इस साझेदारी का अंत कर दिया। इसके बाद चीजा धुरुरू ने कप्तान अंकोमा के साथ पांचवे विकेट के लिए 43 रन जोड़कर टीम के स्कोर सैंकड़े के करीब पहुंचाया।

यूपी वॉरियर्स ने सोफी मोलिन्यू को 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा



कोच्चि (वार्ता) महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी में यूपी वॉरियर्स ने सबसे अहम खरीदारी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सोफी मोलिन्यू को 1.10 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया और ग्रेस हैरिस को उनके बेस प्राइस 30 लाख रुपये में वापस अपनी टीम में ले आए। मोलिन्यू को खरीदने में उनकी पुरानी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने भी दिलचस्पी दिखाई थी। हालांकि, मौजूदा चैंपियन आरसीबी नीलामी में केवल 1.15 करोड़ रुपये का बजट लेकर उतरी थी, इसलिए 1.05 करोड़ रुपये की बोली के बाद वे पीछे हट गए। हैरिस, जिन्होंने 2023 में यूपी वॉरियर्स के साथ डब्ल्यूपीएल में डेब्यू किया था, 2026 में आरसीबी के साथ खिताब जीतने के बाद अब वापस यूपी वॉरियर्स में लौट आई हैं। इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर को उनके बेस प्राइस 30 लाख रुपये में खरीदा गया।

गोल्ड मेडलिस्ट पैरा एथलीट नीरज यादव की मौत

कोच बोले- जहर खाया; डोपिंग के चलते 4 साल से बैन थे

तीन बार के एशियन पैरा गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट नीरज यादव का मंगलवार रात दिल्ली में निधन हो गया। कोच का दावा है कि उनकी मौत जहर खाने से हुई है। नीरज डोपिंग के चलते 4 साल से प्रतिबंधित थे। 42 साल के नीरज यादव पैरा एथलेटिक्स की एफ-55 कैटेगरी में हिस्सा लेते थे। इसमें खिलाड़ी बैठकर थ्रो करने वाले इवेंट में हिस्सा लेते हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, सोनीपत के एक अपार्टमेंट में घर पर बेहोश मिलने के बाद नीरज को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



6 महीने से परिवार से अलग रह रहे थे नीरज, एक बच्ची को गोद लिया था

भारत के मुख्य पैरा-एथलेटिक्स कोच एस. सत्यनारायण ने बताया, नीरज पिछले 6 महीने से सोनीपत के एक अपार्टमेंट में अपनी मां और पत्नी से अलग रह रहे थे। उनकी मां और पत्नी दिल्ली-उत्तर प्रदेश बॉर्डर के पास रहती थीं। नीरज ने एक बच्ची को गोद लिया था, जो उनकी मां और पत्नी के साथ रहती थी।

सुमित अंतिल और विपिन कसाना अस्पताल पहुंचे : नीरज के निधन की खबर मिलने के बाद पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल और पैरा-एथलीट विपिन कसाना जीटीबी अस्पताल पहुंचे। उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सरकारी नौकरी पर भी असर : नीरज ने 2023 में हांगझोउ एशियन पैरा गेम्स में जेवलिन थ्रो और डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीते थे। इसके कुछ दिन बाद डोपिंग मामले में उन पर 4 साल का बैन लगा दिया गया और उनके मेडल छीन लिए गए थे। कोच के मुताबिक, इस कार्रवाई का असर नीरज को मिलने वाली सरकारी नौकरी पर भी पड़ा। उन्होंने बताया कि नीरज के परिवार का खर्च 2018 एशियन पैरा गेम्स में मिली इनामी राशि से चल रहा था।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 29 अक्टूबर, 2026

पाकिस्तान के करीब जा रहे मालदीव राष्ट्रपति, विपक्ष ने चेतायाःकहा- भारत को खतरा लगा तो नतीजा भुगतना पड़ेगा; मुइज्जू ने पाक से 20 समझौते किए

न्यूज इन ब्रीफ

राज्य में 80 तहसीलें सूखाग्रस्त घोषित

जयपुर। कम बारिश और फसल नुकसान के चलते राजस्थान सरकार ने 14 जिलों की 80 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित किया है। इनमें जोधपुर, जालौर, बाड़मेर, जैसलमेर सहित अन्य जिले शामिल हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर छह महीने के लिए राहत प्रावधान लागू किए हैं। इस मानसून प्रदेश में सामान्य से 43 प्रतिशत कम 358 मिमी बारिश हुई। सरकार ने पशुओं के लिए चारा डिपो, राहत शिविर और जिला कलक्टरों को आपात कोष उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन गिरफ्तार

कोलकाता। दुर्गापूजा पास कांड में बंगाल के पूर्व सूचना एवं संस्कृति मंत्री इंद्रनील सेन को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी कार्यालय में पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। आरोप है कि यूनेस्को के नाम का इस्तेमाल कर पूजा प्रीव्यू शो और विशेष प्रवेश पास बेचने में 50-60 करोड़ रुपये की कथित गड़बड़ी हुई। मामले की जांच ईडी और कोलकाता पुलिस कर रही है।

आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान आतंकी ठिकाने का पता लगाकर हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। कंडी क्षेत्र के डोबा गली इलाके से यूबीजीएल के चार गोले, तीन हथगोले, पिका बेल्ट, 101 कारतूस, 16 पिस्तौल कारतूस और एके राइफल के 237 कारतूस मिले हैं। मौके से एके बायोनेट, दो मैगजीन, बैग और ग्राउंड शीट भी बरामद की गई।

मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना के उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ, पीएम सूर्यघर योजना के तहत नहीं देना होगा कोई खर्च

तीन लाख घरों में मुफ्त लगेंगे रूफटॉप सोलर प्लांट, 100 की जगह मिलेगी 150 यूनिट बिजली

सीमा सन्देश # जयपुर।

दीपावली से पहले राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना में पंजीकृत उपभोक्ताओं के लिए बड़ी घोषणा की है। प्रदेश के तीन लाख उपभोक्ताओं के घरों पर अब रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को कोई राशि खर्च नहीं करनी होगी।



सोलर प्लांट लगने के बाद इन उपभोक्ताओं को हर महीने 100 यूनिट की जगह 150 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने बताया कि केंद्र सरकार की पीएम सूर्यघर योजना के तहत राजस्थान को तीन लाख घरों पर सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य मिला है। पहले चरण में मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना में पंजीकृत और 150 यूनिट से कम बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। रूफटॉप सोलर और कुसुम योजना के विस्तार से घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों दोनों को लाभ मिलेगा तथा राजस्थान सौर ऊर्जा क्षेत्र में और मजबूत होगा।

1.1 किलोवाट के प्लांट लगेंगे

राज्य सरकार की ओर से चयनित उपभोक्ताओं के घरों की छत पर 1.1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। इसके लिए पीएम सूर्यघर योजना के तहत केंद्र सरकार से 33 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। शेष राशि का भुगतान संबंधित डिस्कॉम की ओर से किया जाएगा।



योजना की प्रमुख बातें

- तीन लाख उपभोक्ताओं के घरों पर लगेंगे रूफटॉप सोलर प्लांट।
- जयपुर, जोधपुर और अजमेर डिस्कॉम में एक-एक लाख घरों का लक्ष्य।
- उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट लगाने के लिए कोई भुगतान नहीं करना होगा।
- प्लांट के रखरखाव के लिए टेंडर में 10 साल की मेंटेनेंस शर्त शामिल की गई है।
- योजना पर करीब 60 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

मार्च 2027 तक पहला चरण

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पहले चरण में तीन लाख उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया है। जयपुर डिस्कॉम से शुरूआत के बाद जोधपुर और अजमेर डिस्कॉम क्षेत्रों में भी सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य मार्च 2027 तक इस योजना को पूरा करने का है। सोलर प्लांट लगने के बाद जिन उपभोक्ताओं की खपत 150 यूनिट तक होगी, उनका बिजली बिल शून्य हो जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही घरेलू स्तर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

किसानों को मिल रहा लाभ

- 3.50 लाख किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।
- वर्तमान में 27 जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिल रही है।
- सरकार का लक्ष्य 2027 तक सभी जिलों में किसानों को दिन में सिंचाई बिजली उपलब्ध कराना है।

कुसुम योजना से 5500 मेगावाट बिजली उत्पादन : राजस्थान में पीएम कुसुम योजना के तहत भी सौर ऊर्जा उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। योजना के ए और सी कॉम्पोनेंट के तहत लगे सोलर प्लांट से प्रदेश में करीब 5500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

पिछले साल के 14.13 लाख हेक्टेयर के मुकाबले अब तक महज 5.93 लाख हेक्टेयर में ही हो सकी

अल-नीनो का प्रकोप : राजस्थान में रबी फसलों की बुवाई 58 प्रतिशत तक घटी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

खरीफ के बाद अब प्रदेश में रबी फसलों की बुवाई पर भी अल-नीनो का गंभीर संकट मंडराने लगा है। कमजोर मानसून और बिगड़े मौसम चक्र के चलते मिट्टी में नमी की भारी कमी और जलाशयों में घटते जलस्तर ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी 23 अक्टूबर तक के बुवाई आंकड़ों के अनुसार, देश भर में रबी की बुवाई प्रभावित हुई है, लेकिन राजस्थान में हालात बेहद चिंताजनक हैं। प्रदेश में रबी फसलों के कुल रकबे में पिछले साल की तुलना में 58 फीसदी से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस बार बांधों में भी पानी काफी कम है। फसल पकाई को लेकर भी संशय के बादल छाये हुए हैं।



22 प्रतिशत कम बारिश, जलाशयों में पानी कम

मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस मानसूनी सीजन में राजस्थान में सामान्य से 22 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। पड़ोसी राज्य पंजाब में भी बारिश 38 फीसदी कम रही। देश के कुल गेहूं उत्पादन क्षेत्रफल का करीब 31 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान और पंजाब संभालते हैं। सितंबर अंत तक प्रमुख बांधों और नहर प्रणालियों में पानी का स्तर घटने से सिंचाई की उपलब्धता सीमित हो गई है। जमीन में प्राकृतिक नमी न होने के कारण किसान चने और सरसों की अगेती बुवाई से भी कतरा रहे हैं।

8.21 लाख हेक्टेयर घटा फसलों का दायरा

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, राजस्थान में गेहूं, सरसों, चना, जौ, मसूर और मटर जैसी प्रमुख रबी फसलों की बुवाई इस सीजन में काफी पिछड़ गई है। पिछले फसल वर्ष में 23 अक्टूबर तक राज्य में 14.13 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई पूरी हो चुकी थी, जबकि इस बार इसी अवधि तक महज 5.93 लाख हेक्टेयर में ही बुवाई हो सकी है। यानी पिछले साल के मुकाबले सीधे 8.21 लाख हेक्टेयर (करीब 58.07%) क्षेत्र कम दर्ज किया गया है।

गेहूं 59 प्रतिशत गिरा, चने का रकबा भी सिमटा

राष्ट्रीय स्तर पर 23 अक्टूबर तक गेहूं की बुवाई में 59% की गिरावट आई है। देश भर में पिछले साल के 0.27 लाख हेक्टेयर (27,000 हेक्टेयर) के मुकाबले अब तक केवल 0.11 लाख हेक्टेयर (11,000 हेक्टेयर) में ही गेहूं बोया गया है। इसी तरह चना भी 3.77 लाख हेक्टेयर से घटकर 2.21 लाख हेक्टेयर पर सिमट गया है। देश में रबी का कुल रकबा 28.26 लाख हेक्टेयर से घटकर 18.02 लाख हेक्टेयर रह गया है।

आगे सुधार की उम्मीद, उत्पादन लक्ष्य पर संशय

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि राजस्थान समेत उत्तरी राज्यों में गेहूं की बुवाई मुख्य रूप से नवंबर तक चलती है, इसलिए आने वाले हफ्तों में रकबे में बढ़ोतरी संभव है। हालांकि, केंद्र सरकार द्वारा इस फसल वर्ष के लिए तय 12.10 करोड़ टन गेहूं उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पाना कम पानी और सिंचाई संकट के बीच बड़ी चुनौती साबित होगा।

जयपुर; 5 पंचायत समितियों में 69.20 प्रतिशत वोटिंग



जयपुर।

जयपुर में पंचायत चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग बुधवार शाम 6 बजे खत्म हो गई। जिले की 5 पंचायत समितियों में 69.20 फीसदी वोटिंग हुई, जो पहले चरण के मुकाबले ज्यादा रही। सबसे ज्यादा वोटिंग शाहपुरा पंचायत समिति में 72.08 फीसदी हुई, जबकि सबसे कम अमरसर पंचायत समिति 66.75 फीसदी हुई। इसके अलावा आमेर में 68.33%, जालसू में 71.95%, रामपुरा-डाबड़ी में 67.98% वोटिंग हुई है। वहीं पहले फेज में 16 सितंबर को जयपुर जिले में 68.28% वोटिंग हुई थी। जयपुर जिला निर्वाचन शाखा की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण की वोटिंग के लिए 413 पोलिंग बूथ बनाए गए। जहां कुल 277 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 5 पंचायत समितियों में कुल 81 और जयपुर जिला परिषद के 11 वार्ड मेम्बर्स चुने जाएंगे।

इन पंचायत समितियों में वोटिंग : दूसरे चरण में अमरसर, आमेर, जालसू, रामपुरा-डाबड़ी और शाहपुरा पंचायत समितियां है। इन सभी पंचायत समितियों में कुल 81 वार्ड है, जिनमें 247 उम्मीदवार मैदान में हैं। इन पंचायत समितियों में आ रहे जिला परिषद के 11 वार्ड (वार्ड संख्या 11 से 14 और 51 से 57) के लिए भी आज वोटिंग हुई। जिला परिषद के इन 11 वार्डों में 30 उम्मीदवार मैदान में है।

खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए, निर्माण इकाइयों का किया निरीक्षण

पीलीबंगा, कैंचियां एवं गोलूवाला में मिठाइयों के प्रतिष्ठानों की जांच

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

दीपावली के त्योहार के मद्देनजर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में 26 एवं 27 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा दल ने पीलीबंगा, कैंचियां एवं गोलूवाला में संचालित 12 मिष्ठान भंडारों की निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल संग्रहित किए।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा दल ने पीलीबंगा में संचालित मैसर्स सुमन फूड प्रोडक्ट्स से मिल्क केक, मैसर्स लक्ष्मी मिष्ठान भंडार से मावा, मैसर्स मां भगवती जोधपुर स्वीट होम से मावा, मैसर्स अनिल स्वीट्स से पनीर, मैसर्स पीआरपी स्वीट्स एंड केटर्स से रसगुल्ला तथा मैसर्स श्री राधिका जोधपुर मिष्ठान भंडार से रसगुल्ला के सैंपल लिए। इसी प्रकार, कैंचियां में संचालित मैसर्स बालाजी मिष्ठान भंडार से मिल्क केक का सैंपल संग्रहित किया गया।

वहीं, गोलूवाला में मैसर्स महारानी भटियाणी जोधपुर स्वीट्स से मावा बर्फी, मैसर्स बीकानेर मिष्ठान भंडार से सेंटपीस एवं मीठा मावा तथा मैसर्स सुमन मिष्ठान भंडार से मावा के सैंपल लिए गए। इसके अतिरिक्त कैंचियां बस स्टैंड पर बीकानेर से आई एक बस में मैसर्स पवन स्वीट्स के रसगुल्ले के 10 टिन बॉक्स पहुंचने पर खाद्य सुरक्षा दल ने उनके भी सैंपल



संग्रहित किए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए संग्रहित किए गए सैंपल बीकानेर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार एवं संजय कुमार, गार्ड योगेश शर्मा तथा वाहन चालक गुरुशरण सिंह मौजूद रहे।

45 कलस्टरों में किसानों को रुपये 4000 अनुदान



हनुमानगढ़। जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग ने प्रयास तेज कर दिए हैं। राज्य सरकार और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत जिले में कुल 45 कलस्टर तैयार किए गए हैं। इनमें पूर्व के 35 कलस्टरों के साथ इस वर्ष 10 नए कलस्टर शामिल हैं। कृषि अनुसंधान अधिकारी (शस्य) राजेन्द्र बेनीवाल ने बताया कि इन कलस्टरों में चयनित प्रत्येक किसान को 0.4 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती अपनाने पर 4,000 की अनुदान राशि दी जा रही है। किसानों के तकनीकी सहयोग, इनपुट तैयार करने और रिकॉर्ड संधारण के लिए प्रत्येक कलस्टर में 2 कृषि सखियों का चयन किया गया है, जिन्हें केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 5,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है।

- **ब्रह्माकुमारी संस्थान के साथ एमओयू :** प्राकृतिक खेती के प्रसार और उच्च गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण के लिए राज्य सरकार ने ब्रह्माकुमारी संस्थान के साथ एमओयू किया है। इसके तहत जल्द कार्यप्रणाली तैयार कर विभागीय अधिकारियों व किसानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- **मृदा स्वास्थ्य सुधार पर जोर :** अधिकारी बेनीवाल ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से मिट्टी का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है।

टिकाऊ कृषि, स्वस्थ उत्पादन और भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती को दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

नशे के नेटवर्क पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, ड्रग पैडलर्स की सप्लाई चेन तोड़ने के निर्देश

मेडिकल स्टोरों की जांच और स्कूल-कॉलेजों के पास निगरानी बढ़ाने पर जोर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री और नशे के सेवन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन और पुलिस ने कार्रवाई तेज करने की तैयारी की है। जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक में ड्रग पैडलर्स की पहचान करने, मादक पदार्थों की सप्लाई चेन तोड़ने और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. खुशाल यादव तथा जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य की अध्यक्षता में 28 अक्टूबर को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जिले में नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों और प्रभावी कार्रवाई की रणनीति पर चर्चा की।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद, उप पुलिस अधीक्षक करण सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा, आबकारी विभाग की एईओ मधु उज्ज्वल, ड्रग विभाग के अजय कुमार सबल तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विक्रम सिंह सहित शिक्षा विभाग, जीआरपी, आरपीएफ, जिला परिवहन कार्यालय और रोडवेज के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले के विभिन्न उपखंडों के उपखंड अधिकारी तथा समस्त वृत्ताधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसके लिए नारकोटिक्स विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ संयुक्त कार्रवाई करने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान की व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया गया।



कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

बैठक में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए मेडिकल स्टोरों की जांच करने तथा स्कूल-कॉलेजों के आसपास विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। ई-सिगरेट, कोडीन और अन्य नशीली दवाओं के अवैध उपयोग एवं बिक्री के मामलों में भी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

चर्चा अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन से पहले बोले योगगुरु, सनातन धर्म पर लगाए जा रहे आरोपों का करेंगे खंडन

सनातन शास्त्रों के शुद्धिकरण का अभियान शुरू करेंगे : स्वामी रामदेव

हरिद्वार।

पतंजलि विश्वविद्यालय में 29 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन को लेकर दिव्य योग मंदिर, कनखल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान योगगुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की मौजूदगी में सनातन धर्म, शास्त्रों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।

सनातन धर्म को बदनाम करने का षड्यंत्र हो रहा

स्वामी रामदेव ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर षड्यंत्र किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने भगवान राम, सीता, शिव और कृष्ण सहित देवी-देवताओं के बारे में गलत धारणाएं फैलाकर सनातन परंपरा को बदनाम करने का प्रयास किया।



उन्होंने कहा कि प्राचीन ग्रंथों में समय-समय पर हुई मिलावट और गलत व्याख्याओं को दूर करने की आवश्यकता है।

वर्ण व्यवस्था कर्म आधारित

स्वामी रामदेव ने कहा कि सनातन धर्म में सभी जातियां समान हैं और वर्ण व्यवस्था जन्म नहीं बल्कि कर्म आधारित रही है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति ज्ञान, न्याय, सेवा और समाज कल्याण के कार्य करता है, वही अपने कर्म के अनुसार श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि भेदभाव और असमानता सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं।

शुद्धिकरण की योजना

योगगुरु ने कहा कि सनातन धर्म के ग्रंथों में मौजूद प्रक्षेप और गलत व्याख्याओं की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत में लिखा हर ग्रंथ प्रमाणिक शास्त्र नहीं माना जा सकता। आने वाले समय में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण और अन्य ग्रंथों के प्रमाणिक संस्करणों को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा।

प्राच्य विद्या सम्मेलन में जुटेंगे विद्वान

स्वामी रामदेव ने बताया कि 104 वर्ष पुराने अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन में देश-विदेश के संस्कृत विद्वान, धमार्चार्य और संत शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल करेंगे। इसमें करीब 4 से 5 हजार संस्कृत विद्वानों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन गैर राजनीतिक होगा और इसका उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल स्वरूप को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना है।

बारिश-ओलावृष्टि की संभावना

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'अर्णव' का असर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

राजस्थान में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बना अति भीषण चक्रवाती तूफान 'अर्णव' बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश और यनम तट से टकराकर जमीन पर पहुंच गया। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, इसके प्रभाव से प्रदेश में पूर्वी हवाएं सक्रिय होने तथा 29 और 30 अक्टूबर को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की प्रबल संभावना है। इसके चलते प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाने, मेघगर्जन, तेज हवाएं चलने और बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में 29-30 अक्टूबर को बादल छाए रह सकते हैं।

इस दौरान कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश होने के साथ कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। वहीं, 31 अक्टूबर को पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के पूर्वी हिस्सों में भी 29-30 अक्टूबर को मौसम बदलने की संभावना है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528